खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 23°C

हल्द्वानी, रविवार 10 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 350 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

## शाह टाइम्स की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

## उत्तराखण्ड हेरिटेज स्कूल ऑफ़ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीज़

(UHSMAAS) – क्रिएटिंग प्रोफ़ेशनल्स

(श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त)

पता : के.के टावर कारगी चौक, निकट भारत पेट्रोल पम्प, देहरादून

### UTTARAKHAND HERITAGE SCHOOL OF MEDIA & ADVANCED STUDIES

*Courses Offered:*

- होटल मैनेजमेंट
- टूरिज़्म
- पत्रकारिता और जनसंचार

(3 महीने/6 महीने/1 साल)

ADMISSIONS OPEN 2025-2026





Uttarakhand Heritage School of Media & Advanced Studies (UHSMAAS), Ebullient English International Institute (EEII), ABS Coaching Hub
USA certified TESOL, Soft Skills & Capacity Building Trainer, International Educationist, Editor - in - Chief Uttarakhand Heritage Media

Mob.: 9557356148

**Dr. Kanchan Negi**
Founder & Director

### Our Training & Placement Partner: Ebullient English International Institute (EEII)

*- Excel With Excellence -*

We offer
**IELTS/TOEFL/PTE Coaching**

GUARANTEED INTERNATIONAL PLACEMENTS

अंग्रेजी बोलना सीखें मात्र 45 दिनों में

IELTS/TOEFL/PTE coaching is also available

eeii.global

OTHER CERTIFICATE & DIPLOMA COURSES (3 MONTHS / 6 MONTHS / 1 YEAR)

- Event Management
- Photography
- Mass Communication & Journalism
- Film Making & Editing
- Content Writing
- Social Media & Digital Marketing

### DR. KANCHAN'S ABS Coaching Hub

*Success Starts Here*

One stop solution for Academic & Competitive Exams

Mob.: 9557356148

We offer professional coaching for UG Competitive Exams

**Classes 1-12**
All Subjects & Board

**1. FOUNDATION - I**
Classes 11+12+NDA/IIT-JEE/ CLAT / Merchant Navy

**2. FOUNDATION - II**
Classes 12th + NDA/IIT-JEE/ CLAT / Merchant Navy

3. Airforce, Army, Navy, Agniveer (both Tech & Non Tech)

**For Graduates :**

- UPSC (CDSE), AFCAT
- SSC (CGL, JE, CPO)
- SBI PO, IBPS PO, Bank Clerk
- CAT
- SSC (CHSL, GD, MTS)
- Coaching for Law students + Lower Judiciary Exam

ADMISSIONS OPEN

**WHY CHOOSE US??**

- **Main Location:** Clean, safe campus, easily accessible for all students.
- 24x7 CCTV Surveillance
- Highly Qualified & Experienced Faculty
- Exclusive Guest Lectures by serving civil servants, army officers & judges.
- Free Spoken English & Personality Development (PDP) Classes
- SSB Mentorship Program
- Weekly Mock Tests (Online/Offline)
- Library Facility

**ADMISSIONS OPEN**

: @dr_kanchan_abs_coaching_hub
Email : abs.coachinghub@gmail.com
Website : abscoachinghub.com

### YOZU™ Yoga & Zumba



Your Gateway to Health,



Wellness, Harmony & Happiness

Want to become a Yoga Teacher / Trainer ???

Learn 200 hrs of Yoga at "YOZU" & become a Professional Yoga Trainer

KK Tower, Beside Bharat Petrol Pump, Kargi Chowk, Dehradun (UK). Contact Us: 9557356148, 7302712244
email: info.uhsmaas@gmail.com | Website: www.uhsmaas.in | UHSMAAS | Uttarakhand Heritage Media

## संक्षिप्त समाचार

### महिला आईएएस ने होटल कारोबारी पर दर्ज कराई शिकायत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में तैनात एक महिला आईएएस अधिकारी ने थाने पहुंचकर होटल कारोबारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आईएएस अधिकारी ने होटल कारोबारी के खिलाफ अपमानित करने व मानसिक प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवा कांग्रेस ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने शनिवार को धूमधाम से अपना 65वां स्थापना दिवस मनाया और इस मौके पर देशभर में ध्वजारोहण कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने बताया कि संगठन के स्थापना दिवस पर युवा कांग्रेस ने देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। मुख्य कार्यक्रम यहां राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित किया गया, जिसमें युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने ध्वजारोहण किया।

### पीएम ने छात्राओं से बंधवाई राखी

**नई दिल्ली।** त्योहार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर स्कूली छात्राओं से राखी बंधवाई। इस दौरान बच्चे तरह-तरह की राखी लेकर पहुंचे थे। पीएम ने बड़ी ही आत्मीयता के साथ सभी छात्राओं का स्वागत किया और उनके साथ समय बिताया। पीएम ने बच्चों के साथ बात की और और उन्हें प्यार भी किया। बच्चे भी इस दौरान काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने पीएम को कविताएं भी सुनाईं।

## सरकार से सवाल: क्यों रोका गया ऑपरेशन सिंदूर

# वायुसेना प्रमुख के बयान को कांग्रेस ने बनाया मुद्दा

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि वायु सेना प्रमुख का नया खुलासा और भी चौंकाता है और सवाल उठाता है कि आखिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसके दबाव में ऑपरेशन सिंदूर को रोकने का निर्णय लिया। कांग्रेस ने कहा है कि वायु सेना प्रमुख अमर प्रीत सिंह के खुलासे से साफ है कि पाकिस्तान के खिलाफ चल रही सैन्य कार्रवाई के दौरान जब सब कुछ ठीक चल रहा था, तो प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि आखिर किसके दबाव में और अचानक ऑपरेशन सिंदूर रोका गया।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एयर चीफ मार्शल



■ एयर चीफ मार्शल के खुलासे के बाद बोला हमला

अमर प्रीत सिंह द्वारा शनिवार को किए गए नए खुलासे के बाद, यह सब और भी अधिक चौंकाने वाला है कि प्रधानमंत्री ने 10 मई की शाम को अचानक ऑपरेशन सिंदूर क्यों रोक दिया। प्रधानमंत्री पर दबाव कहाँ से आया और उन्हें इतना जल्दी क्यों झुकना पड़ा। गौरतलब है कि वायु सेना प्रमुख ने शनिवार को बेगलुरु में कहा कि भारतीय वायु सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमानों और एक अन्य विमान को मार गिराया था। सिंह के इसी दावे पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को घेरते हुए उनसे सवाल किए हैं।

### चुनाव आयोग पर चर्चा से क्यों डर रही सरकार: मणिक्कम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चुनाव आयोग को लेकर पहले कई बार संसद में चर्चा हुई है, लेकिन यह पहला मौका है, जब सरकार संसद में आयोग की भूमिका को लेकर चर्चा कराने से डर रही है।

लोकसभा में कांग्रेस के मणिक्कम टैगोर ने संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू को संबोधित कर सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि चुनाव आयोग पर संसद में एक बार नहीं कई बार चर्चा हुई है। पिछले 60-65 साल से चुनाव आयोग में सुधार को लेकर बराबर चर्चा चल रही है। श्री रिजिजू को संबोधित अपनी पोस्ट में कांग्रेस नेता ने कहा कि संसदीय कार्यमंत्री जी आप संसद में चुनाव आयोग के कामकाज पर चर्चा की अनुमति देने से क्यों डर रहे हैं। यह कोई नई बात नहीं है, संसद ने दशकों में कई बार चुनाव आयोग के आचरण और चुनाव सुधारों पर चर्चा की है। लोकसभा में बार बार सांसदों ने आयोग को लेकर सवाल उठाए हैं। यहां तक कि 1993 में चुनाव स्थगित करने जैसे मुख्य चुनाव आयुक्त के प्रभावशाली फैसलों पर भी संसद के दोनों सदनों में खुलकर चर्चा हुई थी। टैगोर ने चुनाव आयोग को लेकर संसद में पहले हुई चर्चाओं का विवरण देते हुए कहा कि राज्यसभा में चुनाव आयोग और चुनाव सुधारों पर बहस 1957 से हो रही है। संसद में चुनाव आयोग को लेकर जो प्रमुख चर्चाएं हुई हैं, उनमें चुनाव नियमों को रद्द करना, चुनावों का पुनर्निर्धारण और स्थगन, साल 1970, 1981, 1986, 1991, 2015 में चुनाव सुधारों पर चर्चा, चुनाव में धनबल के प्रयोग और कानूनों में संशोधनों को लेकर हुई चर्चाएं शामिल हैं। सांसदों ने लोकसभा में इन मुद्दों को बार-बार उठाया है।

# भाजपा के संरक्षण में चुनाव आयोग डालता है डकैती

**इटावा।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में चुनाव आयोग वोटो की डकैती डालने में जुटा हुआ है।

अपने गृह जिले इटावा में रक्षाबंधन ने अवसर पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिल कर वोटों की लूट करने में जुटे हुए है। भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग ने वोटो की डकैती की थी और वोटो का अपहरण किया था। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने अयोध्या और कुंदरकी के चुनाव में तय किया कि कौन वोट डालेगा और कौन नहीं। भाजपा के इशारे पर सपा के वोट काटे गए, सपा के पास वीडियो है जिसमें एक एक



■ पत्रकारवार्ता में बोले अखिलेश यादव

आदमी ने छह छह वोट डाले, जबकि हमें लगता था कि चुनाव आयोग न्याय करेगा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर वोटों की चोरी का मामला उठाने वाले सवालों पर अखिलेश यादव ने कहा कि हमेशा चुनाव में यह चिंता रही है कि चुनाव आयोग न्याय करेगा कि नहीं। सबसे बड़ा उदाहरण यूपी के उपचुनाव में देखने को मिला।

# मुजफ्फरनगर, सहारनपुर समेत यूपी के 30 जिलों में आज झमाझम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानसूनी बारिश का सिलसिले के बीच मौसम विभाग ने कल रविवार को प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसका मतलब है कि इन इलाकों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश हो सकती है।

बारिश का यह दौर खासतौर पर मध्य और पश्चिमी यूपी के जिलों को प्रभावित करेगा। लोगों को सलाह दी गई है कि वे खराब मौसम के दौरान सतर्क रहें, सुरक्षित जगहों पर रहें और बिजली गिरने की घटनाओं से बचने के लिए एहतियात बरतें। बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, लखीमपुर खीरी, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, महोबा और ललितपुर में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। जबकि बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, महोबा और ललितपुर में बादलों की गर्जना के बीच बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है।

### यूपी में मानसून शुरू होने के बाद अब तक 10 फीसदी अधिक बारिश

**लखनऊ।** मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश में मानसून की शुरुआत के बाद से 10 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। एक जून से आठ अगस्त तक उत्तर प्रदेश में 10 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई। विभाग के अनुसार राज्य में अब तक सामान्य 416.4 मिमी बारिश के मुकाबले 457.2 मिमी बारिश हुई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्य 443.7 मिमी बारिश के मुकाबले 427.6 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से चार फीसदी कम है।

# चुनाव आयोग ने 334 पंजीकृत दलों के नाम काटे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोगआयोग ने शनिवार को कहा कि चुनाव प्रणाली को स्वच्छ बनाने के क्रम में उसने पंजीकृत एवं गैर- मान्यता प्राप्त (आरयूपीपी) राजनीतिक दलों की सूची से 334 दलों के नाम हटा दिए हैं।

आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्रवाई बाकायदा जांच पड़ताल के बाद की गई है। फिर भी ये दल चाहें तो 30 दिन के अंदर आयोग के समक्ष अपील दायर कर सकते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29ए के प्रावधानों के अनुसार देश में इस समय छह राष्ट्रीय, 67 राज्यस्तरीय और 2854 पंजीकृत एवं गैरमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं। आम




आदमी पार्टी (आप), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट), इंडियन नेशनल कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी को राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता है। नियमत: यदि कोई दल लगातार छह वर्ष तक चुनाव नहीं लड़ता है, तो उसे पंजीकृत दल की सूची से हटा दिया जाता है। पंजीकृत दलों को समय समय पर अनिवार्य रूप से अपने बारे में कुछ विवरण भी देने होते हैं। आयोग ने कहा है कि

■ कोई दल लगातार छह वर्ष तक चुनाव नहीं लड़ता है, तो उसे पंजीकृत दल की सूची से हटा दिया जाता है

■ बिहार में मतदाता सूची के मसौदे पर राजनीति दलों की ओर से एक भी दावा-आपत्ति नहीं: चुनाव आयोग

उपरोक्त नियमों-निर्देशों के अनुपालन के संबंध में उसने जून, 2025 में राज्यों तथा केंद्र शासित क्षेत्रों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों की जांच करने को कहा था। जांच के दौरान इन दलों को नोटिस जारी किए गए थे और बात रखने का मौका भी दिया गया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की रिपोर्ट में पाया गया था कि उनमें से 334 दल पंजीकरण शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं। शेष मामलों को पुन: सत्यापन के लिए अधिका. रियों को वापस भेजा गया है। आयोग ने सभी तथ्यों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की सिफारिशों पर गौर कर 334 आरयूपीपी को पंजीकृत दलों की सूची से हटा दिया है। इस तरह अब सूची में कुल 2854 आरयूपीपी में से 2520 शेष बचे हैं। निकाले गए दल 30 दिन के भीतर आयोग के समक्ष अपील कर सकते हैं। दूसरी ओर चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची के मसौदे को लेकर किसी भी राजनीतिक दल ने अब तक एक भी दावा या आपत्ति नहीं की है। मसौदा सूची पहली अगस्त को अपराह्न तीन बजे जारी की गई थी।



सेंसेक्स 80710.25
निफ्टी 24649.55



सोना रु. 102710
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 117100
प्रति किलो



# छह माह में संचार साथी एप 50 लाख बार डाउनलोड

**नई दिल्ली, वार्ता**

दूरसंचार सुरक्षा बढ़ाने और आम लोगों को सशक्त करने के उद्देश्य से इस साल जनवरी में जारी 'संचार साथी' ऐप को 50 लाख से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने देश की व्यापक भाषाई और क्षेत्रीय विविधता को ध्यान में रखते हुए अंग्रेजी, हिंदी और 21 क्षेत्रीय भाषाओं को सपोर्ट करके ऐप की पहुंच का विस्तार किया है।

इस ऐप ने धोखाधड़ी वाले कॉल और संदेशों की रिपोर्टिंग को और भी आसान बना दिया है। अब यूजर कुछ ही टैप में सीधे अपने कॉल और एसएमएस लॉग से रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं। संचार मंत्रालय की शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि संचार साथी पहल के तहत 5.35 लाख से ज्यादा खोए या चोरी हुए मोबाइल हैंडसेट वापस मिल चुके हैं। आम लोगों की रिपोर्ट के आधार पर एक करोड़ से ज्यादा अनधिकृत मोबाइल कनेक्शन काटे गए हैं और 'चक्षु'




■ हिन्दी, अंग्रेजी समेत 21 क्षेत्रीय भाषाओं में पहुंच का विस्तार

सुविधा के जरिए चिह्नित 29 लाख से ज्यादा मोबाइल नंबरों को निष्क्रिय किया गया है। संचार साथी पोर्टल पर 16.7 करोड़ से ज्यादा लोग विजिट कर चुके हैं, जो इस नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्लेटफॉर्म में जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। दूरसंचार विभाग ने वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (एफआरआई) भी लागू किया है, जो वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम से जुड़े मोबाइल नंबरों का आकलन और वर्गीकरण करता है। यह उपकरण बैंकों, एनबीएफसी और यूपीआई सेवा प्रदाताओं को उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाने में सक्षम बनाता है। परिणामस्वरूप, 34 वित्तीय संस्थानों ने एफआरआई रेटिंग के आधार पर 10.02 लाख बैंक खातों/ भुगतान वॉलेट को फ्रीज कर दिया है और 3.05 लाख खातों में लेन-देन पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। 16 मई 2023 को लॉन्च किए गए पोर्टल की सफलता को आगे बढ़ाते हुए विभाग ने 17 जनवरी 2025 को संचार साथी मोबाइल ऐप लॉन्च किया था, जो उपयोगकर्ताओं को दूरसंचार सुरक्षा सेवाओं तक सीधी और सुविधाजनक पहुंच प्रदान करता है। एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध यह ऐप उपयोगकर्ताओं को अपनी दूरसंचार पहचान की सुरक्षा करने और संभावित धोखाधड़ी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने में सक्षम बनाता है। संचार साथी मोबाइल ऐप की मदद से संदिग्ध धोखाधड़ी संचार की रिपोर्ट की जा सकती है।

## रक्षाबंधन पर सोने-चांदी के दाम में रहा उछाल

**नई दिल्ली।** शनिवार को देशभर में रक्षाबंधन के त्योहार पर सोने चांदी की कीमतों में उछाल दर्ज किया गया है। आज सर्राफा बाजार में 24 कैरेट के भाव में उछाल दर्ज किया गया है। वहीं चांदी की कीमतों में भी उछाल आया है। शनिवार को 24 कैरेट सोने का भाव 1,02,710 प्रति दस ग्राम है। आज चांदी की कीमत भी 1,17,100 रुपये प्रति किलोग्राम रही।

देश के प्रमुख शहरों दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने का भाव 10,347 प्रति ग्राम है। जबकि चंडीगढ़ में 24 कैरेट सोने का भाव 10347 रुपये प्रति ग्राम है और 22 कैरेट सोने का भाव 9486 रुपये प्रति ग्राम है। हैदराबाद में 24 कैरेट सोने का भाव 10332 रुपये प्रति ग्राम है और 22 कैरेट सोने का भाव 9471 हजार रुपये प्रति ग्राम है। जयपुर में 24 कैरेट सोने के भाव की कीमत आज के दिन 10347 रुपये प्रति ग्राम है और 22 कैरेट सोने का भाव 9486 रुपये प्रति ग्राम है। लखनऊ में 24 कैरेट सोने का भाव 10347 रुपये प्रति ग्राम है और 22 कैरेट सोने का भाव 9486 हजार रुपये प्रति ग्राम है।रक्षाबंधन से पहले सोने चांदी की कीमतों में उछाल दर्ज किया गया है। आज सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने के भाव में उछाल दर्ज किया गया है।

## चावल सस्ता, गेहूं और चीनी महंगी, दालों में रही घटबढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिस बाजारों में शनिवार को चावल के दाम घट गए जबकि गेहूं महंगा हो गया। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। चीनी की कीमत बढ़ गई। चावल की औसत कीमत करीब नौ रुपए की नरमी के साथ 3,802.20 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 10 रुपए महंगा हुआ और 2,849.23 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी लगभग 22 रुपए की मजबूती के साथ 3,317.21 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 177 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल में 102 रुपए की गिरावट रही। वनस्पति 14 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। पाम ऑयल 35 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। सूरजमुखी तेल का भाव 61 रुपए और सोया तेल का 104 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत पांच रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल 15 रुपए और तुअर दाल करीब 99 रुपए प्रति क्विंटल लुढ़क गई। उड़द दाल में 44 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं दाल मूंग आठ रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 60 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 31 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : दाल-दलहन: दाल चना 7958.30 रुपए, मसूर काली 8140. 35 रुपए, मूंग दाल 10142.08 रुपए, उड़द दाल 10464.55 रुपए, अरहर दाल 10839.22 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.23 रुपए और चावल 3802.20 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4327. 81 रुपए और गुड़ 4992.58 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड:..**

है। 100 से 150 लोग लापता हैं, वे मलबे में दबे हो सकते हैं। उत्तराखंड के स्वास्थ्य सचिव आर. राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने धराली में घटनास्थल का दौरा किया है और स्वास्थ्य विभाग ने वहां कैंप लगाए हैं। वे उत्तरकाशी जिला अस्पताल भी जाएंगे, जहां कुछ मरीज भर्ती हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और भारतीय सेना की टीमें मिलकर काम कर रही हैं। धराली में 7 से 9 डाक्टर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। 28 एंबुलेंस और बैकअप एंबुलेंस तैनात हैं। 15 में से 4 मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। ज्यादातर लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और राहत-बचाव अभियान अगले 1-2 दिनों में पूरा हो जाएगा। धराली गांव में आपदा से जिनके घर पूरी तरह टूट गए या नष्ट हो गए हैं, उन्हें पुनर्वास या विस्थापन के लिए 5 लाख रुपये की मदद दी जाएगी। इसके अलावा, आपदा में जिनकी मौत हुई है, उनके परिवारों को भी 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। शनिवार दोपहर एक बजे तक कुल 223 लोगों को धराली हर्षिल से आईटीबीपी मातली तथा 107 लोगों को चिन्यालीसौड़ हवाईपट्टी पर पहुंचाया जा चुका है।

**गेम चेंजर...**

कहा कि शुरू में दुश्मन की तरफ से बड़े पैमाने पर मोर्चा बंदी की जा रही थी, लेकिन जब हमारी तरफ से पहली मिसा. इल दागी गई, तो अचानक हमने पाया कि मोर्चा बंदी गायब हो गई। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को हुए नुकसान का विवरण देते हुए वायुसेना प्रमुख ने बताया कि भारत ने दुश्मन के कम से कम पांच लड़ाकू विमानों को मार गिराया। इसके अलावा एक और बड़े विमान को भी सफलतापूर्वक निशाना बनाया गया जो संभवत: एलइन्ट (इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस) या एईडब्ल्यूएंडसी (एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल) विमान था, जिसे करीब 300 किमी की दूरी से मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि यह जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल से सबसे लंबी दूरी पर किसी लक्ष्य को निशाना बनाने का वाकया है। उन्होंने बताया कि भारत ने मुरीद और चकलाला में पाकिस्तान के दो कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, छह छोटे-बड़े रडार और लाहौर तथा ओकाला में दो सर्फेस टू एयर गाइडेड वेपन सिस्टम नष्ट कर दिए। सरगोधा और रहीमयार खान एयरबेस पर पाकिस्तान के दो रनवे को भी भारत ने नेस्तनाबूत कर दिया। इसके अलावा तीन हैंगर भी ऑपरेशन सिंदूर में नेस्तनाबूद कर दिए गए। वायुसेना प्रमुख ने बताया कि एक यूएवी हैंगर को तबाह किया गया।

**राहुल गांधी...**

के सूत्रों ने पत्रकारों के साथ अनौपचारिक रूप से एक खास परिवार के सदस्यों की तस्वीर शेयर की, जिनके हाथ में मतदाता पहचान पत्र थे। इस परिवार को राहुल की फर्जी मतदाताओं की सूची में इसलिए शामिल किया गया था, क्योंकि इसके सदस्यों की तस्वीरें उनकी पार्टी को दी गई मतदाता सूची की प्रति में दिखाई नहीं दे रही थीं। एक्स पर एक पोस्ट में आयोग ने राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि वो हर फ़र्ज़ी मतदाता के लिए शपथ लेकर और मतदाता पंजीकरण नियमों के तहत शिकायत दर्ज कराएं या फिर देश से माफ़ी मांगें। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भी कांग्रेस से इस विवाद पर अपने ज्ञापन के समर्थन में दस्तावेज़ पेश करने को कहा है।

# चुनाव हारते हैं कांग्रेसी, तो मढ़ने लगते हैं आरोप: बीजेपी

**नई दिल्ली, वार्ता**

राहुल गांधी द्वारा फर्जी वोटरों के लगाए गए आरोपों पर बीजेपी ने कड़ा पलटवार किया है। बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर बिना सबूत के चुनाव आयोग पर आरोप लगाने का आरा. ेप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष होने के बाद भी देश की संवैधानिक संस्था पर इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। गौरव भाटिया ने कहा ने कहा कि राहुल गांधी को पूरा देश नेता प्रतिपक्ष कम नेता अपरिपक्व अधिक मानता है। इससे अब ये साफ हो गया है कि अब वो विध्वंसक हो गए हैं।

फर्जी वोटर के मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए गौरव भाटिया ने कहा कि आपको आरोप लगाने का अधिकार है, लेकिन मेरा सवाल ये है कि क्या नेता प्रतिपक्ष संवैधानिक संस्थाओं को धमकी देने लगे हैं? क्या एक नेता प्रतिपक्ष ऐसा कर सकता है, झूठ का कारोबार फैलाने के लिए राहुल गांधी अनर्गल बयान दे रहे हैं।



गैर जिम्मेदार राहुल लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए बयान देते हैं। उन्होंने पूछा कि क्या नेता प्रतिपक्ष संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ जंग छेड़ सकते हैं। भाटिया ने कहा कि ये लोग जब चुनाव हारते हैं, तो कभी ईवीएम, कभी चुनाव आयोग पर आरोप लगाने लगते हैं। ये आरोप लगाते हैं, लेकिन आधिकारिक रूप से शिकायत नहीं दर्ज कराते हैं। जब तथ्यों को लेकर जवाब मांगा जाता है कि शपथ पत्र दीजिए, तो कहते हैं वो मैं नहीं दूंगा। देश में अराजकता, नफरत फैलाना और संवैधानिक संस्थाओं पर बिना किसी तथ्य के आरोप लगाने उनका काम है। बीजेपी ने कहा कि राहुल गांधी की मांग है कि उन्हें रीडेबल फॉर्मेट में वोटर लिस्ट दी जाए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 23°C

हल्द्वानी, रविवार 10 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 350 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 15 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**भाजपा के संरक्षण में चुनाव आयोग डालता है वोटों की डकैती: अखिलेश यादव**
पेज 2



**रमेश बुदिहाल ने रचा इतिहास, एशियाई सर्फिंग स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय**
खेल टाइम्स



**ट्रम्प ने आर्मेनिया-अजरबैजान की जंग खत्म कराई**
पेज 11



**वॉर-2 के कई सीन्स पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची**
बॉलीवुड

# उत्तराखंड: बादल फटने से हर्षिल में बनी झील

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून/उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में पांच अगस्त को बादल फटने के बाद हर्षिल में आई बाढ़ से यहां एक झील बन गई है। वहीं धराली गांव में मलबे में दबे लोगों को खोजने का काम शुरू हो गया है।

भीषण प्राकृतिक आपदा में फंसे कुल 343 लोगों को शनिवार 13.15 बजे तक सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। धराली में मलबे के नीचे रडार से लोगों की तलाश शुरू कर दी गई है, अब तक 1000 टूरिस्ट-श्रद्धालुओं का रेस्क्यू किया जा चुका है। इसके लिए सेना एडवांस पेनिट्रेटिंग रडार का इस्तेमाल कर रही है। इससे खुदाई किए बगैर ही जमीन में दबे लोगों का पता लगाया जा सकता है। पेनिट्रेटिंग रडार जमीन के नीचे एक हाई फ्रीक्वेंसी रेडियो तरंग भेजता है, जहां यह मिट्टी, पत्थर, धातु और हड्डियों को अलग-अलग रंगों के जरिये बताता है। इसके जरिये जमीन के नीचे 20-30 फीट तक फंसे लोगों या शवों की पहचान की जा सकती है। उत्तरकाशी जिले के धराली में 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। खीर गंगा नदी में बाढ़ आने से 34 सेकंड में धराली गांव जमींदोज हो गया था। अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी -शेष पृष्ठ दो पर

**■ धराली में मलबे के नीचे रडार से लोगों की तलाश शुरू, 1000 टूरिस्ट और श्रद्धालुओं का रेस्क्यू**
**■ त्रासदी में मृतकों के परिजनों और टूटे घरों के मालिकों को 5-5 लाख रुपये की सहायता मिलेगी**

### धराली में नुकसान का आकलन शुरू, दो-तीन दिन में होगा मुआवज़े का वितरण : धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि धराली क्षेत्र में आपदा प्रभावित लोगों को त्वरित राहत उपलब्ध कराई गई है। प्रभावित परिवारों को राशन, कपड़े एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि मकान, ज़मीन, खेती और अन्य नुकसान के मुआवजे का आकलन प्रारंभ हो चुका है और अगले दो से तीन दिनों में मुआवज़े का वितरण भी शुरू हो जाएगा। श्री धामी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता घाटी में फंसे हुए सभी लोगों को सुरक्षित निकालना है जिसे लगभग पूरा कर लिया गया है। साथ ही घर, खेत-खलिहान, कृषि और अन्य नुकसान का विस्तृत सर्वे जारी है ताकि शेष मुआवज़ा शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके।

### रॉकेट निर्माता स्काईरूट एयरोस्पेस ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शनिवार को कहा कि निजी रॉकेट निर्माता स्काईरूट एयरोस्पेस ने रॉकेट के प्रथम चरण के मोटर का सफल परीक्षण करने के साथ एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि स्काईरूट एयरोस्पेस के विक्रम-1 रॉकेट के पहले चरण कलाम 1200 मोटर का पहला स्थैतिक परीक्षण श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इसरो ने कहा कि यह विक्रम-1 प्रक्षेपण यान की प्रणालियों के निर्माण एवं प्राप्ति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### भारत छोड़ो आंदोलन के स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महात्मा गांधी के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले सभी वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत छोड़ो आंदोलन के वीरों का साहस और बलिदान देशभक्ति और राष्ट्र की स्वतंत्रता के प्रति समर्पण का एक ज्वलंत उदाहरण है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट एक संदेश में कहा कि हम उन सभी वीरों को कृतज्ञता के साथ याद करते हैं जिन्होंने बापू के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। उनके साहस ने देशभक्ति की एक ऐसी चिंगारी जलाई जिसने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए अनगिनत लोगों को एकजुट किया।

### दिल्ली के अस्पताल में आग लगने से एक शख्स की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा के आनंद विहार इलाके में स्थित कासमास स्पेशलिस्ट अस्पताल में भीषण आग लग गई। इसमें एक शख्स की मौत हो गई है और कई लोग घायल हो गए। आग अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर लगी। इसके बाद 11 मरीजों को खिड़कियों का शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया और नजदीक के पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती कराया गया। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने बताया कि पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार के अस्पताल में दोपहर 12.12 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद 8 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और आग पर काबू पाया।

### रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 में देश का रक्षा उत्पादन बढ़कर 1,50,590 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 1.27 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 18 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि दर्शाता है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय की जारी एक विज्ञप्ति में दी गई है। रक्षा उत्पादन का ताजा वार्षिक आंकड़ा 2019-20 के 79,071 करोड़ रुपये की तुलना में 90 प्रतिशत अधिक है।

### आने-जाने का ट्रेन टिकट बुक करने पर 20% डिस्काउंट

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने त्योहारी सीजन के दौरान भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को बेहतर सुविधा के लिए रियायती राउंड ट्रिप पैकेज योजना शुरू करने की घोषणा की है, जिसके तहत यात्रियों को 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी। रेलवे की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस योजना का उद्देश्य त्योहारों के दौरान भीड़-भाड़ को नियंत्रित करना, बुकिंग प्रक्रिया को सरल बनाना और ट्रेनों का कुशल परिचालन सुनिश्चित करना है। यात्री जाने और वापसी यात्रा की बुकिंग एक साथ करने पर इस योजना का लाभ उठा सकेंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वायुसेना प्रमुख का फिर दावा

# गेम चेंजर साबित हुई एस-400 प्रणाली

बेंगलुरु, वार्ता





**■ कहा- पाकिस्तानी सेना के पांच लड़ाकू सहित छह विमान मार गिराए, सर्विलांस एयरक्राफ्ट को भी तबाह किया**

**एयर चीफ** मार्शल एपी सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना के पांच लड़ाकू विमान सहित छह विमान मार गिराए और इस सफलता तथा दुश्मन के आक्रमण को रोकने में एस 400 प्रणाली गेम चेंजर साबित हुई।

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि चूंकि वे हमारे एयरबेस को निशाना बना रहे थे, हमने पूरे सोच-विचार के बाद निर्णय लिया कि हमें बिना और इंतजार किए जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके विमानों ने हमारी रक्षा प्रणाली को भेदने के प्रयास किया। हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने बेहतरीन काम किया। हाल में खरीदी गई एस 400 प्रणाली गेम चेंजर साबित हुई। इस प्रणाली की रेंज ने लंबी दूरी के ग्लाइड बम जैसे उनके हथियारों से उनके विमानों को दूर रखा, वे उनका इस्तेमाल नहीं कर सके। श्री सिंह ने बताया कि ऑपरेशन के पहले दिन 6-7 मई की रात हमारी हवाई रक्षा प्रणाली की सक्रियता के बावजूद पाकिस्तान के कुछ लंबी दूरी के हथियार हमारी रक्षा को भेदने में सफल रहे थे और कुछ बम हमारे सैन्य इलाकों के काफी करीब गिरे थे। एक बार भारत ने अपने सतह से हवा में मार करने वाले हथियारों का उपयोग शुरू किया, तो दुश्मन के हमले बेअसर हो गए। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रमुख आक्रामक हथियार था ब्रह्मोस: डीआरडीओ प्रमुख

**पुणे।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रमुख समीर कामत ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आत्मनिर्भरता, रणनीतिक दूरदर्शिता और स्वदेशी तकनीकी क्षमता के जरिए अपनी ताकत का उद्घोष था।

कामत पुणे में रक्षा उन्नत तकनीकी संस्थान (डीआईएटी) के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। कामत ने कहा कि पश्चिमी सीमाओं पर बेहद समन्वित और बहुआयामी अभियान केवल सैनिकों की वीरता नहीं दिखाता, बल्कि उस तकनीकी आधार को भी सामने लाता है, जो उनकी मदद कर रहा था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक मिशन नहीं था। यह भारत की आत्मनिर्भरता, रणनीतिक सोच और स्वदेशी तकनीक की ताकत का ऐलान था। यह दुनिया को यह बताने के लिए था कि भारत अपनी सीमाओं की रक्षा अपने ही उपकरणों और तकनीक से कर सकता है।

# मां और सौतेली मां में अंतर गलत: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ कोर्ट ने कहा- पेंशन योजनाओं में 'मां' और 'जैविक मां' में अंतर नहीं किया जाना चाहिए**

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के सौतेली मां को पेंशन लाभ देने से इन्कार करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पेंशन योजनाओं में 'मां' और 'जैविक मां' में अंतर नहीं किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हर मामले को उसके विशिष्ट तथ्यों के आधार पर देखा जाना चाहिए और यह तय किया जाना चाहिए कि बच्चे के जीवन में मां की भूमिका वास्तव में किसने निभाई। मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह ने की। जस्टिस भुइयां ने कहा कि पेंशन मामले में मां का जैविक मां होना जरूरी नहीं है। साल 2010 में वायुसेना ने अपीलकर्ता का विशेष पारिवारिक पेंशन का दावा खारिज किया था। मामले की अगली सुनवाई 18 सितम्बर को होगी।

### एयर इंडिया सिक्योरिटी ऑडिट मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एयर इंडिया की सुरक्षा और रखरखाव मानकों की स्वतंत्र जांच की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। इसमें याचिकाकर्ता नरेंद्र कुमार गोस्वामी ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाने और आईसीएओ से मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी से एयर इंडिया की फ्लीट का ऑडिट कराने की मांग की गई थी।

## दिल्ली में तेज बारिश, दीवार गिरने से आठ की मौत

**■ बारिश के चलते 100 फ्लाइट्स लेट, कुल्लू में बादल फटा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार रात से तेज बारिश जारी है। दिल्ली के जैतपुर थाना इलाके में शनिवार दोपहर घर की दीवार गिरने से 8 लोगों की दबकर मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वहीं, तेज बारिश के चलते 100 से ज्यादा फ्लाइट्स देरी से उड़ान भर रही हैं। कई इलाकों में पानी भर गया है। ऐसे में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग ने शनिवार को दिनभर के लिए मौसम का रेड अलर्ट जारी किया है। इधर, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के शरोद नाले में बादल फटा है। गनीमत रही कि घटना में किसी को चोट नहीं आई।

## कुलगाम मुठभेड़: दो जवान शहीद, दो घायल

श्रीनगर, वार्ता




**जम्मू-कश्मीर** के कुलगाम जिले में मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए और अन्य दो घायल हुए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मुठभेड़ शनिवार को नौवें दिन भी जारी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात अखल वन क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई भीषण गोलीबारी में चार जवान घायल हो गए, जिनमें से दो जवानों ने दम तोड़ दिया। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि घायल जवानों को सेना के श्रीनगर 92 बेस अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दो जवानों की मृत्यु हो गई। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने दोनों जवानों की पहचान लांस नायक प्रीतपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह के रूप में की है। चिनार कोर ने कहा कि चिनार कोर लांस नायक प्रीतपाल सिंह और जवान हरमिंदर सिंह के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करती है। उनका साहस और समर्पण हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। भारतीय सेना गहरी संवेदना व्यक्त करती है और शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता से खड़ी है।

# राहुल गांधी के समर्थन में उतरे पूर्व सीईसी रावत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने कहा: फर्जी मतदाताओं के बारे में शिकायत का इंतजार नहीं, जांच करे चुनाव आयोग**

**नई दिल्ली।** फर्जी मतदाता मामले को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत का भी समर्थन मिल गया है।

पूर्व सीईसी का मानना है कि चुनाव आयोग को बेंगलुरु में फर्जी मतदाताओं के बारे में राहुल गांधी के आरोपों की जांच करनी चाहिए। इस विवाद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जब मैं वहां था, हमारी नीति यह थी कि अगर किसी पार्टी का कोई वरिष्ठ पदाधिकारी कोई आरोप लगाता है तो हम स्वत: उसकी जांच करते और आम आदमी के सामने तथ्य प्रस्तुत करते ताकि व्यवस्था में विश्वास बना रहे। हमने उनसे (पार्टियों से) पहले शिकायत करने के लिए नहीं कहा। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि पिछले साल हुए लोकसभा चुनावों के दौरान बेंगलुरु सेंट्रल संसदीय सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा फ़र्ज़ी मतदाता थे। उन्होंने कहा कि कम से कम एक ऐसा मतदाता, दो मतदान केंद्रों पर पंजीकृत था और उसने दोनों जगहों पर मतदान किया। कांग्रेस नेता ने मतदाता सूची के कुछ हिस्सों की स्लाइड्स दिखाते हुए कथित तौर पर बताया था कि एक ही मतदाता का कई बार पंजीकरण हुआ है, पते गलत हैं। एक कमरे वाले मकान में 80 लोगों का पंजीकरण हुआ है और महादेवपुरा के मतदाता दूसरे राज्यों में भी पंजीकृत हैं। इस विवाद के बारे एक अंग्रेजी अखबार से बातचीत में रावत ने कहा कि जब मैं वहां था, तो हमारी नीति यह थी कि अगर किसी पार्टी का कोई वरिष्ठ पदाधिकारी कोई आरोप लगाता है, तो हम स्वत: उसकी जांच करते और आम आदमी के सामने तथ्य पेश करते ताकि व्यवस्था में विश्वास बना रहे। हमने पार्टियों से पहले शिकायत करने के लिए नहीं कहा। चुनाव आयोग -शेष पृष्ठ दो पर

**मिरगी**
**घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं**

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

**मिरगी के लक्षण**

- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

**मिलने का पता**
**मार्शल चिकित्सा केन्द्र**
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

**नोट** जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# भाइयों की कलाई पर स्नेह की डोर बांधी

## अल्मोड़ा-बागेश्वर में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। बहिनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु की कामना की। भाई ने बहिन को भेंट स्वरूप उपहार दिए और जीवन भर रक्षा करने का बचन दिया। लोगों ने घरों में पकवान बनाए और आस-पड़ोस में इसे प्रसाद के रूप में वितरित किया। इसके अलावा ;षि तर्पण के साथ जनेऊ धारण किया। बागनाथ मंदिर से लेकर अन्य देव मंदिरों में भी लोगों ने पूजा अर्चना की।

इधर दुगनाकुरी तहसील के पुगर घाटी के ग्राम सभा दोफाड़ में जन्योपुन्यो पर्व वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ मनाया गया। गांव के युवा बुजुर्गों ने सामुहिक कार्यक्रम में नया जनेऊ धारण किया। पंडित जगदीश उपाध्याय, नवीन पान्डे ने यजमानों को विधीवत पूजा कराई। इस अवसर पर उमेदसिह, भूपाल सिंह,नंदन कालाकोटी, दिवान सिंह, प्रकाश सिंह, जगदीश सिंह, प्रेम सिंह, दरवानसिह, विनोद सिंह, तमाम गाँव के बुजुर्ग उपस्थित थे। **इधर** बागेश्वर बालीघाट धरमघर के लिए चलने वाली वाहन ट्रेंबलर इस बार भी बहनों के लिए रक्षा बंधन के दिन मुक्त में चली। वाहन मालिक गोलू भाई चालक नैना भाई को सभी बहनों ने राखी बांधकर उनके इस कार्य की सराहना की। इधर आस्था,प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन के पावन पर्व पर गत



वर्षों की तरह इस वर्ष भी देवकी लघु वाटिका मंडलसेरा में पंडित बसंत बल्लभ जोशी द्वारा मंत्रोचार के साथ बहनों ने भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बाधते हुए भाईयों की सुखी दिघ्र स्फल जीवन की कामना के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षों में रक्षा सूत्र बांधे । इस मौके पर किशन सिंह मलड़ा ने सभी भाई- बहनों को शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि गाड़, गधेरे, खनन क्षेत्रों के आस-पास अधिक से अधिक रिंगाल, बांस रोपण कर प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा के साथ ही सफल रोजगार के साधनों को बढ़ाया जा सकता है। जिसके बाद सभी को मिष्टान और पौधे भी भेंट किये गए। इस मौके पर देवकी देवी, रमा देवी, ममता देवी, मनीषा, दीया, ईश्वरा, प्रकृति, प्रभा रौतेला, योगीता, भजन सिंह, प्रशांत सिंह , राम सिंह, शंकर राम, राम चंद्र, वैभव, शौर्य आदि मौजूद थे। **अल्मोड़ा।** जिलेभर में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। वहीं, भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर आजीवन उनकी रक्षा का वचन दिया। शनिवार को जिलेभर में भाई-बहनों ने रक्षाबंधन पर्व प्रेम और विश्वास, धार्मिक व सामाजिक रीति रिवाजों के साथ मनाया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर शुभ मुहूर्त में राखी बांधी। कई भाइयों ने बहनों के घर जाकर राखी बंधवाई। इससे पहले घरों में भी विभिन्न पकवान भी बनाए गए। इधर, अन्य दिनों की अपेक्षा नगर के स्टेशनों में भी चहल-पहल रही, वहीं दुकानें बंद होने से लोगों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा। नगर समेत ग्रामीण इलाकों में सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना के कार्यक्रम हुए। पुरुषों ने भी शुभ मुहूर्त के तहत जनेऊ धारण किया। **अल्मोड़ा।** महिला



कल्याण संस्था की महिलाओं ने अल्मोड़ा के गोरखा हॉल में सेना के जवानों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। इस दौरान महिलाओं ने सिख रेजिमेंट के जवानों की कलाई पर राखी बांधकर उनके दीर्घायु की कामना की। जवानों ने महिलाओं को देश व उनकी रक्षा का वचन दिया। वहीं, महिलाओं ने सेना के अधिकारियों समेत कई जवानों को तिलक किया। आरती उतारने के बाद जवान भाइयों की कलाई में भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक राखी बंधन किया। संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल, मीता उपाध्याय, पुष्पा सती, चंद्रा अग्रवाल, ममता चौहान, अदिति अग्रवाल पांडे, गीता साह, आशा कर्नाटक, रेखा चौहान, अनुराधा अग्रवाल, दीपा सतीश जोशी, मंजू जोशी, प्रीति साह, इंदिरा घांघरिया, ममता कपूर, बिमला तिवारी, हीरा कनवाल, ममता मिश्रा, बीना तिवारी, मीना पांडे आदि रहे।

## रक्षाबंधन पर बहनों ने महापौर दीपक बाली को बांधी राखियां

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** रक्षाबंधन के अवसर पर अनेक बहनों ने महापौर दीपक बाली को राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और सफल राजनीतिक जीवन की कामना की। वहीं महापौर ने भी बहनों को उनके सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी और दिए गए स्नेह और सम्मान के प्रति बहनों का आभार व्यक्त किया। बहनों ने कहा कि हम बहुत खुश है कि बहुत लंबे अरसे के बाद



काशीपुर के अवरुद्ध पड़े विकास को आगे बढ़ाने के लिए शहर को कोई युवा नेता मिला है, जिससे अब उम्मीद जगी है कि हमारा काशीपुर बदल रहा है। महापौर के प्रति बहनों का इतना रुझान था कि शहर की ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र की बहनों और बच्चों ने भी महापौर कार्यालय के साथ-साथ उनके आवास पर पहुंचकर भी उन्हें राखियां बांधी। ब्रह्माकुमारी आश्रम काशीपुर की दीदी चंद्रवती ने मेयर को रक्षासूत्र बांधकर शुभकामनाएं दीं। उधर नगर निगम परिसर में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की बहनों द्वारा लगाए गए राखी के जो स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने हुए थे मेयर दीपक बाली ने इन स्टॉलों का भ्रमण किया और बहनों से संवाद भी किया। दीपक बाली ने कहा कि रक्षाबंधन का यह पर्व केवल एक रस्म नहीं, बल्कि यह रिश्तों के प्रति जिम्मेदारी और आपसी विश्वास की सबसे बड़ी मिसाल है। उन्होंने बहनों से मिली शुभकामनाओं के लिए आभार जताते हुए ईश्वर से उनकी सुख, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की।

## एक नजर

### चार माह बाद बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर।** चैती मेले से चोरी हुई बाईक की पुलिस ने करीब चार माह बाद बाईक चोरी का मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की है। आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में मौहल्ला थाना साबिक न्याज नगर निवासी अनवर पुत्र अब्दुल समद ने बताया कि वह बीती 2 मई 2025 को अपनी स्पलेण्डर प्लस बाईक संख्या यूके18जे 9475 से 10 बजे चैती मेला गया था जहां उसने अपनी बाईक को एक चाट भण्डार के सामने खड़ा किया था, कुछ समय बाद वापस आकर देखा तो वह बाईक वहां नहीं खड़ी थी, जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाईक चोरी का मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की है।

### ज्ञानार्थी की छात्राओं ने बांधी एसपी को राखी

**काशीपुर।** ज्ञानार्थी कॉलेज की छात्राओं ने रक्षाबंधन का पर्व एसपी ऑफिस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह को राखी बांधकर मनाया। इसके साथ ही वहां मौजूद सभी पुलिस कर्मियों को भी राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसपी अभय प्रताप सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के स्नेह का त्योहार नहीं है, बल्कि यह सुरक्षा, विश्वास और कर्तव्य का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल हमेशा समाज की सुरक्षा और सेवा के लिए तत्पर रहता है और छात्रा-छात्राओं को भी अपने जीवन में अनुशासन, सम्मान और देशभक्ति जैसे गुणों को अपनाना चाहिए। उन्होंने छात्राओं की इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक जागरूकता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। इस अवसर पर कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. मनोज मिश्रा, एडमिन आदिल हुसैन, शिक्षिका शादिया नूर, सुप्रिया बिष्ट, साक्षी सिंघल सहित कॉलेज की कई छात्राएं मौजूद रहीं।

### सुबह से ही चटख धूप खिली रही

**बागेश्वर।** जिले में शनिवार को सुबह से चटक धूप खिली रही। दिन भर खिली रही धूप से चट्टानों व मिट्टी के टीलों घुसा बारिश का पानी श्राव होते रहा। जिससे कई जगह चट्टान धंस गए। जिससे जिले की चार सड़कें यातायात के लिए बंद रही। बंद सड़कों में कपकोट पिंडारी ग्लेशियर, बदियाकोट बोर बल्लाडा मोटर मार्ग, धरमघर माझखेत मोटर मार्ग, चेटाबगड़ मोटर मार्ग यातायात के लिए बंद रही। जबकि कमेडी पापे मोटर मार्ग में दिन भर खिली चटक धूप से पहाड़ी चटक गई। जिसका सारा मलवा सड़क में आ गिरा। जिससे कई घंटों तक मोटर मार्ग बंद रहा। हालांकि देर शाम को जेसीपी मशीन द्वारा सड़क में आए मलवे को हटा दिया गया था।

### सत्यापन: अल्मोड़ा में 2093 राशन कार्ड निरस्त

**अल्मोड़ा।** खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से राशन कार्ड सत्यापन अभियान जारी है। इसके तहत आधार कार्डों का सत्यापन कर राशन कार्ड जांचे जा रहे हैं। आय छिपाकर या गलत तरीके से राशन कार्ड बनाने वालों के कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई भी की जा रही है। अल्मोड़ा जिले में राशन कार्डों की धारकों की संख्या 148314 हैं। इनमें अंत्योदय के 13537, गरीबी रेखा से नीचे के 69391 और गरीबी रेखा से ऊपर के 65166 उपभोक्ता सस्ते गल्ले का लाभ ले रहे हैं। खाद्य आपूर्ति विभाग राशनकार्ड के सत्यापन का काम तेजी से कर रहा हैं। अब तक 75 प्रतिशत राशनकार्डों का सत्यापन किया जा चुका है। अप्रैल माह से शुरू हुए अभियान के तहत 9943 कार्डों को सुधार लिया गया है। सत्यापन में खामियां मिलने पर 2093 राशनकार्डों को निरस्त किया है। सस्ते गल्ले की योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को ही योजनाओं का लाभ दिए जाने की योजना है। इधर, जिला खाद्य आपर्ति अधिकारी मुकेश पाल ने बताया कि राशन कार्ड सत्यापन का अभियान अंतिम चरणों में है। अपात्र धारकों के राशन कार्डों को निरस्त किया जा रहा हैं। उपभोक्ताओं से अपील है कि सत्यापन प्रकिया में विभाग का सहयोग करें।

### भाजपाईयों ने मिष्ठान वितरण कर किया स्वागत

**अल्मोड़ा।** हवालबाग ब्लॉक प्रमुख के चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा ने शनिवार को हिमानी कुंडू को ब्लॉक प्रमुख पद के लिए अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया। प्रत्याशी की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं में उत्साह का माहौल रहा। नगर में एक स्वागत एवं मिष्ठान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भारी संख्या में शिर. कत की। प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने कहा कि भाजपा ने हमेशा योग्य और समर्पित कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया है।

### मारपीट मामले में कोतवाली में सौंपी तहरीर

**अल्मोड़ा।** चुनावी रंजिश के चलते एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आठ नामजद समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत सरसों निवासी प्रदीप बिष्ट ने कोतवाली अल्मोड़ा में तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि उसका भाई पंकज कुमार और दोस्त दीपक पाटनी चुनाव परिणाम के बाद वापसी में कोसी बाजार में खड़े थे। इस दौरान आरोपी रोहन कुमार, उसका पिता नंद राम आर्य, नवीन बिष्ट, जगदीश बिष्ट, विरेन्द्र कुमार, सावन चौहान, दिनेश आर्य, राहुल आर्य सहित कई लोगों ने दोनों को घेर लिया। जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडों से एकाएक हमला कर दिया। हमले में भाई और उसके दोस्त के हाथ, पांव और कंधा फ्रैक्चर हो गया। दोनों का उपचार चल रहा है। शिकायतकर्ता ने आरोपियों से जान का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सरकार की नीतियों के विरोध में बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** उत्तरांचल बैंक एम्पलाइज यूनियन जिला उधम सिंह नगर इकाई के बैंक कर्मचारियों ने भारत सरकार और वित्त मंत्रालय के खिलाफ बैच लगाकर अपना रोष और प्रदर्शन किया। सभी बैंकों के कर्मचारी बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा बाजपुर रोड काशीपुर में इकठा हुए और एक सभा की, जिसका संचालन कामरेड सहायक महामंत्री स्वतंत्र कुमार मेहरोत्रा और संयोजक कामरेड महामंत्री सत्यपाल शर्मा व कामरेड उप महामंत्री अर्पित सिंह ने किया। इस दौरान कामरेड मेहरोत्रा ने बताया कि भारतीय सरकार और वित्त मंत्रालय की मनमानी के कारण हम जिन चीजों का विरोध कर रहे हैं उनमें




100 प्रतिशत एफडीआई इन इंश्योरेंस सेक्टर में डिस इन्वेस्टमेंट इन रीजनल रूरल बैंक्स और आईडीबीआई बैंक को प्राइवेट हाथों में ना बेच जाए, कर्मचारी विरोधी नीतियों व नियमों को समाप्त किया जाए, बैंक के ग्राहकों की जमा राशि की पूरी सुरक्षा हो, अनैतिक तत्वों द्वारा ग्राहकों की जमा राशि पर जो हमला हो रहा है उसको तुरंत रोका जाए। इस मौके पर कामरेड अमित कुमार, शोभा शर्मा, हरिओम, राजू सिंह, राजेंद्र कुमार, नंदन गिरी, रमेश जोशी, अंकित कुमार के साथ ही केनरा बैंक यूनियन बैंक, बैंक ऑफ बडौदा, पंजाब नेशनल बैंक, नैनीताल बैंक, सेंट्रल बैंक आदि के सदस्यों ने भाग लिया। सभी सदस्यों ने 11 अगस्त 2025 की आईडीबीआई बैंक की हड़ताल को सही बताते हुए उनका पूरा सहयोग देने के लिए कहा।

## त्योहार ही जोड़ते हैं परिवारों के दिल, अत: मिलकर मनाएं: उर्वशी दत्त वाली

**काशीपुर।** डी-बाली ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती उर्वशी दत्त बाली ने रक्षाबंधन के अवसर पर कहा है कि हमारे त्योहार सिर्फ मिठास और रंगों के लिए नहीं, बल्कि परिवारों के दिलों को जोड़ने के लिए होते हैं। साल भर में हर महीने कोई न कोई त्योहार आता है, ताकि बाज़ारों में रौनक बनी रहे और लोग आपस में मिलते-जुलते रहें। त्योहारों का असली मतलब ही खुशियों का आदान-प्रदान करना और पूरे साल एकता व प्रेम का माहौल बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे परिवार छोटे होते जा रहे हैं, त्योहारों पर अपनों की कमी महसूस होने लगी है। त्योहार तभी पूरे होते हैं जब हम सब मिलकर, हँसकर और प्यार से उन्हें मनाएं। श्रीमती बाली ने खास तौर पर बुजुर्गों से विनम्र अनुरोध करते हुए कहा है कि अगर परिवार में बच्चों के बीच मनमुटाव हो, तो उसमें पानी डालें, मनमुटाव को दूर करें। परिवार को जोड़कर रखें। त्योहारों पर जब पूरा परिवार एक साथ बैठता है वही बुजुर्गों की असली रौनक है।

# कैंचीधाम में भीड़ नियंत्रण की पहल

## प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन ने शुरू किया केयरिंग कैपेसिटी सर्वे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** बाबा नीम करौली महाराज के कैंची धाम में प्रतिवर्ष बढ़ती श्रद्धालुओं की संखया को देखते हुए प्रशासन ने अब भीड़ प्रबंधन की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में केयरिंग कैपेसिटी सर्वे की शुरुआत कर दी गई है जिसके तहत धाम और आस-पास की पर्यटक सुविधाओं, वाहनों की आवाजाही और आवासीय क्षमता का विस्तृत आंकलन किया जाएगा। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मंदिर परिसर व मुखय मार्गों पर सीसीटीवी और एनसीआर कैमरे लगाए गए हैं। इनसे श्रद्धालुओं और वाहनों की वास्तविक समय पर निगरानी की जाएगी साथ



ही स्थानीय गेस्ट हाउस, होमस्टे और पार्किंग स्थलों का भी डाटा जुटाया जा रहा है जिससे भीड़ के दबाव को सटीक तरीके से मापा जा सके। पर्यटन सचिव धीराज गर्बियाल ने बताया कि यह सर्वे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि कितने श्रद्धालु केवल कैंची धाम दर्शन के लिए आते हैं और कितने अन्य पर्यटक स्थलों अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और बागेश्वर की ओर भी रुख करते हैं। इस डेटा के आधार पर धाम की अधिकतम क्षमता तय होगी। पर्यटन सचिव धीराज गर्बियाल ने संकेत दिए कि भविष्य में चारधाम यात्रा की तर्ज पर कैंची धाम में भी दर्शन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था लागू की जा सकती है। इससे श्रद्धालुओं को पहले से समय स्लॉट बुक करने की सुविधा मिलेगी जबकि प्रशासन को भी भीड़ नियंत्रण में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि मानसून सीजन समाप्त होते ही धाम और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटक सुविधाओं को बढ़ाने के लिए नई योजनाओं पर काम शुरू किया जाएगा। इसमें पार्किंग स्थलों का विस्तारए सड़क सुधार तथा आवासीय क्षमता में वृद्धि और स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने जैसे कदम शामिल होंगे।

## दीपक देशवाल ने दी पीएचडी की परीक्षा

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के अर्थशास्त्र विभाग में शोधार्थी दीपक देशवाल ने पब्लिक एक्सपेंडिचर एंड इकोनॉमी ग्रोथ इन हरियाणा विषय पर अपनी पीएचडी की अंतिम मौखिक परीक्षा दी। बता दें दीपक ने अपना शोध कार्य प्रो. पद्म सिंह बिष्ट के निर्देशन में पूरा किया। प्रो. बिष्ट विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष कला रह चुके हैं तथा हाल ही में विभाग से अवकाश प्राप्त कर चुके हैं। दीपक देशवाल प्रो. बिष्ट के 50वें शोध छात्र हैं। मौखिक परीक्षा का संचालन वर्तमान विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष कला प्रो. रजनीश पांडे ने किया। इस अवसर पर डा. नंदन सिंह बिष्ट, डा. ऋचा गिनवाल, डा. दलीप, डा. अमित मेलकानी, डा. अंकिता सहित अनेक शोधार्थी उपस्थित रहे।

# पौधारोपण आंदोलन के 44 दिन पूरे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन शनिवार को 400वें दिन जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुररानी ने कहा कि पौधारोपण अभियान को 400 दिन पूरे हो गए है। शनिवार को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर डीडीहाट में अपने माता पिता के आशीर्वाद के साथ विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। पूर्व प्रधानाचार्य तारा दत्त गुररानी ने कहा कि पौधारोपण अभियान भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि सभी को पौधारोपण कर इस अभियान को सफल करना चाहिए।



डा. आनंद उपाध्याय ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण ही भगवान की सच्ची पूजा है। हम सभी का कर्तव्य है कि पौधारोपण करें। दिनेश गुररानी ने कहा कि आज 400 दिन पूरे होने पर विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि 3 जुलाई 2024 से चले इस पौधारोपण अभियान में अभी तक 60 हजार पौधों का रोपण किया जा चुका है जो कि देश में एक रिकॉर्ड है। उनके नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो चुका है। गुरु रानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा। पौधारोपण कार्यक्रम में लीलावती गुररानी, डा. आनंद उपाध्याय, डा. ममता उपाध्याय, निरंजना गुररानी, हर्षित गुररानी, नवल गुररानी, जयश्री गुररानी, योगिता गुररानी पांडे, अभिषेक उपाध्याय, केतन उपाध्याय, नरेंद्र सिंह तथा निरंजन कु ाल उपस्थित रहे।

## पर्यटन सचिव का आभार जताया

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश गुररानी ने निगम के निदेशक मंडल द्वारा वर्ष 2018 के बाद के संविदा कर्मचारियों के वेतन बढ़ाने, सातवें वेतनमान के तहत एसीपी का लाभ देने तथा 11 फीसदी डीए का एरियर सहित भुगतान करने सहित विभिन्न प्रकरणों का समाधान करने के लिए निगम प्रबंधन के साथ-साथ सचिव पर्यटन धीराज गर्बियाल का आभार प्रकट किया है। गुररानी ने कहा कि पूर्व में संविदा कर्मचारियों का वेतन बढ़ाया गया। वहीं कई समस्याओं का समाधान हुआ, लेकिन मुख्य मांग समान कार्य का समान वेतन व नियमितीकरण का समाधान अभी तक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार को इसका संज्ञान जल्द से जल्द लेना चाहिए।

# 'मातादीन चांद पर' का मंचन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रमुख नाट्य संस्था प्रयोगांक के कलाकारों की ओर से हरिशंकर परसाई कृत इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर व प्रेमियों की वापसी पर आधारित नाटक मातादीन चांद पर का मंचन किया गया।

नाटक के निर्देशक व युवा कलाकार मदन सिंह मेहरा के मुताबिक अब इस नाटक का मंचन सिने अभिनेता स्व. निर्मल पांडे के जन्मोत्सव पर सीआरएसटी इंटर कॉलेज के स्व. जगदीश साह प्रेक्षागृह में 10 अगस्त सोमवार की शाम को 6.30 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नाटक में संगीत नवीन बेगाना का है। प्रयोगाक संस्था के अध्यक्ष प्रमोद बिष्ट ने कहा कि नाटक को लेकर कलाकारों की ओर से वर्तमान में पूरी



तन्मयता से पूर्वाभयास किया जा रहा है।

संस्था के उमेश कांडपाल ने बताया प्रयोगांक संस्था नैनीताल अब तक विभिन्न विषयों पर 10 हजार से अधिक नुक्कड़ नाटकों एवं 30 से अधिक नाट्य प्रस्तुतियों का सफलतापूर्वक आयोजन कर चुकी है। नाटक में मदन मेहरा, अमन कुमार, रोहित वर्मा, योगिता तिवारी, उमेश कांडपाल, नासिर अली, नीरज डालाकोटी, अनवर रजा, कौशल साह जगाती, पंकज रंधावा, विवेक खोलिया, मुकेश धस्माना व आदित्य कुमार द्वारा मुखय भूमिका निभाई जा रही हैं, नाटक के प्रदर्शन में मिथिलेश पांडे, एचएस राणा, अनिल कुमार, हेमंत बिष्ट, जावेद हुसैन, वीरेंद्र साह, यशवंत पडियार, भरत मेहरा द्वारा पार्श्व सहयोग किया जा रहा है।

# अमृत महोत्सव पर मेहंदी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**हल्दूचौड़।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा के अंतर्गत मुख्य सचिव उत्तराखंड और उच्च शिक्षा निदेशालय के आदेशानुसार महाविद्यालय में मेंहदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डा. सीमा श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को मेंहदी और रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से देशभक्ति, तिरंगा, आजादी से सम्बंधित अपनी विभिन्न रचनात्मकता और कलात्मकता को प्रदर्शित करने के साथ ही साथ मेंहदी के माध्यम से 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। मेंहदी प्रतियोगिता में दर्जनों छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें से प्रथम स्थान नवशीन बीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान हिमानी आर्या बीए प्रथम सेमेस्टर, तृतीय



स्थान पर संयुक्त रूप से देवयानी बीए पंचम सेमेस्टर और ईशा उप्रेती एमए प्रथम सेमेस्टर, मधु कुमारी बीकॉम. प्रथम सेमेस्टर ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। मेंहदी प्रतियोगिता के निर्णायक वरिष्ठ प्रोफेसर डा. ललित मोहन पाण्डे, डा. मंजू जोशी और डा. मनोज कुमार जोशी रहे। कार्यक्रम का आयोजन रोवर रेंजर्स, राजनीति विज्ञान विभाग, वाणिज्य विभाग और संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर डा. गीता तिवारी पाण्डे, डा. नीलम कनवाल, डा. हेमलता गोस्वामी, डा. भगवती देवी, डा. सुनीता भण्डारी, गिरीश चन्द्र पाण्डे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डा. हेम चन्द्र पाण्डे, डा. मंजू जोशी, डा. गीता तिवारी पाण्डे, डा. मनोज कुमार जोशी के द्वारा किया गया।

# स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया

## अगस्त क्रांति दिवस पर ऐतिहासिक जिला कारागार में हुए कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर ऐतिहासिक जेल अल्मोड़ा में अगस्त क्रांति दिवस मनाया गया। इस मौके पर नेहरू वार्ड में राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदानों का याद किया गया। शनिवार को जिला कारागार में आयोजित अगस्त क्रांति दिवस पर मुख्य अतिथि पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष महेश परिहार, एसडीएम संजय कुमार ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि सभी को अपने हृदय में संकल्प लेकर देश हित के लिए कार्य करने चाहिए। पूर्व विस उपाध्यक्ष चौहान ने कहा कि देश की आजादी के लिए हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी के सम्मान को बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों को अपने अपने कर्तव्यों का




पालन करना चाहिए, उनके आदर्शों का सम्मान करना चाहिए। एडीएम ने कहा कि नौ अगस्त का दिन भारत छोड़ो आंदोलन की अगस्त क्रांति में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सैनानियों को याद करने का दिन है। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भारत छोड़ो आंदोलन के इतिहास, तत्कालीन परिस्थितियों आदि के बारे में अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर गिरीश मल्होत्रा, जेल अधीक्षक जयंत पांगती समेत कई लोग मौजूद रहे। अगस्त क्रांति दिवस पर अल्मोड़ा जेल में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर छात्रों ने देश भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को तालियां बजाने में मजबूर कर दिया। वहीं, छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी।

**अल्मोड़ा।** अगस्त क्रांति दिवस 'भारत छोड़ो आंदोलन' की 83वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को अल्मोड़ा स्वतंत्रता सेनानी संगठन ने जीबी पंत पार्क में देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि आज ही के दिन महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की थी और देश में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूक दिया था। जिसमें उत्तराखंड के भी हजारों देश भक्त स्वतंत्रता सेनानी शामिल हुए। अगस्त क्रांति दिवस इस वर्ष संगठन द्वारा उत्तरकाशी के धराली में हुई आपदा को देखते हुए सूक्ष्म रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के अंत में उत्तरकाशी के धराली में आई आपदा के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर दो मिनट का मौन रखकर श्रदांजलि अर्पित की गई।

# कटा सिर और हाथ मिला, कत्ल का राज़ खुला

## अमित हत्याकांड का खुलासा: कुकर्म में नाकाम होने पर निखिल जोशी ने उतारा मौत के घाट

**गला घोंट कर की हत्या, सिर और हाथ धारदार हथियार से किए अलग लाश के टुकड़े-टुकड़े कर फेंकने की फिराक में था हत्यारोपी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार पश्चिमी खेड़ा में 10 साल के मासूम अमित मौर्या हत्याकांड का पुलिस ने छठे दिन खुलासा कर दिया है। शक के आधार पर पहले दिन से ही हिरासत में लिया गया निखिल जोशी ही हत्यारोपी निकला जिसने कुकर्म की कोशिश नाकाम हो जाने के बाद अमित को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने शनिवार को खुलासा करने से पूर्व अमित मौर्या का सिर और हथेली निखिल के घर के पीछे बनी गौशाला से बरामद कर पूरे मामले का पर्दाफाश किया। हालांकि पुलिस आलाकत्ल बरामद नहीं कर पाई है। निखिल के परिवार की इस हत्याकांड में कोई संलिप्तता नहीं पाई गयी। पुलिस ने हत्यारोपी को जेल भेज दिया है।

बहुउद्देशीय भवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि विगत 4 अगस्त को खूबकरन मौर्या मूल निवासी जिला बरेली हाल निवासी पश्चिमी खेड़ा गौलापार का पुत्र दस वर्षीय अमित दोपहर में घर से कोल्डड्रिंक लेने निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अमित के पिता ने थाना काठगोदाम में अमित की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और बालक की छानबीन शुरू की। प्रकरण की विवेचना उ.नि. रविन्द्र सिंह राणा द्वारा प्रारंभ की गई। एसएसपी ने बताया कि मेरे द्वारा उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र खुलासे हेतु अलग-अलग 3 सर्च टीम बनाई गई। 5 अगस्त को लापता बालक का शव वहीं के निवासी मोहन चन्द्र जोशी के बाड़े में एक प्लास्टिक के कट्टे में एक गड्ढे के अंदर दबा पाया गया। बालक के शव से सिर और दाहिने हाथ की हथेली गायब थी। एसपी सिटी हल्द्वानी प्रकाश चंद, एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्रा, सीओ नितिन लोहनी, सीओ भवाली प्रमोद शाह, सीओ रामनगर सुमित पांडे की सर्च टीम बालक के सिर और दाहिने हाथ की बरामदगी एवं अभियुक्तों की तलाश हेतु गठित की गईं। खोज के दौरान टीमों द्वारा आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों का गहन अवलोकन किया गया, साथ ही डॉग स्क्वॉड, ड्रोन कैमरा एवं एफएसएल टीम की सहायता ली गई तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। एसएसपी ने बताया चूंकि इस जांच पड़ताल में सामने आया कि निखिल जोशी अमित मौर्या को अपने साथ ले जाता दिख रहा है। निखिल से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो पहले तो उसने तांत्रिक क्रियाओं की ओर घटनाक्रम को मोड़कर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। एसएसपी ने बताया कि निखिल न सिर्फ शातिर है बल्कि मानसिक स्थित भी उसकी जटिल है। गुत्थी सुलझाने के लिए मनोचिकित्सक डा. युवराज पंत की सहायता ली गयी। आखिरकार और गहन पूछताछ के बाद आरोपी 38 वर्षीय निखिल जोशी ने कुबूल किया कि वो बालक को घिनौनी मंशा से अपने साथ लाया था। बच्चे के विरोधा करने पर उसने उसका गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को बाड़े में गड्ढे के अंदर दबाया तथा सिर और दाहिना हाथ गोठ में कबाड़ के नीचे गाड़ दिए। अभियुक्त की निशानदेही पर उसी गोठ से बालक की चप्पल, सिर एवं कटा हुआ दाहिना हाथ बरामद किया गया। मामले का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को कुमाऊं आईजी ने पांच हजार और एसएसपी मीणा ने ढाई हजार रुपये ईनाम देकर पुरस्कृत किया है।






### आलाकत्ल बरामद नहीं कर पाई पुलिस

**हल्द्वानी।** पुलिस के खुलासे ने यह तो स्पष्ट कर दिया है कि मासूम अमित की हत्या किसी तंत्र मंत्र के लिए नहीं की गयी थीं निखिल ने उसे घिनौनी हरकत को अंजाम देने का विरोध करने पर मार डाला, लेकिन शायद पुलिस निखिल का मुंह पूरी तरह से नहीं खुलवा पाई है। क्योंकि अमित के सिर और हाथ को जिस हथियार से काटा गया उसे पुलिस बरामद नहीं कर पाई है। हालांकि एसएसपी का कहना है कि जांच यहीं पर समाप्त नहीं हुई है। सिर और हाथ बरामद कर लिया गया है, और जल्द ही आलाकत्ल भी बरामद कर लिया जाएगा।

### नरबलि की ओर इशारा करते रहे साक्ष्य, कम शातिर नहीं निखिल

**हल्द्वानी।** निर्दयीता के साथ किए गए मासूम अमित के कत्ल का मामला बिल्कुल उलट निकला। हालांकि आशंका थी कि 'गलत इरादे' से भी हत्या को अंजाम दिया गया हो सकता है, लेकिन और बहुत से तथ्य ऐसे थ जो सीधे तौर पर बलि की ओर इशारा कर रहे थे। जैसे कि सिर और हाथ धड़ से अलग करना, लाल कार में तांत्रिक का होना जैसी बीतें पुलिस की जांच को किसी एक एंगल तक सीमित नहीं होने दे रही थीं। बहरहाल पुलिस टीमों ने बड़े ही संयम से काम लिया और 6 दिन बाद जो राज़फाश हुआ उसकी भी सम्भावना जताई ही जा रही थी। पुलिसिया पूछताछ में निखिल ने भी इसमें कोई कसर नहीं छोड़ी। गिरफ्तार आरोपी निखिल जोशी ने अमित को किसी काम के बहाने से अपने साथ लिया और घर पहुंचा तथा उसके साथ घिनौना काम करने की कोशिश की लेकिन अमित ने इसका विरोध किया तो निखिल ने उसका गला घोंट दिया तथा किसी धारदार हथियार से उसका सिर तथा दाहिने हाथ की हथेली काटी तथा धड़ को एक कट्टे में रखकर अपने ही घर के पीछे आड़े में गड्ढा खोदकर दबा दिया और सिर तथा हथेली को गौशाला में। पुलिस को सिर और हथेली ढूंढने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस के लिए यह केस एक भयंकर चुनौती के रूप में सामने आया। ऊपर से जनदबाव। फिर भी पुलिस टीमों ने संयम बरता और मामले पर से पर्दा उठाया। रही बात बलि की तो बालक का सिर और हाथ काटना इस ओर इशारा करने के लिए काफी था। इसलिए सबसे प्रबल आशंका जो उठी वो बलि दिये जाने की ही थी। पुलिस अपना काम कर रही थी और इस बीच तमाम बातें निकलकर सामने आती रहीं। लाल कार, तांत्रिक, निखिल का परिवार तंत्र मंत्र में विश्वास करता है आदि-आदि तमाम बातें चलती रहीं। पुलिस के अनुसार निखिल ने कुबूल किया है कि उसने गलत इरादे से अमित को किसी काम के बहाने से अपने साथ लिया और जब उसने घिनौनी हरकत को अंजाम देना चाहा तो अमित ने विरोध किया, जिसके बाद उसने अमित का गला घोंटा और सिर तथा हाथ काटकर जल्दबाजी में अपने ही घर के पीछे गोट में अलग-अलग ठिकाने लगा दिया। निखिल की मंशा यह भी रही होगी कि वो बाद में अमित के शव के और छोटे-छोटे टुकड़े करके उन्हें कहीं और फेकेगा। आरोपी निखिल का मुंह खुलवाने के लिए पुलिस को मनोचिकित्सक का सहारा लेना पड़ गया। निखिल का भले ही कोई आपराधिक रिकॉर्ड अब से पहले न रहा हो, लेकिन उसके शातिरपन से पुलिस भी हैरान थी। निखिल तांत्रिक क्रियाओं की ओर घटनाक्रम को मोड़कर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करता रहा।

### सर्च ऑपरेशन में शामिल पुलिस टीम

सीओ नितिन लोहनी, कोतवाल राजेश कुमार यादव, थानाधयक्ष काठगोदाम पंकज जोशी, उ.नि. अरुण सिंह राणा, हे.कानि. प्रताप गड़िया, कानि. कमल बिष्ट, कानि. अनिल कुमार, कानि. अनिल गिरी, कानि. चन्द्रशेखर मल्होत्रा।

सीओ रामनगर सुमित पाण्डे, लालकुआं कोतवाल दिनेश सिंह फर्त्याल, थानाधयक्ष बनभलपुरा सुशील कुमार, उ.नि. मनोज यादव, मनोज कुमार, कानि. अशोक रावत, कानि. नवीन राणा, कानि. प्रदीप सिंह, कानि. शिवम कुमार।

सीओ भवाली प्रमोद शाह, थानाधयक्ष भीमताल विमल मिश्रा, थानाध्यक्ष मुखानी दिनेश जोशी, उ. नि. भुवन सिंह राणा, हे.कानि. रामानन्द सागर, कानि. कारज सिंह, कानि. महबूब अली, कानि. ललित आगरी, कानि. भानू प्रताप।

**सर्विलांस टीम**

प्रभारी एसओजी संजीत राठौड़, उ. नि. भूपेंद्र मेहता, फिरोज आलम, हे. का. इसरार, कां. सन्तोष बिष्ट, कां. अरुण राठौर, कां. भूपेन्द्र जेष्ठा, कां. अरविंद बिष्ट, दिनेश नगरकोटी, धीरेंद्र अधिकारी, भानु प्रताप।

**फॉरेंसिक टीम**

उ.नि. त्रिवेणी प्रसाद जोशी, कांस्टेबल निर्मल बिष्ट, कांस्टेबल राजेंद्र दोसाद।

**एफएसएल टीम रुद्रपुर**

वैज्ञानिक अधिकारी कुमारी सोनी
फोटोग्राफर दीपक चौहान
लैब असिस्टेंट सीमा
कांस्टेबल बंशीधर जोशी
कांस्टेबल मनीष मेहरा।

## आरटीआई कार्यकर्ता समेत तीन लोगों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आरटीआई एक्टीविस्ट भुवन पोखरिया पर एक और मुकदमा दर्ज हो गया है। इस बार वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी ने भुवन और उनके दो साथियों पर मुकदमा दर्ज कराया है। मामला आरक्षित वन क्षेत्र में अतिक्रमण ढहाने गई वन टीम से जुड़ा है। आरोप है कि भुवन और उसके साथियों ने सिर्फ वन कर्मियों से अभद्रता की, बल्कि कोर्ट के आदेश के बावजूद अतिक्रमण नहीं ढहाने दिया। बता दें कि इससे पहले चोरगलिया पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। तब उन्होंने अपने साथ मारपीट की झूठी कहानी गढ़ी थी। नंधौर वन क्षेत्र के वन क्षेत्राधिकारी लक्ष्मण सिंह मर्तोलिया ने चोरगलिया पुलिस को बताया कि 7 अगस्त को वह वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ नंधौर ब्लॉक के आरक्षित वन भूमि में किए गए अतिक्रमण को हटाने गए थे। आरोप है कि कार्रवाई की सूचना पाकर उमेदपुर चोरगलिया निवासी भुवन पोखरिया पुत्र पीताम्बर दत्त, लाखनमंडी चोरगलिया निवासी प्रकाश पाण्डेय पुत्र गोविंद बल्लभ पांडेय और नयागांव कटान चोरगलिया निवासी महेश जोशी मौके पर पहुंच गए। उक्त लोगों ने टीम का विरोध किया, अभद्रता और गाली-गलौज की। वन क्षेत्राधिकारी का कहना है कि वह न्यायालय के आदेश के बाद मौके पर अतिक्रमण ढहाने पहुंचे थे। बावजूद इसके उक्त आरोपियों ने विभागीय कार्यवाही में बाधा पैदा की। लोगों को विभागीय कार्यवाही का विरोध करने के लिए उकसाया, जिसके कारण अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी। चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# कमिश्नर ने महिला बंदियों से बंधवाई राखी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूरे देश की तरह हल्द्वानी में भी भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में हल्द्वानी जेल में विशेष आयोजन किया गया, जिसमें कुमाऊं कमिश्नर एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने महिला बंदियों के साथ यह पावन पर्व मनाया। इस अवसर पर कुमाऊं कमिश्नर की धर्मपत्नी विजेता रावत, जेल अधीक्षक प्रमोद पांडेय समेत जेल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। श्री रावत ने जाने-अनजाने अपराध में बंद महिला बंदियों से राखी बंधवाई और उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि यथासंभव मदद की जाएगी। उन्होंने बताया कि कई महिला बंदियों के भाई इस बार राखी पर उनसे मिलने नहीं आ सके, ऐसे में उनकी भावनाओं को समझते हुए उन्होंने स्वयं जेल आकर उनके साथ यह पर्व मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर कुमाऊं कमिश्नर ने हल्द्वानी जेल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने देखा कि महिला और पुरुष बंदी जेल परिसर में पेंटिंग, बढ़ईगिरी (कारपेंटरी) और अन्य उत्पादक कार्यों में संलग्न हैं, जिनसे उन्हें आर्थिक आमदनी होती है। साथ ही, उन्हें इन कार्यों का डिप्लोमा भी प्रदान किया जाता है, जिससे उनकी रिहाई के बाद पुनर्वास और आत्मनिर्भरता में सहायता मिलेगी। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक प्रमोद पांडेय भी मौजूद रहे। श्री रावत ने इन गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल बंदियों को समाज की मुख्यधारा में लौटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



## दो बाइक चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस ने चोरी की तीन मोटरसाइकिलों समेत दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता प्राप्त की है। 11 जुलाई को हसरत अली शाह निवासी गौजाजाली उत्तर, थाना बनभूलपुरा ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस वाहन चोर की तलाश में जुट गई। खुलासे के लिए एक टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज और सतत प्रयासों से अभियुक्तों की पहचान की जिसके बाद पुलिस टीम ने गौला बाईपास रोड स्थित यात्री विश्राम गृह के पास से दो शातिर चोरों सुनील राजपूत और देव विश्वास उर्फ देबू को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस पकड़े गए वाहन चोरों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। पुलिस टीम एसआई मनोज यादव, कां. महबूब अली, दिलशाद अहम, सुनील कुमार शामिल रहे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन के 100 साल पूरे

## परिवर्तन कामी छात्र संगठन ने प्रभातफेरी निकाली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काकोरी ट्रेन एक्शन की ऐतिहासिक घटना को 100 साल पूरे होने के अवसर पर हल्द्वानी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार की सुबह 5 बजे से मुखानी चौराहे से लेकर दमुवाढूंगा पनचक्की चौराहे तक एक प्रभात फेरी निकाली गई। इस फेरी के बाद एक सभा का आयोजन भी किया गया, जिसमें कई प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। सभा में पछास से चन्दन ने अपने वक्तव्य में कहा वर्ष 2025 में काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना को 100 साल पूरे हो रहे हैं। इस घटना को अंजाम देने वाले वीर क्रांतिकारियों ने देश को बराबरी पर आधारित समाज बनाने और इसके लिए ब्रिटिश शासकों से आजादी हासिल करने का संकल्प लिया था। उन्होंने आगे कहा कि 9 अगस्त 1925 को घटी इस घटना ने ब्रिटिश साम्राज्य को हिला दिया था और यह उनके ताबूत की आखिरी कील साबित हुई। इन शहीदों के संघर्ष से इतिहास भरा पड़ा है। कार्यक्रम में क्रालोस के टीआर पांडे ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा आजाद भारत में भी देश के सामने वही सवाल खड़े हैं, जो कभी क्रांतिकारियों के समय थे। क्या इस देश में वाकई में बराबरी है? शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास आदि मुद्दों पर बात करते ही उसकी सच्चाई सामने आ जाती है। आज भी सरकार जाति-धर्म के नाम पर फूट डालो और राज करो की नीति पर चल रही है। बड़े पूंजीपतियों के हाथों देश की मेहनतकश जनता का शोषण हो रहा है। इन शहीदों के सपनों का भारत बनाने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। प्रभात फेरी और सभा में क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के सदस्य मोहन मटियाली, शेखर, रियासत, टीआर पांडे, रहीस, अशोक कुमार, महेश, उमेश पांडे, हेमा, चन्दन आदि ने भाग लिया। सभा के अंत में अशफाक-उल-रहमान और राम प्रसाद बिस्मिल का प्रसिद्ध गीत सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है गाया गया।




# रक्षाबंधन पर श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में श्रावणी उपाकर्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रक्षाबंधन के अवसर पर श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में श्रावणी उपाकर्म कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित साकेत पाठक और दीप चंद्र जोशी ने पंचांग कर्म और सप्त ऋषियों का तर्पण करके की। इसके बाद नव यज्ञोपवीतों की प्रतिष्ठा की गई और यजमानों को यह धार्मिक तावीज पहनने का अवसर मिला। इस धार्मिक आयोजन में महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष मोहन गिरी गोस्वामी, तारा चंद गुरूरानी, अशोक वार्ष्णेय, कृष्ण चंद्र बेलवाल, पंकज उप्रेती, धीरज उप्रेती, डा. गोपाल दत्त त्रिपाठी, डा. मोहित जोशी, सुरेश पंत, कीर्ति चंद्र कलौनी सहित कई लोग मौजूद रहे। इधर, मां गिरिजा विहार कमलुवागांजा स्थित मां गिरिजा देवी मंदिर में जनेऊ पूजन श्रावणी उपाकर्म का आयोजन किया गया। ग्राम खन्तोली के तमाम लोग सुबह से ही मंदिर में जुटने लगे। सभी भक्तजनों ने विधि विधान से वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ घर पर बने हुए अपने जनेऊ का पूजन संपन्न कराया तथा सभी लोगों ने सामूहिक रूप से मंदिर में जनेऊ धारण किए। पंडित डा. प्रकाश रूवाली और पंडित ललित मोहन कोठारी ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधिविधान से पूजन संपन्न कराया।



# सेना के जवानों को राखी बांधी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू और सदस्य दिव्यांशी जोशी के नेतृत्व में संस्था के महिला पदाधिकारियों ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर भारतीय सेना के जवानों को राखी बांधने का अनूठा आयोजन किया। यह कार्यक्रम हल्द्वानी आर्मी कैंट में आयोजित हुआ, जहां सेना के जवानों को राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान पूर्णिमा रजवार, योगिता बनोला, बलराम हालदार, मनीष साहू, रोहतास प्रजापति, सूरज कुम्हार, दीपक कुमार', मीना जोशी, दिव्यांशी जोशी, पूजा जोशी, रिंकी गुप्ता, अंशिका साहू, धर्मा बिष्ट, रेनू कांडपाल, पूनम गुप्ता, जया जोशी', दीपा रावत, एकता कुमारी, प्रीति गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# राखी से सजी भाइयों की कलाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में रक्षाबंधन का का पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बहिनों ने भाईयों की कलाईयों पर राखी बांधकर उनके दीर्घायु की कामना की वहीं दूसरी ओर भाईयों ने भी बहिनों की रक्षा का संकलप लिया।

इस दौरान भाईयों ने अपनी बहिनों को उपहार दिए। रक्षा बंधन के चलते सुबह से ही नगर के सभी बाजारों में खूब रौनक देखने को मिली। विशेषकर राखियों, मिठाइयों और उपहारों की दुकानों में भीड़ अधिक देखने को मिली। इस मौके पर कई परिवारों ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ इको फ्रैंडली और बीज वाली राखियां भी बांधीं। नगर के मंदिरों में भी अन्य दिनों की तुलना में भीड़-भाड़ नजर आयी, इसके साथ ही रक्षाबंधन पर्व पर घरों में विशेष व्यंजन बनाए गए। दूसरी ओर जिले के ज्योलीकोट स्थित संत एंथोनी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने एसएसबी जवानों तथा पुलिस कर्मियों व स्थानीय दुकानदारों और जनप्रतिनिधियों को हस्तनिर्मित राखी बांधी और रक्षा बंधन की बधाईयां दी। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिकाओं ने भी सहयोग किया। नव निर्वाचित ग्राम प्रधान नवल कुमार, हरगोविंद रावत ने विद्यालय और छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।



# एक लाख 93 हजार ठगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महज 49 रुपए की कीमत से शुरू होने वाला पिज्जा एक व्यक्ति को 1 लाख 93 हजार रुपये का पड़ गया। हुआ यूं कि एक व्यक्ति ने पिज्जा ऑर्डर किया और फिर ऑर्डर कैंसिल भी कर दिया। पिज्जा के लिए दी गई रकम वापसी के लिए उसने कस्टमर केयर को फोन किया और कॉल जालसाज को लग गई। उसने पीड़ित को झांसे में लिया और पलभर में खाते से 1.93 लाख रुपए साफ कर दिए। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देवलचौड़ बंदोबस्ती महाकालिका विहार कालोनी निवासी भगवान सिंह पुत्र बली सिंह ने पुलिस को बताया कि वह ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मदान फार्मा में काम करते हैं, जहां तिकोनिया नवाबी रोड निवासी दिनेश चौहान पुत्र हरीश सिंह चौहान भी काम करता हैं। बीती 15 जुलाई को दिनेश ने ऑन लाइन पिज्जा आर्डर किया था, जिसे थोड़ी देर बाद कैंसिल कर दिया गया। रिफंड पाने के लिए दिनेश ने गूगल पर उस कंपनी का कस्टरमर केयर नम्बर खोजा, जिसके जरिये उसने पिज्जा ऑर्डर किया था। कस्टमर केयर के लिए जिस पर नंबर पर दिनेश ने फोन किया, वो साइबर क्रिमिनल को लग गया। खुद को कस्टरमर केयर अधिकारी बता कर जालसाज ने वीडियो कॉल कर स्क्रिन शेयर करने, फिर गूगल पे पर बैलेंस चेक करने को कहा। फिर बोला कि आपके गूगल पे पर दिक्कत आ रही है, आप किसी और की यूपीआई आईडी दो। दिनेश ने भगवान सिंह की यूपीआई आईडी दे दी। इसके बाद फिर मोबाइल की स्क्रीन शेयर हुई, फोन पे ओपन पर बैलेंस चेक करने को कहा गया और इसके बाद खाते से 7 बार मे 1,93,000 रुपये कट गए। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले में तहरीर मिली थी, जिसे साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन को ट्रांसफर कर दिया गया है।

## मजदूर का घर जलकर राख

**हल्द्वानी।** मल्ला चौफुला वार्ड-37 निवासी एक मजदूर के घर में आग लगने से हड़कंप मच गया। घर में रखा पूरा सामान खाक हो गया। परिवार ने शॉर्ट सर्किट से आगजनी की घटना होने का दावा किया है। विधाकय सुमित हृदयेश से परिवार से फोन पर बात कर हरसंभव मदद का भरोसा दिया। वार्ड-37 निवासी किशन राम ने बताया कि शुक्रवार दिन में एकाएक घर के भीतर आग भड़क गई। गनीमत रही कि घर में कोई मौजूद नहीं था। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। आग लगने से घर में रखे टीवी, कपड़े, वाशिंग मशीन समेत जरुरत का पूरा सामान खाक हो गया। पीड़ित ने बताया कि उनकी बहू स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में थी। जिस कारण पूरा परिवार वहीं गया हुआ था। सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू गोस्वामी ने घटनास्थल पर जाकर विधायक से पीड़ित परिवार की बात कराई।

# बेटियों ने राज्यपाल की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** रक्षाबंधन पर्व पर हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रतिनिधियों ने राजभवन देहरादून में उत्तराखंड के प्रथम नागरिक, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) को रक्षा सूत्र बांधकर पर्व मनाया। हिमांशु सक्सेना प्रादेशिक संगठन आयुक्त एवं अल्का मिश्रा सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में हल्द्वानी, काठगोदाम, लालकुआं, नैनीताल, ऋषिकेश और हरिद्वार क्षेत्र से चुनी गई 12 गाइड्स ने हिस्सा लिया। नैनीताल क्षेत्र से दिव्यांशी मेहरा, तान्या मेहरा, सिद्धि मनराल राधा चिल्ड्रन एकेडमी, हल्द्वानी से रिया बोरा, नैना जोशी गुरु द्रोणा पब्लिक स्कूल, काठगोदाम से प्रतीक्षा भट्ट, भूमिका जेडीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल और लालकुआं से ममता तिवारी एक्स्पोनेंशियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपने-अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। राज्यपाल ने सभी गाइड्स को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और कहा आज मुझे गर्व है कि हमारे देश के युवाओं में देशभक्ति का जज्बा और अनुशासन की भावना है व स्काउटिंग इसी अनुशासन का प्रतीक है। इस अवसर पर हिमांशु सक्सेना ने राज्यपाल को कुमाऊं मंडल स्थित बाबा नीम करोली महाराज की प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम में जिला सचिव अंकुर श्रीवास्तव, जिला संगठन आयुक्त वैभव गौड़ और राज्य सचिव मनोज सिंधी भी उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## अंडर 16 जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल आज से

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में अंडर 16 पुरुष वर्ग की जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल 10 और 11 अगस्त को एमिनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड रुद्रपुर में होंगे। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के द्वारा पंजीकृत क्रिकेट अकादमी और क्लब के द्वारा पंजीकृत कराए गए। खिलाड़ी ट्रायल में प्रतिभाग कर सकते हैं। इसकी जानकारी क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ियों को अपने साथ मूल प्रति के रूप में जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षिक प्रमाण पत्र, स्कूल बोनाफाइड और आधार कार्ड लाना आवश्यक है। खिलाड़ी अपना पंजीकरण कराकर ट्रायल में प्रतिभाग कर सकता है।

# शैल भवन में 'जान्यो पुण्यों' महोत्सव

■ गोलू महाराज मंदिर परिसर में पर्वतीय संस्कृति की गूंज



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड की प्राचीन परंपराओं और पर्वतीय संस्कृति को जीवंत रखने के उद्देश्य से उत्तराखंड शैल सांस्कृतिक समिति रुद्रपुर शैल परिषद के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को शैल भवन, गोलू महाराज मंदिर परिसर में जान्यो पुण्यों महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में रुद्रपुर समेत आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रवासी पर्वतीय समाज के लोग, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरुआत सुबह गोलू महाराज मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र स्नान, ऋषि-तर्पण और यज्ञोपवीत (जनेऊ) परिवर्तन की रस्में संपन्न हुईं। पंडितों ने प्रतिभागियों को रक्षा सूत्र बांधते हुए पारंपरिक मंत्रों का उच्चारण किया। बच्चों को विशेष आशीर्वाद मंत्र के साथ कलावा बांधा गया। परंपरा और आस्था का संगम। इस मौके पर पर्वतीय अंचलों में प्रचलित जान्यो पुण्यों की कथा, राजा बलि-वामन अवतार प्रसंग और इंद्राणी द्वारा इंद्र की रक्षा कथा का वाचन किया गया।

महिलाओं ने एक-दूसरे को कलावा बांधकर मंगलकामनाएं दीं, वहीं पुरुषों ने जनेऊ बदलने की रस्म निभाई। शैल परिषद के अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल ने कहा जान्यो पुण्यों केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति की जड़ों से जुड़ने और आने वाली पीढ़ी को अपने संस्कार देने का माध्यम है। रुद्रपुर में यह परंपरा पर्वतीय एकता का प्रतीक बन चुकी है।


परिषद के महामंत्री दिवाकर पांडे ने कहा गोलू महाराज के आशीर्वाद से हर साल यह आयोजन हमें अपनी विरासत याद दिलाता है।

हमारी कोशिश है कि नई पीढ़ी भी इन रस्मों का महत्व समझे और इन्हें आगे बढ़ाए। महोत्सव में पारंपरिक गीत-संगीत की प्रस्तुतियों ने वातावरण को और भी उल्लासमय बना दिया।

कार्यक्रम का संचालन परिषद के वरिष्ठ सदस्यों ने किया और अंत में सभी को प्रसाद एवं जनेऊ,रक्षा धागा,फल ,फूल वितरित किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल, महामंत्री दिवाकर पांडे, चन्द्र वल्लभ, कोषाध्यक्ष डीके दनाई, राजेंद्र बोरा, दिनेश बम, हरीश दनाई, धीरज पांडे, जगदीश बिष्ट, भारत जोशी,राजेंद्र बोरा, सतीश लोहनी, मोहन चंद्र उपाध्याय, सतीश ध्यानी, त्रिभुवन जोशी, केके मिश्रा, हरिशचंद्र मिश्रा, सुधा पटवाल, विनीत पांडे, शालिनी बोहरा, महेश कांडपाल, नीलम कांडपाल, भगवती, आशा लोहनी, भगवती मेहरा, सुनीता पांडे, बीना लखेड़ा, सुधा जोशी, लीला दनाई , चंद्रा बम आदि लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने जनता की सुनीं समस्याएं



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जनप्रतिनिधियों एवं जनता ने शनिवार को उनके आवास व कैंप कार्यालय में उनका स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनी। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री हेलीपैड लोहिया से देहरादून के लिए प्रस्थान कर गए।

इस दौरान खटीमा नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, जिला अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, एसपी सिटी डॉक्टर उत्तम सिंह नेगी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, मेयर दीपक बाली, दुर्जा मंत्री अनिल कपूर, शंकर कोरंगा, जिला अध्यक्ष नैनीताल प्रताप बिष्ट तथा उप जिला अधिकारी तुषार सैनी सहित अनेकों अधिकारी, जनप्रतिनिधि व जनता मौजूद थे।

## जनजाति लोगों को बताए उनके अधिकार




शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** बैरिया दौलत- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के तत्वाधान में जागरूकता शिविर का आयोजन कर जनजाति लोगों के अधिकार बताए गए।

शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में ग्राम कल्याणपुरी बैरिया दौलत, बाजपुर में पूर्व ब्लाक प्रमुख किशोरी देवी की अध्यक्षता में जागरूकता शिविर का आयोजन कर पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने विश्व के जनजाति लोगों का अंतराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर भारतीय सविंधान की पांचवी व छठी अनुसूची, अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 एवं विधिक सेवा प्राधिकरण, 1987 के अंतर्गत नि:शुल्क विधिक सेवाओं व राष्ट्रीय नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के विषय में भी ग्रामीणों को जानकारी दी गई। इस मौके पर जीत सिंह, राजकुमारी, रूपवती देवी, कोमल,अर्जुन सिंह, करन सिंह, सोमल सिंह, मुरारी सिंह, देवकी देवी, रवि सिंह, आदि ग्रमीण मौजूद रहे।

## पूर्व पालिकाध्यक्ष ने सीएम से की भेंट



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष भागीरथ लाल चौधरी ने बन्दीछोड़ सतगुरु रकबेवालों के पावन 50 वें निर्वाण दिवस पर भूरी वाले महाराज के ब्रह्म निवास आश्रम हरिद्वार में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। भगीरथ लाल चौधरी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रामनगर के विभिन्न मामलों और समस्याओं को लेकर भी चर्चा हुई। जिस पर उन्होंने जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया है।

## तहसीलदार ने संभाला नगर पालिका अधिशासी अधिकारी का कार्यभार




शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद जसपुर कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार शुभांगिनी सिंह ने पालिका अधिशासी अधिकारी के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने पर पालिकाध्यक्ष नौशाद सम्राट ने तहसीलदार को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

विदित हो कि उत्तराखंड शासन के उप सचिव प्रदीप कुमार शुक्ला ने 4 अगस्त 2025 को जारी पत्र में नगर पालिका मंगलौर में विभिन्न कार्यों में हुई अनिमियताएं आदि आरोप का हवाला देते हुए नगर पालिका के प्रभारी ईओ शाहिद अली को शासन के आदेशानुसार उनके मूल पद वरिष्ठ सहायक पर प्रत्यावर्तित किया है। साथ ही नगर पालिका के कार्यों और दायित्वों का निर्वाहन उप जिलाधिकारी जसपुर चतर सिंह चौहान द्वारा करने के आदेश जारी किए थे, जिसमें जिला अधिकारी ने सात अगस्त को जारी पत्र में शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में आंशिक संशोधन करते हुए उप जिलाधिकारी जसपुर के स्थान पर तहसीलदार जसपुर को अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जसपुर के समस्त कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन किया जाने हेतु नामित किया है। तहसीलदार शुभांगी सिंह ने पालिका का कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है तथा पालिका संबंधित कार्यों को की फाइलों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। ?पालिका अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद ने अधिशासी अधिकारी पद का कर संभालने पर तहसीलदार महोदय को पुष्प भुज देकर स्वागत कर बधाई दी इस अवसर पर अवर अभियंता ऋषभ राणा, लेखाकार महेंद्र बिष्ट, राजेश सिंह, अंचल कुमार, मोहम्मद मोहसिन, कपिल कुमार, बुनियाद अली, अनुज कुमार, मोहम्मद अफजल, वसीम सिद्दीकी समेत अनेक कर्मचारी व सभासद मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोचन



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** जेके पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर छात्र-छात्रओं के बीच रक्षाबंधन मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस दौरान राखी प्रतियोगिता में कक्षा 5 की गुंजन प्रथम, कक्षा 4 के अनुज द्वितीय, कक्षा 5 की प्रणीति तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 6 से 12 के बीच प्रतियोगिता में कक्षा 8 की तन्वी व कशिश ने प्रथम, कक्षा 7 की शारिया द्वितीय, कक्षा 7 की आंचल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महेंदी लगाओं प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्रों ने मनमोहक आकर्षक एवं मेहंदी डिजाइन बनाकर अपना हुनर दिखाया। इस दौरान कक्षा 05 की हिमांशी प्रथम, कक्षा 4 की सृष्टि द्वितीय, तथा कक्षा 9 की दिव्यांशी ने प्रथम, कक्षा 8 की ज्योति ने द्वितीय, कक्षा 9 की मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। प्रतिभागी छात्रओं को स्कूल प्रबंधक अजय मौर्य ने सम्मानित किया।

अपने संबोधन में छात्रों को बताया रखी त्यौहार ही नहीं बल्कि अपनी बहनों एवं भाइयों को याद करने का भावुक दिवस है। रक्षाबंधन के पीछे छिपे बहनों की परस्पर विश्वास दायित्व कर्तव्य निष्ठा और छिपे स्नेह की है।

इस दौरान मौके पर प्रधानाचार्य प्रकाश तिवारी, हनीफ, रामगोपाल, अजय, नंदलाल मौर्य, संदीप कुमार, सुमन, हेमा, मंगेश, निशा, प्रांजल, ममता, भावना, अलीशा, अल शिफा आदि मौजूद रहे।

## जसपुर ब्लॉक प्रमुख सीट पर अनूप कौर की ताजपोशी की प्रबल संभावना



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** ब्लॉक प्रमुख पद के लिए ओबीसी महिला सीट पर अनूप कौर को भाजपा का प्रमुख अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है। ज्ञात हो कि जसपुर ब्लॉक में प्रमुख पद के लिए ओबीसी महिला सीट आरक्षित है खेड़ा लक्ष्मीपुर की महिला सीट पर अनूप कौर पत्नी तीरथ सिंह निर्विरोध बीडीसी सदस्य चुनी गई थीं।

अनूप कौर की शैक्षिक योग्यता एम ए पास है खेड़ा लक्ष्मीपुर की महिला सीट पर कहकशा परवीन, तरन्नुम, नेहा, अनूप कौर और अमनदीप कौर ने बीडीसी सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। इनमें अमनदीप कौर का नामांकन निरस्त हो गया था जबकि शेष प्रत्याशियों ने अनूप कौर के समर्थन में अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए थे। जिस कारण अनूप कौर पत्नी तीरथ सिंह निर्विरोध बीडीसी सदस्य चुन ली गई थी। भाजपा पार्टी द्वारा अपने अधिकृत प्रत्याशियों की जारी सूची में अनूप कौर को जसपुर ब्लॉक प्रमुख सीट से भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है उनके प्रत्याशी घोषित होने से जसपुर ब्लॉक प्रमुख की सीट बीजेपी के खाते में जाने की प्रबल संभावनाएं बढ़ गई हैं। उनके पति तीरथ सिंह प्रमुख समाजसेवी व जनप्रतिनिधि हैं उनका जसपुर विधानसभा क्षेत्र में जनता के बीच समाजसेवी के रूप में पहचान है। भाजपा के समर्थित प्रत्याशी घोषित होने पर डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल, डॉक्टर सुदेश चौहान, सरवन सिंह संधू, जुम्मा ठेकेदार, सनी प्रधान, डॉक्टर एमपी सिंह, खड़क सिंह व क्षेत्रीय नागरिकों ने उन्हें बधाई दी है।

## एक्सीडेंट में खोया भाई, नन्ही शिखा ने अरमान सैफी की कलाई पर बांधी राखी



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** इकलौते भाई को एक्सीडेंट में खोने से उदास आठ वर्षीय शिखा से उसके दिवंगत भाई के मुस्लिम दोस्त अरमान सैफी ने राखी बंधवाकर इंसानियत व आपसी सौहार्द की मिसाल कायम की।

नगर के मोहल्ला मोतीमहल निवासी धर्मेंद्र कश्यप का 15 वर्षीय बेटा ऋषि कश्यप एक मार्ग दुर्घटना में चल बसा था। धर्मेंद्र की 3 छोटी मासूम बेटियां है जिसमे एक विकलांग है। पुत्र के निधन के बाद धर्मेंद्र काशीपुर जाकर प्राइवेट नोकरी करके परिवार सहित जीवन बसर करने लगे। रक्षा बंधन आते ही 8 वर्षीय बड़ी बेटी शिखा को दिवंगत भाई की याद सताई तो उसे भाई के करीबी क्लासमेट दोस्त अरमान सैफी की याद आयी तो उसने उन्हें राखी बांधने की इच्छा जतायी जिस पर उसने सहर्ष हामी भरते हुये मासूम शिखा को आने का न्योता दे दिया।

भाई मिलने की खुशी में शिखा अपने पिता को लेकर मोहल्ला बंबाघेर स्थित समाजसेवी डा. जफर सैफी व पूर्व सभासद रुबीना सैफी के निवास पर पहुंची ओर उनके बड़े बेटे मो. अरमान सैफी को नम आंखों के साथ राखी बांधी और अरमान के हाथों गिफ्ट व शगुन की रकम पाकर खुशी से चहक उठी। शिखा के पिता धर्मेंद्र भी भावुक होकर अपनी आंखों के आंसू नही रोक पाये ओर बिटिया को खुशियों से नवाजने पर अरमान व सैफी फेमिली को आशीर्वाद व दुआओ से नवाजकर वापस काशीपुर लौट गये।

## बहनों को मुफ्त ऑटो रिक्शा सेवा प्रदान कर मनाया रक्षाबंधन का पर्व




शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रक्षाबंधन का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया और हर कोई बहन इस दिन का बहुत बेसब्री से इंतजार करती है कि वह अपने भाई की कलाई पर रक्षा का पवित्र बंधन बांध सके।

शनिवार को रामनगर शहर में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत और भाजपा नेता इंदर रावत के द्वारा रामनगर विधानसभा की बहनों के लिए निशुल्क ऑटो ई रिक्शा आने जाने के लिए की गई जिससे कि त्योहार के दिन बहनों को कहीं आने-जाने के लिए कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने बताया कि यह सुविधा रामनगर के नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदान की गई।जिसके लिए कई ऑटो और ई-रिक्शा सुबह 8:00 बजे से ही अपनी सेवाएं देने में लग गए थे और शाम को 6.00 बजे तक रही। भाजपा नेता इंदर रावत ने बताया की रक्षाबंधन त्यौहार के दिन हमारी विधानसभा की सभी बहनों के लिए उनकी ओर से यह एक छोटा सा प्रयास है। त्योहार के दिन सड़कों में वाहनों की आवाजाही कम होती है और हमारी बहने सड़कोंपर खड़ी होकर वाहनों का इंतजार करती है तो उन्होंने सोचा कि इस बार ऑटो ई रिक्शा के द्वारा इन बहनों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाए। जिससे कि उन्हें त्योहार मनाने में आसानी हो इसलिए यह निशुल्क सेवा उनके द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि आगे भी आने वाले त्योहारों पर इसी तरह के आयोजन उनके द्वारा किए जाएंगे।

### एक नजर

## पांच लोगों पर बेवजह मारपीट व उत्पात करने का केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** एक युवक ने कुछ युवकों पर तांडव मचाने और उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

वैशाली कालोनी, जसपुर निवासी आशुतोष कुमार सिंह पुत्र गंगाराम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बीती आठ अगस्त की रात्रि के लगभग तीन बजे रोडवेज बस में बैठकर रुड़की से जसपुर आया था। जैसे ही में रोडवेज बस से पृथ्वीराज चौक पर उतरा तो गांधी पार्क की तरफ से दो मोटरसाईकिलों पर 5-6 लोग आए, जिनमें अमित चौहान पुत्र संजय सिंह निवासी मौहल्ला चौहनान, जसपुर, अंकुर गोला पुत्र अनुज गोला निवासी गंदा नाला, जसपुर, कक्का पंवार पुत्र अरुण निवासी वाल्मिकि बस्ती, जसपुर, देबू पुत्र विनोद निवासी वाल्मिकि बस्ती, जसपुर, तथा कुश शर्मा पुत्र रविन्द्र शर्मा उर्फ बबली निवासी खेड़ा वाली नहर के पास, जसपुर उसके साथ गाली गलौच करने लगे। वह चुपचाप घर की तरफ जाने लगा उन्होंने पुन: बेवजह पकड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट शुरु कर दी और मुझे लात घूंसों से बहुत बुरी तरह से मारा। वह जैसे-तैसे वहांसे अपनी जान बचाकर भागा।

आशुतोष ने बताया कि गत रात ये लड़के मोटर साईकिलों पर आवारा गुंडों की तरह रात भर घूम रहे थे और पूरे जसपुर क्षेत्र में दहशत फैलाकर रात भर लोगों के दरवाजे पीट रहे थे। उपरोक्त लोगों के द्वारा दुर्गेश विश्नोई पुत्र सुरेश चन्द्र विश्नोई निवासी राधा कृष्ण मन्दिर के पास, मौहल्ला चौहनान, जसपुर के घर के बाहर तांडव कर घर के दरवाजों को पीटा और गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए घर के बाहर चौकीदारी कर रहे संजय कुमार पुत्र भारत सिंह निवासी मंडुवाखेड़ा, जसपुर के साथ भी मारपीट कर वहां से भाग गए। आशुतोष ने बताया कि इसके अलावा उपरोक्त लोगों ने सक्को वाली मस्जिद के पास भी तांडव करते हुए रास्ते में खड़े रेड़े के साथ भी तोड़फोड़ की और रास्ते में आने जाने वाले व्यक्तियों के साथ भी मारपीट की। उसने उपरोक्त गुंडों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

आशुतोष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उपरोक्त पांच युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 191(1), 191(2), 351(2), 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच एसआई ललित सिंह दिगारी के सुपुर्द की है।

## रक्षाबंधन के त्योहार पर बाजार रहे गुलों गुलजार

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर ।** रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया सुबह से ही बहने अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए उत्सुक दिखाई दी सड़क पर आने जाने वालों की काफी आवाजाही दिखाई दी।

बाजारों में रक्षाबंधन के पवित्र पर्व को लेकर मातृशक्ति में मिठाई की दुकान और राखी की दुकानों पर काफी भीड़ दिखाई दी बहनों द्वारा अपने भाइयों को राखी बांधकर जीवन भर उनकी रक्षा करने का सौगंध दिलाई गई भाइयों द्वारा भी अपनी बहनों को हर सुख दुख में साथ देने का भरोसा दिलाया गया रक्षाबंधन पर दूसरे धर्म के भाई बहनों ने भी एक दूसरे को राखी का धागा बांधकर रक्षा करने की सौगंध ली।

## भाजपा मंडल कार्यकारिणी ने बैठक में घोषित किया कार्यक्रम



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** भाजपा की भरतपुर- मेघा वाला मंडल कार्यकारिणी ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक की। नगर पंचायत गढी नेगी में सचिन बाठला के कार्यालय पर आयोजित बैठक में 12 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जाने का निर्णय लिया गया।

मीडिया से वार्ता करते हुए कार्यक्रम संयोजक हरप्रीत सिंह हैप्पी ने कार्यक्रमों को लेकर बताया की 12 अगस्त को तिरंगा यात्रा के साथ ही हरिया वाला चौक स्थित भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया जाएगा वह 13 अगस्त को स्वच्छता अभियान के तहत सीमावर्ती आर्मी कैंप हेमपुर में सैनिकों को सम्मानित किए जाने की योजना भी है 14 अगस्त को हर घर तिरंगा लगाया जाएगा वह 15 अगस्त को किसी एक विद्यालय में छात्रा से ध्वजारोहण कराया जाएगा।

बैठक में मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुंबर सतपाल जाटव सचिन बतला अंकुर नवल सिंह लक्ष्मी भंडारी समेत अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आरएएन स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन में मनाया रक्षाबंधन



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** आरएएन पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के लिए यह गर्व और सम्मान का क्षण था जब कक्षा 10 के चार विद्यार्थियों शैली पांडेय, सुभीर सिंह, सिया अग्रवाल और चैतन्य डेकोरेशन के साथ विद्यालय की प्रशासक निधि राय तथा प्रधानाचार्य भावना भनोट को राष्ट्रपति भवन जाने और भारत की राष्ट्रपति से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

यह अवसर तब और भी विशेष बन गया जब विद्यालय के प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति के साथ रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास और स्नेह पूर्ण वातावरण में मनाया। राष्ट्रपति भवन के ऐतिहासिक प्रांगण में प्रवेश करना और इस तरह का आत्मीय अनुभव प्राप्त करना प्रधानाचार्य भावना भनोट के शब्दों में एक सपने के सच होने जैसा तथा विद्यालय के इतिहास का स्वर्णिम क्षण रहा। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे अनुभव विद्यार्थियों को ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने, अच्छे संस्कार अपनाने और समाज में सकारात्मक योगदान देने की प्रेरणा देते हैं।

## परंपरा और तकनीक के संग मनाया रक्षाबंधन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घर-घर में त्योहार की तैयारियां जोरों पर रहीं। बहनों ने थाल सजाकर उसमें राखी, चावल, दीपक और मिठाई रखी और अपने भाइयों को तिलक लगाकर रक्षासूत्र बांधा। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर जीवनभर रक्षा का संकल्प लिया। बाजारों में मिठाई, गिफ्ट पैक और राखी की खरीदारी चरम पर रही। वहीं बच्चों में चॉकलेट राखियों और गिफ्ट पैक का विशेष क्रेज देखने को मिला। रक्षाबंधन के इस पर्व में मिठाइयों के साथ चॉकलेट का चलन भी जोर पकड़ रहा है। पारंपरिक मिठाइयों के साथ भाइयों ने बहनों को चॉकलेट गिफ्ट पैक भेंट किए।

वहीं त्योहार से एक दिन पहले और उसी दिन भी बाजार में मेहंदी के स्टॉल और ब्यूटी पार्लर पर महिलाओं और युवतियों की भीड़ लगी रही। हाथों में रंग-बिरंगे डिजाइन की चूड़ियां पहनकर और मेहंदी लगाकर बहनों ने पर्व की खुशियों को और बढ़ाया। पर्व को लेकर परिवार के सभी सदस्य साथ होने से घरों का माहौल और उत्सवी बन गया।

# ऐतिहासिक बग्वाल का हजारों लोगों ने देखा नजारा

## प्रमाण युग में भी बना खोलीखांड दुआचौड़ मैदान, नौ मिनट तक चली रोमांचक बग्वाल में 150 से अधिक लोग हुए चोटिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** रक्षाबंधन के अवसर पर आज यहां यहां दोपहर होते ही सभी लोगों की निगाहें बगवाल मैदान की ओर टिकने लगी थी। हालाकि सुबह मौसम की खराबी के चलते लोग अपने घरों से कुछ देर से निकले अलबत्ता बग्वाली मैदान के चारों ओर दूर तक जिसे जहां जगह मिली वहां बैठकर बग्वाल देखने लगे।

पश्चिम दिशा से पहले वालिक खाम के बागवाली वीर अपनी पोशाक के साथ पहुंचे तथा सभी ने मां बाराही की परिक्रमा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उत्तर दिशा से गहडवाल तथा चम्याल खामों के लोगों ने प्रवेश किया। सबसे अंत में लमगड़िया खाम के लोगों ने प्रवेश किया। बगवाल मैदान के उत्तरी छोर में गहडवाल एवं चम्याल खाम तथा पश्चिमी छोर में लमगड़िया एवं वालिक खाम के वीरों ने मोर्चा संभाला। इससे पूर्व गहड़वाल खाम के 96 वर्षीय खाम प्रमुख त्रिलोक सिंह बिष्ट, चम्याल खाम के गंगा सिंह चम्याल, वालिक खाम के बद्री सिंह बिष्ट एवं लमगड़िया खाम के सबसे युवा खाम प्रमुख वीरेंद्र लमगड़िया ने आपस में विचार विमर्श किया तथा सभी ने मां बाराही से बगवाल के सही सलामत संपन्न होने की प्रार्थना की।

मंदिर से ठीक 01:57 बजे शंखनाद हुआ। इसी के साथ बगवाल शुरू हो गई तथा दोनों ओर से पत्थर फल- फूल बरसने लगे जो नौ मिनट तक चली। मंदिर के पुजारी पीतांबर वस्त्र धारण करते हुए चंवर झूलते हुए मैदान में पहुंचे, इसी के साथ बगवाल शांत हो गई। कुछ समय पूर्व जो बगवाली वीर एक दूसरे पर पत्थरों की मार कर उन्हें लहू लुहान कर रहे थे, बगवाल समाप्त होने के बाद एक दूसरे के गले मिलकर कुशल पूछने लगे। बगवाल की कमेटी आचार्य कीर्ति ओर भुवन चंद्र जोशी बग्वाल की कमेंट्री की।

इस दफा चारों खामो के बगवाली वीर उनके लिए नियत की गई ड्रेस कोड के मुताबिक कुर्ता पजामा एवं पगड़ी पहनकर आए हुए थे। इसके बावजूद भी बगैर ड्रेस के हर खाम के लोगों में अनुशासन बनाए रखने की होड़ मची हुई थी। हर खाम के लोग बगवाल का बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अपनी खामो के साथ घर से संकल्प लेकर आए हुए थे।

इसके बावजूद भी लोग संयम नहीं बना पाए। बगवाल 150 से अधिक बगवाली वीर चोटिल हुए जबकि लगभग 550 से अधिक बगवाली वीरों ने बगवाल में भाग लिया। घायलों के लिए स्थानीय चिकित्सालय व मंदिर परिसर में अलग-अलग तीन चिकित्सा शिविर लगाए गए थे।

सीएमओ डा. देवेश चौहान बराबर निगरानी रखे हुए थे। सीएमओ के अनुसार किसी भी बगवाली वीर को गंभीर चोटें नहीं आई है तथा उनकी मरहम पट्टी कर उन्हें छोड़ दिया गया। इस दफा चिकित्सा विभाग द्वारा पुख्ता बंदोबस्त किया गया था।

## बाराही धाम है मां बाराही की विराट शक्ति ऊर्जा का है पावर हाउसः डीएम

■ केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा समेत विशिष्ट जनों ने भी देखी बग्वाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** बगवाल मेले के इतिहास में केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा समेत दिल्ली से पहुंचे विधायक सुरेन्द्र नेगी एवं पूर्व सांसद महेंद्र पाल उन खुशनसीब लोगों में है जिन्हें मां बाराही ने उन्हें यहां आने का बुलावा भेजा था। हालांकि सीएम धामी के लगातार चौथी बार बगवाल के साक्षी बने रहने के बाद उनके आगमन को लेकर तैयारिया की गई थी, लेकिन उत्तरकाशी में हुई घटना ने उनकी राह रोक दी।

पहली बार जिलाधिकारी मनीष कुमार ने यहां वाराही धाम में मां वाराही की इस शक्ति एवं भक्ति का विराट स्वरूप देखकर कहा कि यहां मां वाराही की शक्ति एवं उनकी ऊर्जा का ऐसा पावर हाउस है जिसकी अनुभूति यहां आ कर ही की जा सकती है।

मां वाराही की सूबे के माननीय मुख्य मंत्री एवं हम सब पर उनकी कृपा दृष्टि बनी रही तो इस धाम में वर्ष भर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहेगी। जिससे क्षेत्र में विकाश एवं रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

इस अवसर पर पूर्व दर्जा मंत्री हरीश पनेरू, भाजपा प्रांतीय कार्यकारणी के सदस्य सतीश चंद्र पाण्डेय, डीएम मनीष कुमार, एसपी अजय गणपति, पिथौरागढ़ की एसपी रेखा यादव, डीएफओ नवीन चंद्र पंत, आईटीबीपी की 36 वाहनी के कमांडेंट संजय कुमार, हिमबीर वाइफस वेलफेयर एसोसिएशन की चेयरमेन अनुराधा सिंह, सीडीओ डॉ. गणेश सिंह खाती, एडीएम जयवर्धन शर्मा, सीएमओ डॉ. देवेश चौहान, एसडीएम नितेश डांगर, डीएसओ प्रियंका जोशी, लोनि. वि एक्यूटिव इंजीनियर हितेश कांडपाल, तहसीलदार जगदीश सिंह नेगी, लोहाघाट के बीडीओ केएस रावत समेत तमाम लोगो ने बग्वाल देखी।

## एक नजर

### अफीम की डिलीवरी करने आया तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एएनटीएफ यूनिट और कोतवाली पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। पुलिस को धक्का मुक्की कर भागने की कोशिश की तो पुलिस ने उसे पीछा करते हुए बल प्रयोग कर दबोच लिया। पुलिस को उसके पास से अफीम बरामद हुई। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

**एनडीपीएस एक्ट के तहत किया मुकदमा दर्ज**

पुलिस के मुताबिक एएनटीएफ के एसआई कौशल भाकुनी,हेड कांस्टेबल भुवन पांडेय, विनोद खत्री शुक्रवार की रात क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था ड्यूटी और संदिग्धों की चौकिंग के लिए निकले। वह तेल मिल चौकी की तरफ आ रहे थे। तभी कोतवाली के एसआई दीपक बहुगुणा, रघुनाथ सिह,कृष्णा टम्टा बाईक से मिले। बाद में तेल मिल चौकी से भूरारानी की तरफ आये तो सीटी वन कॉलोनी के सामने एक व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया। वह पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर आवश्यक बल प्रयोग कर दबोच लिया। वह पकड़े जाने के बाद भी पुलिस से छूट कर भागने का प्रयास करने लगा। उस पर पुलिस से धक्का मुक्की करने का आरोप है। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास बैग में प्लास्टिक की पन्नी मिली जिसमें अफीम थी। पूछताछ में उसने अपना नाम आकाश उर्फ शेखर पुत्र भानू प्रताप गंगवार निवासी पद्मा कॉलोनी थाना बिलासपुर जिला रामपुर यूपी बताया। पूछताछ में उसने बताया कि यह

अफीम बन्टी कोली ने दी है जो घर के पास किराए पर रहता है। 2000 रूपये का लालच देकर बाईक बैठाकर यहा छोड गया और एक व्यक्ति आएगा जिसे यह सामान देना है। वह उसी व्यक्ति का इंतजार कर रहा था। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के पास मय पन्नी के 1000 ग्राम अफीम मिली है और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उसको कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रह है।

### कुमाऊंनी भाषा में भागवत कथा सुन श्रद्धालुओं को हो रही अलौकिक आनंद की अनुभूति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** प्रसिद्ध नागनाथ मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का वाचन पुराणों के मर्मग्य एवं प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य प्रकाश कृष्ण शास्त्री द्वारा अब कुमाऊनी भाषा में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी बोली, अपनी भाषा, अपने आवेश परिवेश, रीति रिवाज एवं उन्हें सनातन के अंदर छुपे प्रकृति के विराट स्वरूप से अवगत कराना है।



कुमाऊंनी भाषा में आचार्य श्री द्वारा कथा को बेहतरीन ढंग से प्रस्तुतीकरण का तरीका श्रद्धालुओं को काफी पसंद आने के साथ उनकी और अधिक रुचि बढ़ती जा रही है। आचार्य श्री का कहना है कि आज बच्चों को शिक्षा से अधिक संस्कारों की जरूरत है। संस्कारों के कारण की सनातन की व्यवस्था हम सबको आदर्श एवं सनातन रीति रिवाज में बांधती है। जहां बच्चे माता-पिता में ईश्वर का रूप देखते हैं, वहीं पीपल के पेड़ में लगातार पानी डालकर हम पर्यावरण का संदेश संदेश देते हैं।अपने से बड़ों का सम्मान करने से उन्हें उनका अंतरमन से जो आशीर्वाद मिलता है वही उनके जीवन को भी आलोकित कर देता है। आचार्य श्री का कहना है कि पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण ने हमारी सामाजिक व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर दिया है। समाज में सनातन के मूल्य की स्थापना के लिए हम सबको अपने-अपने स्तर से प्रयास करना होगा।

### मझोला मार्ग पर पेड़ गिरने से लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मझोला मार्ग पर यूकेलिप्टस का पेड़ गिरने से लगा जाम खटीमा। मझोला खटीमा मार्ग सत्रह मील के पास मुख्य मार्ग पर शनिवार देर शाम यूकेलिप्टस का विशाल पेड़ गिर गया।

गनीमत रही कि इस दौरान कोई वाहन वह से गुजर नहीं रहा था और बड़ी दुर्घटना होने से बची गई। पेड़ गिरने से सड़क के दोनों ओर वाहनों को लंबी कतार लग गई। खटीमा रेंज का क्षेत्र होने से रेंज से वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच पेड़ को काटने में जुट गई। रक्षाबंधन होने की वजह से बसों और निजी वाहनों में लोगों की खासी भीड़ होने से वाहन की सड़क के दोनों ओर कतार लगी रही।

## मेहमानों के स्वागत के लिए बालिकाओं द्वारा बनाई जा रही है शानदार रंगोली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** बाराही धाम के बग्वाल मेले में आज विशिष्ट अतिथियों के सम्मान में देवीधुरा की उमा जोशी एवं अंजली राणा द्वारा बनाई जा रही शानदार रंगोली को लोग देखते ही रह गए इस दौरान एसडीएम नितेशडांगर ने भी दोनों बालिकाओं की उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनकी पीठ थपथपाते हुए स्वयं रंगोली में उनका हाथ बताने में लग गई जिसे वहां मौजूद दर्शकों ने तो खूब सराहा ही इससे दोनों बालि. काओं का काफी हौसला भी बड़ा है उनका कहना था कि एसडीम मैम ने हमारे साथ रंगोली बनाने में हाथ बटा कर हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।

## आवारा गायों की दुर्दशा से दुखी करणी सेना के लोग चढ़े पानी की टंकी पर

■ नगर पालिका के खिलाफ जताया आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले लंबे समय से सड़क पर घूम रही आवारा गाय एवं बैलों की सुरक्षा और उन्हें पकड़ने को लेकर कई बार नगर पालिका प्रशासन से स्थानीय लोग गुहार लगा चुके हैं। मामले में नगर पालिका प्रशासन द्वारा सड़क पर घूम रही कई गायों को अब तक पकड़ कर गौशाला भेजने की कार्रवाई की गई है और पशु स्वामियों से जुर्माना वसूलने की कार्रवाई भी की जा चुकी है, लेकिन उसके बावजूद भी सड़कों पर आज भी आवारा गाय एवं बैलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे कई गाय दुर्घटनाओं का शिकार हो रही हैं, जिसको लेकर शनिवार को करणी सेना युवा शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी और प्रदेश महामंत्री हरीश प्रकाश कोटद्वार रोड



स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए और उन्होंने बेजुबान जानवरों की हो रही दुर्दशा पर नाराजगी जताते हुए नगर पालिका के खिलाफ रोष व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि एक सप्ताह पूर्व भी नगर पालिका प्रशासन को ज्ञापन देकर आवारा गायों एवं बैलों को पकड़ कर गौशाला भेजने की मांग की गई थी लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा कुछ गायों को ही पकड़ा गया है।उन्होंने कहा कि नगर पालिका की लापरवाही के चलते आज कई गए दुर्घटनाओं का शिकार हो रही है जो की बेहद गंभीर है।टंकी के नीचे लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और सूचना मौके पर पुलिस पहुंची।उसके बाद घटना की जानकारी मिलने के बाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल, सफाई निरीक्षक लल्ला मियां, सभासद शमीम अहमद, सभासद सलमान सलमानी, सभासद राजा सलमानी,पूर्व मंत्री दिनेश मेहरा, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रेम मेहरा, आनन फानन में मौके पर पहुंचे।

नगर पालिका ईओ ने टंकी पर चढ़े लोगों से वार्ता करते हुए आश्वासन दिया कि 15 दिन के भीतर नगर पालिका द्वारा एक बड़ा अभियान चलाकर आवारा गायों को पड़कर गौशाला भेजा जाएगा और उन्होंने यह भी कहा कि यदि जो भी पशु स्वामी अपने पशु सड़क पर छोड़ेगा तो उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस साल नगर पालिका प्रशासन ने भारी संख्या में आवारा पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजा गया है।इसके बाद करणी सेना के पदाधिकारी पानी की टंकी से नीचे उतरे और उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 15 दिन के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।जिसके बाद लोगों ने राहत की सास ली।

## वृक्षों को राखी बांधकर रक्षा का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** 'दून पब्लिक एकेडमी' ने शुक्रवार को 'तरु बंधन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने नन्हें-नन्हें हाथों से राखियां सजाई और उन्हें विद्यालय के आंगन में खड़े वृक्षों को बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।



सुबह से ही विद्यालय में रंग-बिरंगे धागों, मोतियों और सजावटी सामग्री से सजी राखियों में बच्चों की मास. ूमियत और सृजनशीलता झलक रही थी। राखी बांधते समय बच्चों ने वृक्षों को स्नेह से स्पर्श किया, मानो कह रहे हों 'तुम हमें सांस देते हो, हम तुम्हें जीवन देंगे।' विद्यालय की चेयरपर्सन रिया ने कहा "पेड़-पौधे केवल हरियाली का प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व के आधार हैं। जिस तरह बहन अपने भाई की लंबी उम्र के लिए राखी बांधती है, उसी तरह यह तरु बंधन प्रकृति की लंबी उम्र और उसकी सुरक्षा का वचन है। हमें इस बंधन को निभाने के लिए अपने जीवन में ठोस कदम उठाने होंगे।"विद्यालय के प्रिंसिपल राजन शर्मा ने कहा "तरु बंधन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के दिलों में प्रकृति के प्रति संवे. दनशीलता के बीज बोने का प्रयास है। विद्यालय के निदेशक अजय डोगरा' ने कहा "बच्चों के चेहरों पर जो खुशी और गर्व था, वह इस बात का प्रमाण है कि आने वाली पीढ़ी पर्यावरण के प्रति सजग और जिम्मेदार बन रही है। यह परंपरा अगर हर घर में शुरू हो जाए, तो धरती का रूप बदल जाएगा।" कार्यक्रम में सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने एक साथ खड़े होकर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

## बहन ने भाई के कलाई पर बांधी राखी

**चकराता।** जौनसार बावर क्षेत्र में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांवों में भाई-बहन के प्रेम और स्नेह के रंग बिखरे रहे। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें मिठाई खिलाई और दीर्घायु की कामना की। पानुवा निवासी अनवी राठौर ने अपने छोटे भाई अयांश राठौर की कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब जौनसार बावर में भी रक्षाबंधन पर्व पारंपरिक उत्साह और आधुनिक उमंग के साथ मनाया जाता है, जहां बहनें अपने भाइयों के पास पहुंचकर राखी बांधती हैं और आपसी स्नेह के रिश्तों को और मजबूत करती हैं।

## सारना नदी में बहकर आया मानव कंकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** थाना सेलाकुई क्षेत्र के ग्राम दुधई रेतीवाला के पास सारना नदी में एक मानव कंकाल मिला। कंकाल के पुराने और मांस रहित हड्डियों का ढांचा होने के कारण शिनाख्त नही हो पाई। पुलिस ने मानव कंकाल का पंचायतनामा कार्यवाही एवं डीएनए प्रीजर्व किया गया। जिसकी शिनाख्त हेतु एसआ. ेपी के मुताबिक अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस से मिली जानकारी के मुता. बिक थाना सेलाकुई पर कॉलर राज. ेश मल्ल पुत्र मान सिंह निवासी रेतीवाला थाना सेलाकुई देहरादून द्वारा मोबाइल से थाना सेलाकुई पर सूचना दी गई कि ग्राम दुधई रेतीवाला के पास सारना नदी में एक मानव नर कंकाल मिला है जो बरसात में भदराज की ओर से बह



कर आया है।

सूचना पर थाना से तत्काल थानाध्यक्ष सेलाकुई मय फोर्स के क्राइम किट, कैमरा उपकरणों सहित मौके पर रवाना हुए। जहां पर ग्राम रेतीवाला के पास स्थित गुर्जरों के डेरे के पास सारना नदी में एक मानव कंकाल मिला। जो काफी पुराना तथा मांस रहित हड्डियों का ढांचा मात्र होने के कारण मौके पर शिनाख्त नहीं हो पाई।

उक्त कंकाल की चारो ओर प्रत्येक एंगल से फोटो वीडियोग्राफी की गई एवं फील्ड यूनिट टीम को मोके पर बुलाकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। अज्ञात शवों के सम्बंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा जारी एसओपी का पूर्णतया पालन करते हुए मानव कंकाल का पंचायतनामा कार्यवाही एवं डीएनए प्रीजर्व किया गया। जिसकी शिनाख्त हेतु एसओपी के मुताबिक अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## रक्षाबंधन पर भाई ने अपनी बहन का मुंह मीठा कराया

**विकासनगर।** रक्षा बंधन के उपलक्ष्य भाई और बहन का पवित्र रिश्ता ओर भी मजबूत बनता दिखाई दिया, जिसमे बहनों ने अपने भाईयों की कलाई में राखियां बांधकर जहां उनकी लम्बी उम्र की दुआएं मांगी वहीं दूसरी ओर उन्होंने भाईयों से सुरक्षा का वचन लिया। बहनों ने भाईयों का तिलक किया तो बदले में भाईयों ने बहनों को उपहार और रक्षा का वचन दिया। भाई बहनों ने यह त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया। भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व पर पछवादून से लेकर जौनसार बावर तक में भी उत्साह देखा गया। बहनों ने सुबह से शाम तक के शुभ मूहर्त में राखी बांधी। बहनों ने भाइयों को टीका कर उनकी कलाइयों पर राखी बांधी कर उनकी आरती उतार मुंह मीठा कराया। भाइयों ने भी उन्हें उपहार दिए।

## अधिकारियों ने छात्र छात्राओं का निकाला पसीना

■ रिटेन परीक्षा में छात्र छात्राओं को चुना गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** आशा राम वैदिक इंटर कॉलेज के नए भवन बाबूगढ़ में एनसीसी सीनियर डिवीजन की भर्ती की गयी, जिसमे कॉलेज के 110 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

शुरुवात में देहरादून से आये आर्मी टीम के सूबेदार योगेश थापा व हवलदार पारस थापा की उपस्थिति में सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कलूरा ने एनसीसी के प्रति मोटिवेटेड किया और बताया की कैसे कठिन परिस्थितयो में एनसीसी केडेट्स सेना के साथ काम करता है और देश के काम आता है, मौके पर मौजूद पूर्व एनसीसी अधिकारी मेजर संजय कुमार बिश्नोई ने सभी छात्र, छात्राओं को एनसीसी के फायदे और कैसे उनके जीवन में एनसीसी अनुशासन और एक जुट होकर रहने की भावना विकसित करती है और अग्निवीर योजना क्या है और एनसीसी से इसमें क्या लाभ हो सकता है ये बताया और समझाया। इसके बाद देहरादून से आयी आर्मी टीम ने सभी प्रतिभागियो से भाग दौड़, पुश उप, सीट उप करवाया और प्रतिभागियो का जमकर पसीना निकला, और रिटेन परीक्षा करवाई और 110 प्रतिभागियो में से 31 छात्र, छात्राओं को चुना।

## बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र

**रुद्रप्रयाग।** जिला मुख्यालय समेत पूरे जिले में भाई-बहन का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाईयों के हाथों पर राखी बांधकर उसके लंबे उम्र की कामना की। वहीं, भाईयों ने अपनी बहनों को तरह-तरह के गिफ्ट भी दिए। रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर जिला मुख्यालय में बहनें सुबह नहा धोकर तैयार हो गई थी। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनकी कलाई पर रक्षा का सूत्र बांधा तथा भाई की लंबी उम्र की कामना की। भाईयों ने बहन की रक्षा का संकल्प भी लिया। वहीं, ब्राहमणों ने भी अपने यममानों के यहां जाकर जनेऊ वितरित किए। जिसके बदले में यजमानों ने ब्राह्मणों को दक्षिणा दी। जिला मुख्यालय के साथ ही तिलवाडा समेत कई स्थानों पर भी भाई-बहन के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन धूमधाम के साथ मनाया गया।

# धराली-हर्षिल वैली.. में 'राम तेरी गंगा मैली' की यादें, अब बर्बादी की पिक्चर!

## हुस्न पहाड़ों का, ओ साहेबा....क्या कहना के बारह महीने यहां मौसम जाड़ों का...

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी।** 1985 में आई चर्चित फिल्म श्राम तेरी गंगा मैलीश का बेहद खूबसूरत हर्षिल-धराली घाटी में ये गाना गूंजा, आज वहां मातम पसरा हुआ है। आज से ठीक 40 साल पहले बॉलीवुड के एक्टर-डायरेक्टर राज कपूर ने इस हर्षिल - धराली वादी की खूबसूरती को बड़े पर्दे पर उतारा था।

जिससे हर्षिल- धराली देश-दुनिया में खाश लोक प्रिया हुआ ये ही वजह रही की चार दशक से इस वैली में के प्रचार-प्रसार में इस फिल्म की अति महत्वपूर्ण भूमिका रही जिससे इस इस घाटी में पर्यटन व्यवसाय को नये पंख लगे थे।

हर्षिल-धराली घाटी में पांच अगस्त दिन के 1: 25 मिनट पर खीर गंगा में आई विनाशकारी बाढ़ से मलबे और मातम की चुप्पी में डूब गई है। एक समय में इसी इलाके में कैमरे और कलाकारों की रौनक हुआ करती थी। हिंदी सिनेमा में अब तक कई सदाबहार फिल्में आ चुकी है। कुछ फिल्में तो ऐसी रही हैं, जिन्हें दर्शक हमेशा देखना पसंद करते हैं।

हुस्न पहाड़ों का, ओ साहेबा.... क्या कहना के बारहों महीने यहां मौसम जाड़ों का...जी हा ये प्रसिद्ध गाना है 1985 में आई फिल्म श्राम



तेरी गंगा मैलीश का जघ्सि बेहद खूबसूरत घाटी में ये गाना गूंजा, आज वहां मातम पसरा हुआ है। गीतकार ने इस गाने में जिन पहाड़ों के हुस्न को बयां किया है, उसका नाम है- धराली-हर्षिल घाटी। ये वही हर्षिल घाटी है, जिसकी खूबसूरती ने आज से 4 दशक पहले राज कपूर का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। इश फिल्म को 25 जुलाई को 40 साल पूरे हो चुके हैं।1985 में रिलीज हुई इस फिल्म ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। राज कपूर के निर्देशन में बनी इस फिल्म का बजट उस समय 1.44 करोड़ रुपये था, और इसने बॉक्स ऑफिस पर 19 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की थी। यह फिल्म अपनी कहानी, गानों और सामाजिक संदेश के लिए आज भी याद की जाती है। राम तेरी गंगा मैलीष में मंदाकिनी और राजीव कपूर मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म की कहानी गंगा नदी की पवित्रता और एक महिला की जीवन यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है। इसके गाने, जैसे ष्सुन साहइबा सुनष और ष्एक राधा एक मीराष, आज भी लोगों की जुबान पर हैं। इस फिल्म ने न केवल कमाई के मामले में सफलता हासिल की, बल्कि सामाजिक मुद्दों को भी उजागर किया। रजा मुराद ने इस मौके पर फिल्म से जुड़ी यादों को ताजा करते हुए कहा कि यह उनके करियर की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है।40 साल बाद भी यह फिल्म दर्शकों के दिलों में जिंदा है।

## एक नजर ...

### गढ़वाल विवि में कीमती उपहार भेंट करने पर लगी रोक, परिपत्र जारी किया

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि में अब कीमती उपहारों को भेंट करने पर पूर्ण रुप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। गढ़वाल विवि के कुलपति श्रीप्रकाश सिंह के आद. ेशों पर कुलसचिव प्रो. राकेश ढोड़ी ने परिपत्र जारी किया है। जिसमें उन्होंने गढ़वाल विवि के अधिकारियों और कर्मचारियों से बैठकों और कार्यक्रमों में पहुंचने वाले गणमान्य अतिथियों को कीमती उपहार के बदले पुस्तकें भेंट करने को कहा है। गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. राकेश ढोड़ी ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में संस्थानों में पहुंचने वाले गणमान्य अतिथियों को गुलदस्ते, महंगे उपहारों के स्थान पर पुस्तकें, खादी रूमाल भेंट करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के बातों का अनुसरण करते हुए गढ़वाल विवि ने भी अब गढ़वाल विवि में बैठकों और कार्यक्रमों में पहुंचने वाले अतिथियों को स्मृति चिन्ह, महंगे उपहार भेंट न कर पुस्तकें, खादी रूमाल एवं फूल भेंट किए जायेंगे।

### भालू ने गोशाला में गाय को किया घायल

**रुद्रप्रयाग।** शुक्रवार देर रात्रि को जिला मुख्यालय से लगे डांगसेरा में भालू ने गौशाला के दरवाजे को तोड़कर वहां बंधी गाय को घायल कर दिया। गाय के जोर-जोर से रंभाने पर पशुपालक गौशाला पहुंचा और भालू पर डंडे से हमला कर उसे भगाया। इस दौरान भालू ने पशुपालक पर हमले का प्रयास भी किया, लेकिन अन्य लोगों की आवाज सुनकर वह भाग खड़ा हुआ। पिछले कुछ समय से नगर क्षेत्र में जंगली जानवरों का भय बना है। बीते शुक्रवार को भालू ने डांगसेरा निवासी जय प्रकाश नौटियाल की गौशाला के दरवाजे के दरवाजे को तोड़कर अंदर बंधी गाय को नाखुन और दांतों से हमला कर बुरी तरह लहुलुहान कर दिया। गाय के रंभाने की आवाज सुनकर पशुपालक डंडा लेकर गौशाला की तरफ भोग और भालू पर कई वार किये।

### यज्ञोपवीत संस्कार हुआ संपन्न

**कोटद्वार ।** रक्षा बंधन के पर्व पर शनिवार को श्री ज्वाल्पा देवी मंदिर समिति की ओर से श्री ज्वाल्पाधाम संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय में नव प्रवेशी छह छात्रों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक राजेश प्रकाश थपलियाल ने कहा कि छात्रों का यज्ञोपवीत संस्कार, जिसे जनेऊ संस्कार भी कहा जाता है, एक महत्वपूर्ण हिंदू संस्कार है जो छात्रों को औपचारिक शिक्षा और आध्यात्मिक जीवन में प्रवेश करने का प्रतीक है। यह सोलह संस्कारों में से एक है। कहा कि यज्ञोपवीत संस्कार छात्रों को ज्ञान, नैतिकता और आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा देता है।

### रक्षाबंधन पर छात्राओं ने किया पौधरोपण

श्रीनगर। रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर शनिवार को हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के चौरास परिसर स्थित छात्रावास में प्रकृति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं ने गढ़वाल विवि के कुलपति के अगुवाई में फलदार और औषधीय पौधों का रोपण कर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। मौके पर छात्राओं ने कहा कि अपने घरों से इतना दूर रहकर उन्होंने पौधा रोपण कर अपने भाईयों के तरह वृक्षों के सुरक्षा और देखभाल का संकल्प लिया है।

## अतिवृष्टि के मद्देनजर टिहरी डीएम का सख्त आदेश

**नई टिहरी।** टिहरी जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने मानसून सीजन में अतिवृष्टि की आशंका को देखते हुए प्रशासनिक कार्यों और जनहित से जुड़े कार्यों को निर्बाध रूप से संचालित रखने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। आद. ेश के तहत जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों की अनावश्यक आवाजाही तथा अवकाश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि आगामी आद. ेशों तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेगा और न ही अवकाश पर जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि आदेशों की अवहेलना, कार्य में लापरवाही या अनुपस्थित पाए जाने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# बारिश से खदाड़ा में तबाही, कई मकान क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़ /उत्तरकाशी।** जिले में आपदा थपने कि नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार की रात आई बारिश ने चिन्यालीसौड़ के ग्राम पंचायत खदाड़ा में भारी तबाही मचाई है। गांव में सुमन भट्ट के आवासीय मकान का पूरा आंगन चौक पूरी तरह ध्वस्त हो गया, जिससे बनगांव-बनचौरा मोटर मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। मलबा आने से पुलमा देवी, पत्नी स्व. दीवानू लाल का कच्चा मकान भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

**गांव में और भी खतरे की आशंका:** ग्रामीणों के अनुसार, इस आपदा से गांव के अन्य घर भी खतरे में हैं, जिनमें श्री दर्मियान सिंह बिष्ट, श्री जगमोहन सिंह, जयवीर सिंह, सूरी लाल, रणी लाल आदि



के मकान शामिल है। ग्राम प्रधान सोहन लाल ने सरकार से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यहां तत्काल स्थायी समाधान निकाला जाए।

वहीं, ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक विभाग के अधिकारी स्वयं मौके पर आकर स्थिति का आकलन नहीं करते, तब तक वे सड़क को नहीं खोलने देंगे। वहीं क्षेत्रीय पटवारी राजीव रमोला ने कहा कि सम्वधित भूस्खलनीय क्षेत्र का मौका मुआयना कर दिया गया है जिसको रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेज दी जाएगी।

### लोनिवि की लापरवाही पर सवाल

मीडिया से बातचीत में सुमन भट्ट ने बताया कि कुछ दिन पहले लोनिवि ने सड़क पर नाली का कार्य किया था। जेसीबी मशीन से सड़क के अंदर की ओर कटाई की गई, जिससे बरसात के दौरान जमीन खिसकनी शुरू हो गई। धीरे-धीरे पूरी जमीन खिसककर सड़क में आ गई, जिससे मकान का आधार कमजोर हो गया। उन्होंने बताया कि उनके साथ उनके दो भाई भी उसी मकान में रहते हैं और मकान अब जर्जर स्थिति में खड़ा है। खतरे के कारण वे अपने बच्चों और मवेशियों के साथ रात में ही गांव के अन्य लोगों के घर शरण लेने चले गए। पुलमा देवी ने बताया कि वे एक विधवा महिला हैं और बड़ी मुश्किल से अपने लिए कच्चा मकान बनाया था, लेकिन पीडब्ल्यूडी की लापरवाही के कारण वह भी मलबे की चपेट में आकर टूट गया। देर रात ग्रामीणों ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला और तब से वे भी अन्य लोगों के घर शरणार्थी बनी हुई हैं।

# बूढ़ाकेदार-पिंसवाड़ मोटर मार्ग चार दिन से बंद, ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ीं

## भूस्खलन और मलबे से बाधित सड़क, बीमारों को अस्पताल पहुंचाना बना चुनौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड भिलंगना की जीवनरेखा माने जाने वाला बूढ़ाकेदारदृपिंसवाड़ मोटर मार्ग पिछले चार दिनों से बंद होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग बंद होने से लोगों को करीब 10 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करनी पड़ रही है। बरसात के मौसम में यह सड़क अक्सर बाधित हो जाती है, जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाता है।

पिंसवाड़, जिले के सबसे दूरस्थ और आपदा की दृष्टि से संवेदनशील गांवों में से एक है। इसे बूढ़ाकेदार से जोड़ने वाला मोटर मार्ग पहले से ही जर्जर हालत में है। पिछली आपदा में आई बाढ़ से सड़क कई स्थानों पर धंस गई थी और मार्ग कई जगहों पर जोखिम भरा बन गया था। इस बार भी लगातार बारिश से जगह-जगह भूस्खलन और मलबा आने से मार्ग बाधित है। भारी वर्षा के चलते यह सड़क चार दिनों से पूरी तरह बंद है, जिससे छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी ग्रामीणों को लंबी पैदल दूरी नापनी पड़ रही है। सबसे बड़ी समस्या बीमार और बुजुर्ग लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में आ रही है। गांव के भरत सिंह और उमेद सिंह ने बताया कि बारिश के दिनों में इस सड़क की स्थिति बेहद खराब हो जाती है। पिछले तीन दिनों से जगह-जगह मलबा और बोल्डर जमा होने से मार्ग बंद पड़ा है। यहां तक कि मार्ग पर फंसे एक दुपहिया वाहन को भी ग्रामीणों ने मशक्कत से हटाया। सड़क का रखरखाव देख रही वेबक. ेस कंपनी के अवर अभियंता मनजीत सिंह ने बताया कि मार्ग खोलने के लिए जेसीबी मशीन लगाई गई है और प्रयास जारी हैं।

# झलिया गांव के ऊपर एक बार फिर संकट के बादल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** चमोली जिले के अंतिम गांवों में सुमार एवं पूर्व से आपदाग्रस्त झलिया गांव के ऊपर एक बार फिर से खतरें के बादल छाने लगें हैं।

दरअसल 2018 में विकासखंड देवाल के अंतर्गत एवं चमोली जिले के अंतर्गत अंतिम गांवों में सुमार झलिया जो कि बागेश्वर जिले के कुंवारी गांव से लगा हुआ हैं, गांव के पीछे की पहाड़ी के टूटने के कारण जिला प्रशासन ने ग्रामीणों की सुरक्षा की दृष्टि से सभी ग्रामीणों को इसी विकासखंड के अंतर्गत देवसारी गांव के अंतर्गत लाटातोली के बुग्याल में अस्थाई रूप से विस्थापित कर दिया गया



था।करीब 6 माह तक लाटतोली एवं अन्य रिश्तेदारों के रहने के बाद ग्रामीण पुन: झलिया गांव चले गये थें। 2018 के बाद से आजतक स्थिति स्थिर रहने पर पीड़ित ग्रामीणों ने राहत की सांस लेली थी, किंतु 7 वर्षों के बाद एक बार फिर से पहाड़ी से भूस्खलन होने के कारण उनके ऊपर संकट के बाद छाने लगें हैं। गांव के ग्रामीण हरीश दानू ने बताया कि मंगलवार से शुरू हुई भारी बारिश के कारण बुधवार से झलिया गांव की पहाड़ी फिर से दरकने लगी है।अब तक गांव की करीब 75 प्रतिशत भूमि नष्ट हो चुकी हैं, मकानों के ऊपर भी खतरें के बादल छा गयें है। बारिश होते ही ग्रामीणों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा हैं।

झलिया गांव के पीछे से फिर से पहाड़ी के भूस्खलन होने के संबंध में धरातलीय रिपोर्ट लेने के लिए राजस्व उपनिरीक्षक को गांवों में भेजा जा रहा है, वास्तविक स्थिति के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी, ग्रामीणों को आपदा की इस घड़ी में अतरिक्त सतर्कता बरती चाहिए...
**पंकज भट्ट, उपजिलाधिकारी थराली**

-------

झलिया गांव के पीछे की पहाड़ी से भूस्खलन होने के कारण गांव के ऊपर एक बार फिर से संकट के बादल छा गए हैं जो कि काफी चिंतनीय है,इस संबंध में उपजिलाधिकारी थराली को पत्र भेजकर ग्रामीणों की सुरक्षा का निवेदन किया गया हैं..**रमेश गड़िया, नवनियुक्त क्षेत्र पंचायत सदस्य चोटिंग-झलिया।**

## सेमवाल करेंगे श्रीलंका में सनातन धर्म का प्रचार

**रुद्रप्रयाग।** लोकसेवा आयोग हरिद्वार के पूर्व समन्वयक व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के पूर्व वरिष्ठ प्रवक्ता कालिका प्रसाद सेमवाल इसी माह श्रीलंका के प्रसिद्ध विश्व विद्यालय केलनिया में सनातन धर्म तथा श्री रामचंद्र का मानवता के कल्याण के लिए किए गए कार्यों का व्याख्यान करेंगे। जानकारी देते हुए सेमवाल ने बताया कि मुंबई की साहित्यिक सांस्कृतिक शोध संस्थान के माध्यम से श्रीलंका में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है तथा उनका चयन मुख्य वक्ता के रुप में किया गया है। वे श्रीलंका (कोलम्बो) के केलनिया विश्व विद्यालय व अन्यत्र स्थानों पर गौरवशाली सनातन धर्म व विष्णु के अवतार प्रभु श्रीराम द्वारा जगत कल्याण के लिए अधर्म पर धर्म की विजय गाथा पर व्याख्यान करेंगे।

# देवप्रयाग नगर पालिका के काम से नाराज सभासदों की चेतावनी

## 10 दिन में हालात न सुधरे, तो पालिका कार्यालय के बाहर धरना और तालाबंदी करेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नगर पालिका परिषद देवप्रयाग के कार्यों से असंतुष्ट नव निर्वाचित सभासदों ने पालिका प्रशासन को कड़ा अल्टीमेटम दिया है। सभासदों ने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिन के भीतर नगर क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो 17 अगस्त से पालिका कार्यालय के बाहर धरना और ताला. बंदी शुरू की जाएगी।

सभासदों का आरोप है कि कार्यभार संभालने के सात महीने बाद भी कार्यकारी अधिकारी (ईओ) राहुल भंडारी और अन्य अधिकारी निष्क्रिय बने हुए हैं। ईओ को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने अपने-अपने वार्डों में साफ-सफाई, कीटनाशक छिड़काव और झाड़ी कटान जैसे बुनियादी कार्यों की उपेक्षा का मुद्दा उठाया। उनका कहना है कि इन लापरवाहियों से स्थानीय जनता में भारी नाराजगी है।

सभासदों ने विशेष रूप से शांता गदेरे की सफाई न होने, दलित बस्ती धर्मपुर और कृष्ण चौरी के जर्जर रास्तों, पुश्तों की मरम्मत में देरी और बाह बाजार क्षेत्र में विकास कार्यों की सुस्त रफ्तार पर गंभीर आपत्ति जताई। साथ ही उन्होंने अवर अभियंता की नियुक्ति में लंबी देरी, अधूरे टेंडर और बंद पड़े सार्वजनिक शौचालयों की समस्या को भी प्रमुख मुद्दा बताया।

सभासदों ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में सभासद राहुल कोटियाल, संगीता ध्यानी, सुनीता तिवारी और विमल मिश्रा शामिल रहे।

## धूमधााम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

**कोटद्वार ।** भाई बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्यौहार शनिवार को कोटद्वार में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को रक्षा का वचन दिया और उपहार दिए। बहनों ने भाइयों की आरती उतारी और रंग-बिरंगे धागों से बनी राखियां बाधीं। छोटी बहनों और नन्हें-मुन्ने भाइयों में गजब का उत्साह देखने को मिला। शुभ मुहूर्त शुरू होते ही बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की। हिन्दू पंचागानुसार श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया जाता है। यह त्यौहार भाई-बहन का एक-दूसरे के प्रति स्नेह, प्यार व अटूट विश्वास का प्रतीक है।

# जौनपुर ब्लॉक के किसानों की फसलें जंगली जानवरों के हमले से तबाह

## ग्रामीणों ने की वन विभाग और प्रशासन से सुरक्षा व फेंसिंग की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी जनपद के जौनपुर ब्लॉक के कई गांव इन दिनों बंदरों और सुअरों के लगातार हमलों से परेशान हैं। आलू, मटर, बीन, गोभी, शिमला मिर्च, अरबी और अन्य नगदी फसलों को जंगली जानवर बुरी तरह से नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों की मेहनत और निवेश दोनों पर पानी फिर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत और मांग के बावजूद संबंधित विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा।

दसज्यूला और छैज्यूला पट्टी के मोलधार, ओतण, भुयासारी ढीक, बैड, कुंड, डांडा, परोड़ी, लगड़ासू, क्यारी समेत कई गांवों के काश्तक. ारों ने बताया कि वे खेतों में हजारों रुपये की लागत से फसल तैयार करते हैं, लेकिन बंदरों और सुअरों के झुंड रात-दिन खेतों में घुसकर पूरी मेहनत चौपट कर देते हैं। किसान सोबन सिंह, जयदेव, जगतंबा दास, प्यारे लाल, शूरवीर सिंह और विक्रम ने कहा कि फसलें तैयार होने के बाद इस तरह का नुकसान सबसे बड़ा आघात है। ग्रामीणों ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन से फसलों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग वॉल जैसी स्थायी व्यवस्था करने और हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना है कि लंबे समय से वे इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। मामले में रेंज अधिकारी लतीका उनियाल ने कहा कि प्रभावित किसान विभाग में लिखित शिकायत दर्ज कराएं, ताकि प्रतिकर की प्रक्रिया शुरू की जा सके।

# काणाताल-सनगांव मोटर मार्ग को मिली स्वीकृति, 1.70 करोड़ का बजट जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल काणाताल-सनगांव मोटर मार्ग को आखिरकार शासन से मंजूरी मिल गई है। इस सड़क निर्माण के लिए 1. 70 करोड़ रुपये की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह जानकारी टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने देते हुए कहा कि लंबे समय से ग्रामीण इस सड़क की मांग कर रहे थे और अब शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

विधायक उपाध्याय ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से इस सड़क के निर्माण को लेकर विशेष आग्रह किया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे लेकर घोषणा की थी और अब चार अगस्त को संयुक्त सचिव राजेंद्र सिंह पतियाल द्वारा जारी जीओ के तहत 4. 78 किलोमीटर लंबे इस मोटर मार्ग के निर्माण को औपचारिक मंजूरी दे दी गई है। सड़क की स्वीकृति मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों ने खुशी जताई और विधायक किशोर उपाध्याय व मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि 2002 से 2005 के बीच उन्होंने चंबा, थौल धार और जाखणी धार ब्लॉक में कई सड़कें स्वीकृत कराने के लिए संघर्ष किया, जिनमें से कुछ आज भी निर्माणाधीन हैं और कुछ का कार्य शुरू नहीं हो सका है।

# आंसुओं के सैलाब के बीच भाइयों की तलाश में राखी लेकर धराली पहुंची बहनें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** पांच अगस्त को धराली में आई विनाशकारी प्राकृतिक आपदा से लापता लोगों के परिजन अपनों की तलाश में पिछले पांच दिनों से पतथराई आंखों से गंगा की तेज लहरों को निहार रहे है। आज रक्षाबंधन का सनातन धर्म में भाई बहनों का पवित्र त्यौहार है। दो बहिनें हैं राखी और मायाड्ढराखी धराली की तो माया देहरादून की रहने वाली हैं। दोनों ही बहने पिछले पांच दिनों से अपने भाई को फोन कर रहे फोन नहीं लग रहा। आज रक्षाबंधन पर आँसुओं के सैलाब के बीच अपने भाईयों को खोजने धराली पहुँच गई है।

यह घटना एक मार्मिक (प्रेरणादायक) है, जो भाई-बहन के प्रेम और स्नेह को दर्शाती है। यह याद दिलाता है कि भाई-बहन का रिश्ता कितना खास होता है।

बता दें कि धराली की आपदा ने लोगों की आजीविका चलाने वाले घर, होटल , होमस्टे दुकान, सेब के बागवान को जमींदोज कर दिया है, बहुतों को हमेशा हमेशा के लिए अपनों से भी दूर कर दियाड्ढमहज 34 सेकंड के उस जल सैलाब ने धराली का नक्शा तो बदल ही दिया, लेकिन बहुतों की जिंदगी भी तबाह कर दीड्ढजो गए सो गए, लेकिन जो रह गए, उनके हिस्से कभी न भुलाया जाने वाला दु:ख और अपनों को खोने का दर्द रह छोड़ दिया हैड्ढऐसा दर्द जिसकी कोई दवा नहींड्ढऐसा दु:ख जिसकी कोई कभी भी कोई भरपाई नहीं कर सकता है। दो बहिनें हैं राखी और मायाड्ढराखी धराली की तो माया देहरादून की रहने वाली हैं। दोनों ही रक्षाबंधन पर आँसुओं के सैलाब के बीच अपने भाईयों को खोजने धराली पहुँच गई है। जिला प्रशासन भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र तो नहीं बँधा पाया, लेकिन उसने इतना रहम जरूर दिखाया कि पिछले पाँच दिनों से भाई को खोजने धराली जाने के लिए गुहार लगा रही इन बहिनों को उत्तरकाशी के मातली से रक्षाबंधन पर हेलीकॉप्टर से धराली भेज दिया। ईश्वर करे दोनों बहनों के धराली पहुँचों तो दु:ख के ये आँसू, मन की वो अथाह पीड़ा, वो दर्द- खुशी में तब्दील हो जाएँ और हमेशा की तरह आप अपने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बाँध सके। और भाई-बहन का रिश्ता को निभा सकें।

### ड्यूटी पर तैनात डॉ. जय को नर्सों ने बांधी राखी


**कोटद्वार।** देशभर में आज भाई-बहन का रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जा रहा है । हर बहन अपने भाई को राखी और रेशम के धागे बांधकर रक्षा का वचन ले रही है। उधर ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों द्वारा आपस में राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया । शनिवार को इमरजेंसी में तैनात डॉ जय हिंद ने अपनी ड्यूटी समाप्त होने के बाद वहां पर मौजूदा स्टाफ नर्सो से राखी बंधवाकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया । डॉ जयहिंद ने बताया कि उनका घर काफी दूर है जिस कारण उनकी बहिन ने उनके लिए राखी भिजवाई है । उन्होंने अस्पताल की इमरजेंसी में मौजूद स्टाफ नर्सो से राखी बंधवाकर कर्तव्य निष्ठा का भी उदाहरण दिया है ।

### धराली -हर्षिल आपदा में घायल सैनिकों सौरभ फाउंडेशन की बहिनों ने बांधी राखी

उत्तरकाशी। जिले के धराली- हर्षिल में पांच अगस्त को आई भीषण आपदा के दौरान सेना के जवानों को खोने के बाद भी अपनी जान की फिक्र न करते हुए धराली में रेस्क्यू करने का प्रयास किया जिसमें की वे खुद चोटिल हो गए और जिला अस्पताल उत्तरकाशी में भर्ती है। उत्तरक. ाशी के सौरभ फाउंडेशन की बहिनों ने सेना के घायल जवानों को एक रक्षा सूत्र,देश के रक्षकों के नाम से बाधा है। सौरभ फाउंडेशन के आकाश भट्ट ने बताया कि सेना जवान हमारे देश की रक्षा अपनी जान की फिक्र किए बिना करते हैं उनके लिए हमारा एक छोटा सा प्रयास की वे आज अपने परिवार से दूर हैं और मौत के मुंह से बच कर आए हैं तो उनकी रक्षा भगवान ने जरूर की है, लेकिन हमारी बहिनों ने उन्हें यह रक्षा सूत्र बांध कर उनको उनकी बहिनों की कमी महसूस नहीं होने दी ।

संक्षिप्त खेल समाचार

## सऊदी अरब स्नूकर मास्टर्स जेद्दा में शुरू



**जेद्दा, वार्ता।** सऊदी अरब स्नूकर मास्टर्स 2025 का सऊदी अरब के जेद्दा में आगाज हुआ, जिसमें दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जड ट्रम्प और विश्व चैंपियनशिप विजेता झाओ शिनटोंग सहित कई शीर्ष खिलाड़ी शामिल हुए। जड ट्रम्प गत विजेता के रूप में वापसी कर रहे हैं। पिछले साल रियाद में हुए फाइनल में, ट्रम्प ने मार्क विलियम्स के खिलाफ शानदार वापसी की थी और निर्णायक राउंड में 62-0 से पिछड़ने के बाद 72 अंकों की शानदार क्लीयरेंस के साथ 10-9 से जीत हासिल की थी। इस साल के टूर्नामेंट में कुल 144 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट में काइरेन विल्सन, मार्क विलियम्स, जॉन हिगिंस और रोनी ओ'सुलिवन जैसे विश्वस्तरीय सितारे शामिल हैं, साथ ही झाओ शिंटोंग, डिंग जुनहुई, झांग आंदा और सी जियाहुई जैसे अनुभवी और उभरते सितारों से युक्त एक मजबूत चीनी दल भी शामिल है।

## बारिश के चलते ओडीडब्ल्यू व सीडीके का मैच रद्द

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन 2 का सेंट्रल दिल्ली किंग्स (सीडीके) और आउटर दिल्ली वॉरियर्स (ओडीडब्ल्यू) के बीच शनिवार को खेला जाने वाला मैच लगातार हो रही बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। देर रात से हो रही बारिश के कारण डीपीएल सीजन दो का 14वां मैच बिना एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया।

# बेंगलुरु में बनेगा देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

- **कर्नाटक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की घोषणा**
- **80,000 दर्शकों की होगी स्टेडियम की क्षमता**
- **आरसीबी भगदड़ केस के बाद लिया गया फैसला**

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के पास नया क्रिकेट स्टेडियम बनवाने की घोषणा की है। इस स्टेडियम में एक साथ 80 हजार दर्शक मैच देख सकेंगे। यह दर्शक क्षमता के हिसाब से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा। सिद्धारमैया ने कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड के सूर्या सिटी, बोम्मासंद्रा में स्टेडियम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसे 1650 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। नया स्टेडियम पहले से मौजूद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से 22 किलोमीटर दूर है। इसे बनाने का फैसला रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के विक्ट्री सेलिब्रेशन में मची भगदड़ के बाद लिया गया है। आरसीबी ने पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती। इसी जीत का जश्न मनाने के लिए 4 जून को चिन्नास्वामी में कार्यक्रम रखा गया था।

इसमें भगदड़ मच गई और 11 लोगों को जान गंवानी पड़ी। स्टेडियम 100 एकड़ में बनाया जाएगा 1,650 करोड़ रुपए की इस परियोजना का पूरा खर्च कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड उठाएगा। इसमें सिर्फ क्रिकेट मैदान ही नहीं, बल्कि आठ इनडोर और आठ आउटडोर खेलों की सुविधाएं, आधुनिक जिम, ट्रेनिंग सेंटर, स्विमिंग पूल, गेस्ट हाउस, हास्टल, होटल और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए एक कन्वेंशन हाल भी होगा। यह स्टेडियम बेंगलुरु में बीसीसीआई के नए एनसीए जैसा बन सकता है। बड़े आयोजनों के लिए ठीक नहीं हैं एम. चिन्नास्वामी बेंगलुरु भगदड़ मामले की जांच करने वाले जस्टिस जान माइकल कुन्हा आयोग ने कहा था कि 32,000 दर्शकों की क्षमता वाला एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, जो सिर्फ 17 एकड़ में फैला है, बड़े आयोजनों के लिए ठीक नहीं है। आयोग ने सलाह दी थी कि ऐसे मैचों को ज्यादा जगह और बेहतर सुविधाओं व पार्किंग वाले स्थानों पर कराया जाए। महाराजा ट्रॉफी 2025 को मैसूर शिफ्ट किया गया 11 अगस्त से शुरू होने वाली घरेलू टी-20 लीग महाराजा ट्रॉफी को मैसूर शिफ्ट कर दिया गया। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ को पुलिस से मंजूरी न मिलने के कारण महाराजा ट्रॉफी का आयोजन मैसूर में कराना पड़ रहा हैं। इसके बाद से विमेंस वर्ल्ड कप के मैचों और 2026 में यहां आईपीएल मैचों की मेजबानी पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। बेंगलुरु में हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी चिन्नास्वामी स्टेडियम मे जून में आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के आसपास हुई।

# रमेश बुदिहाल ने रचा इतिहास



- **एशियाई सर्फिंग स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने**

**चेन्नई, वार्ता।** शीर्ष भारतीय सर्फर रमेश बुदिहाल ने आज यहां से लगभग 50 किलोमीटर दूर महाबलीपुरम में आयोजित एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में पहुंचने वाला पहला भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। इस स्पर्धा के छठे दिन शानदार प्रदर्शन, असाधारण प्रदर्शन और एक ऐसा क्षण देखने को मिला जो भारत के खेल इतिहास में हमेशा के लिए अंकित हो जाएगा। कल चार भारतीय सर्फरों के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के अभूतपूर्व प्रदर्शन के बाद,आज सभी की निगाहें महाबलीपुरम के प्रसिद्ध राइट-हैंड पॉइंट ब्रेक पर थीं क्योंकि प्रतियोगिता निर्णायक नॉकआउट चरणों में प्रवेश कर गई। ओपन पुरुष क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल, ओपन महिला सेमीफाइनल, अंडर-18 लड़कों के क्वार्टरफाइनल और अंडर-18 लड़कियों के क्वार्टरफाइनल जैसे प्रमुख हीट के साथ, यह दिन नॉकआउट मुकाबलों, उच्च दबाव वाले प्रदर्शनों और इतिहास रचने वाले क्षणों से भरा रहा। टीम इंडिया ने ओपन पुरुष क्वार्टरफाइनल में तीन सर्फरों के साथ दिन की शुरुआत की और यह एक ऐसा दिन बन गया जो भारतीय सर्फिंग इतिहास में दर्ज हो जाएगा। भारत के शीर्ष सर्फर, रमेश बुदिहाल ने क्वार्टरफाइनल हीट 1 में दबाव में लहरों के चयन और संयम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और नील सांचेज (पीएचएल) - 12-80 को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल में आगे बढ़ते हुए, रमेश ने एक सटीक समय पर, उच्च स्कोरिंग प्रदर्शन के साथ अपनी गति बनाए रखी जिससे उन्हें एक तनावपूर्ण हीट में दूसरा स्थान मिला और उन्होंने फाइनल में जगह पक्की कर ली-किसी महाद्वीपीय चैंपियनशिप में यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे पहले भारतीय सर्फर बन गए।



# ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने इंडिया को हराया

- **एलिसा हीली ने 73 व तालिया विल्सन ने 43 रनों की शानदार पारी खेली, किम गार्थ को चार विकेट मिले**

**मकाय, वार्ता।** एलिसा हीली (73), तालिया विल्सन (43) की शानदार बल्लेबाजी के बाद किम गार्थ (चार विकेट), एमी एडगर और टेस फ्लिंटॉफ (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर आज ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में इंडिया ए को 114 रनों से हरा दिया।

188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए टीम की शुरुआत खराब रही और उसने महज तीन रन पर अपने दो विकेट गंवा दिये। उमा छेत्री (शून्य) और शेफाली वर्मा (तीन) पर आउट हुई। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के आक्रमण के आगे इंडिया ए की बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सकीं और पूरी टीम 15-1 ओवर में 73 के स्कोर पर सिमट गई। इंडिया ए की ओर से दिनेश वृंदा ने 21 और मिन्नू मनी 20 रनों की पारी खेली। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकीं। ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से किम गार्थ ने तीन ओवर में सात रन देकर चार विकेट लिए। एमी एडगर और टेस फ्लिंटॉफ को दो-दो विकेट मिले। लूसी हैमिल्टन और सियाना जिंजर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंडिया ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए तालिया विल्सन और एलिसा हीली की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 95 रन जोड़े। 11वें ओवर में राधा यादव ने तालिया विल्सन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। तालिया विल्सन ने 35 गें. दों में छह चौकों की मदद से 43 रन बनाए। इसके बाद राधा यादव ने 15वें ओवर में एलिसा हीली को भी अपना शिकार बनाया। एलिसा हीली ने 44 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 70 रनों की पारी खेली। अनिका लीरॉइड ने 21 गेंदों में 35 रन बनाए। कप्तान निकोल फॉल्टम (आठ) रनआउट हुई। ऑस्ट्रेलिया ए टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 187 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंडिया ए महिला टीम के लिए राधा यादव ने दो विकेट लिए। प्रेमा रावत ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# दस भारतीय मुक्कबाजों ने फाइनल में जगह बनाई

- **सात महिलाओं सहित दस भारतीय मुक्केबाजों ने अपने-अपने मुकाबले जीते**

**बैंकॉक, वार्ता।** सात महिलाओं सहित दस भारतीय मुक्केबाज शुक्रवार को बैंकॉक, थाईलैंड में चल रही अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज करने के बाद स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

महिला मुक्केबाज निशा (54 किग्रा), मुस्कान (57 किग्रा), विनी (60 किग्रा), निशा (65 किग्रा), आरती कुमारी (75 किग्रा), पार्ची टोकस (80+ किग्रा) के साथ-साथ पुरुषों की स्पर्धा में मौसम सुहाग (65 किग्रा), राहुल कुंडू (75 किग्रा) और हेमंत सांगवान (90 किग्रा) फाइनल में पहुंच गए हैं। कृतिका (80 किग्रा) को सीधे फाइनल में प्रवेश मिला है। अंडर-19 और अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप, जो एक साथ आयोजित की जा रही हैं, जो भारत के उभरते सितारों को एशिया के कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने का एक मंच प्रदान करती हैं। भारत ने 40 मुक्केबाजों का एक मजबूत दल उतारा है - प्रत्येक आयु वर्ग में 20 - जिसमें सिद्ध चैंपियन और घरेलू सर्किट में प्रभावित करने वाली संभावित प्रतिभाओं का एक बेहतरीन मिश्रण है।

# न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को पारी और 359 रनों से पीटा, तीसरी बड़ी जीत दर्ज की



**बुलावायो, वार्ता।** जैकरी फॉक्स (पांच विकेट) की बेहत. रीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन जिम्बाब्वे को दूसरी पारी में 117 रनों पर ढेर कर मुकाबला पारी और 359 रनों से जीत लिया।

- **जैकरी फॉक्स ने पांच विकेट लेकर बेहतरीन गेंदबाजी की, जिम्बाब्वे दूसरी पारी में 117 पर ढेर**

इसी के साथ न्यूजीलैंड ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। यह न्यूजीलैंड की सबसे बड़ी और ओवरऑल टेस्ट इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी जीत है। सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम है जिसने ऑस्ट्रेलिया को 1938 में पारी और 579 रन से हराया था।

दूसरी सबसे बड़ी जीत ऑस्ट्रेलिया के नाम है जिसने दक्षिण अफ्रीका को 2002 में पारी और 360 रन से पराजित किया था। न्यूजीलैंड की इससे पहले सबसे बड़ी जीत 2012 में थी जब उसने जिम्बाब्वे को पारी और 301 रन से शिकस्त दी थी। सुबह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे को मैट हेनरी ने शुरुआत में दो झटके दिये। ब्रायन बेनेट (शून्य) और ब्रेंडन टेलर (सात) रन बनाकर आउट हुए। ब्रायन बेनेट के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आये निक वेल्च ने शॉन विलियम्स के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन जेकब डफी ने विलियम्स (नौ) को आउटकर जिम्बाब्वे को तीसरा झटका दिया। इसके बाद कप्तान क्रेग इर्विन ने निक वेल्च के साथ मोर्चा संभाला। मैथ्यू फिशर ने क्रेग इर्विन (17) को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथी सफलता दिलाई। इसके बाद जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज न्यूजीलैंड के जैकरी फॉक्स के गें. दबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका।

# पाक ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया

- **हसन नवाज ने नाबाद 63 और कप्तान रिजवान ने 53 रनों की पारी खेली शाहीन को चार विकेट मिले**

**टरूबा, वार्ता।** शाहीन शान अफरीदी (चार विकेट) और नसीम शाह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद हसन नवाज (नाबाद 63) और कप्तान मोहम्मद रिजवान (53) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने पहले एकदिवसीय मैच में वेस्टइंडीज को सात गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 281 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 16 के स्कोर पर अपना पहला विकेट सैम अयूब (पांच) के रूप में गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बाबर आजम ने



अब्दुल्लाह शफीक के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में शमार जोसेफ ने अब्दुल्लाह शफीक (29) को पगबाधा आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। बाबर आजम (47) और आगा सलमान (23) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 53 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने 48-5 ओवर में पांच विकेट पर 284 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। हसन नवाज ने 54 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 63 रन बनाए। और हुसैन तलत ने 37 गें. दों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 41 रनों की पारी खेली। हसन नवाज को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने दो विकेट लिए। जेडेन सील्स, गुडाकेश मोती और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चार रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट ब्रैंडन किंग (चार) के रूप में गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केसी कार्टी ने एविन लुइस के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 77 रनों की साझेदारी हुई। सुफियान मकीम ने केसी कार्टी (30) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

## आयरलैंड की महिला टीम ने पाकिस्तान को चार विकेट से हराया

**डबलिन, वार्ता।** ऑर्ला प्रेंडरगस्ट (51 रन/एक विकेट), लॉरा डेलेनी (42) और रेबेका स्टोकेल (34) की शानदार प्रदर्शन के दम पर आयरलैंड की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 35 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। एमी हंटर (छह), ली पॉल (शून्य) और कप्तान गैबी लुईस (21) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय ऑर्ला प्रेंडरगस्ट और लॉरा डेलेनी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट लिए 76 रनों की साझेदारी हुई। रमीन शमीम ने ऑर्ला प्रेंडरगस्ट को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने 34 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 52 रनों की पारी खेली। इसके बाद फातिमा सना ने लॉरा डेलेनी को आउटकर पाकिस्तान को पांचवीं सफलता दिलाई। लॉरा डेलेनी ने 34 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 42 रन बनाए।

# टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में हेड के साथ पारी खेल सकते हैं मार्श

- **विश्व कप से पहले टीम के रूप में खिलाड़ियों को लचीला होने की जरूरत : मार्श**

**डार्विन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान मिशेल मार्श ने पुष्टि की है कि वह फिलहाल इस प्रारूप में ट्रैविस हेड के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। मार्श 2021 से इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के तीसरे नंबर के बल्लेबाज़ थे और इस कदम का फायदा भी हुआ जब इस ऑलराउंडर ने उस साल टी20 विश्व कप फाइनल में 'मैन ऑफ द मैच' प्रदर्शन किया। हालांकि उन्होंने अगले दो संस्करणों में भी इसी क्रम पर बल्लेबाजी जारी रखी है, 33 वर्षीय यह खिलाड़ी हेड के साथ शीर्ष क्रम में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है।

हालांकि ग्लेन मैक्सवेल ने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ कैरिबियन दौरे पर हेड की अनुपस्थिति में पारी की शुरुआत की थी, लेकिन यह बाएं हाथ का बल्लेबाज भी अपनी पसंदीदा जगह पर वापसी करेगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से



पहले डार्विन में मार्श ने कहा कि निकट भविष्य में मैं और हेडी (ट्रैविस हेड) ही शीर्ष पर रहेंगे। ज़ाहिर है, हम साथ में काफी खेल चुके हैं, हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं, इसलिए (हम) वहीं से शुरुआत करेंगे। विश्व कप से पहले टीम के रूप में, खिलाड़ियों को लचीला होने की जरूरत है, यही संदेश दिया गया है। मार्श द्वारा बल्लेबाजी क्रम को लचीला बनाने की अपील हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ 5-0 की हार के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जहां मिशेल ओवेन जैसे खिलाड़ी ने हाल के महीनों में टी20 सर्किट में शीर्ष क्रम में अपनी छाप छोड़ने के बावजूद, मध्य क्रम में सहजता से बदलाव किया। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया के लचीलेपन के कारण टिम डेविड ने उस श्रृंखला में एक मैच में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों में शानदार शतक जड़ा। इसने निश्चित रूप से 2021 के चैंपियन को डेविड को लगातार बल्लेबाजी क्रम में ऊपर लाने का एक नया विकल्प दिया है। मार्श ने कहा कि हमने इस बारे में बात की है, हमने कैरिबियन में देखा है कि वह (डेविड) सामान्य से पहले बल्लेबाजी करने आए थे। उनका कौशल इसके लिए बना है। उम्मीद है कि वह जितनी ज्यादा गेंदों का सामना करेंगे, उतने ही ज्यादा मैच हमारे लिए जीतेंगे। गेंदबाजी के मामले में अपनी प्रगति के बारे में मार्श ने स्वीकार किया कि वह फिलहाल सिर्फ बल्लेबाज के रूप में ही खेलेंगे, लेकिन उन्होंने भविष्य में गेंदबाजी की जिम्मेदारी में वापसी की संभावना से इनकार नहीं किया है। उन्होंने स्वीकार किया कि मेरे लिए गें. दबाजी फिलहाल ऑफलाइन है, लेकिन यह हमेशा के लिए ऑफलाइन नहीं है। इस समय यह सीरीज दर सीरीज होगी, हमारे पास कई विकल्प हैं। उन्होंने आगे कहा कि विश्व कप में अभी 15 मैच बाकी हैं, इसलिए हम अपनी मनचाही शैली पर काम करते रहेंगे, यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे खिलाड़ी हर पल का आनंद लें और सीरीज जीतें।

## फलस्तीनी फुटबॉलर सुलेमान अल ओबेद की इजरायली सेना के हमले में मौत



**यरुशलम, वार्ता।** फलस्तीन राष्ट्रीय टीम के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी सुलेमान अल ओबेद (पेले) की इजरायली सेना के हमले में मौत हो गई है।

पीएफए ने बताया कि पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी 41 वर्षीय सुलेमान अल-ओबेद की दक्षिण गाजा में मानवीय सहायता का इंतजार करते समय इजरायली सेना के हमले में मारे गये। वह फलस्तीनियों के बीच पेले के नाम से मशहूर थे। उनके परिवार में पीछे पत्नी और पांच बच्चे हैं। सुलेमान अल-ओबैद ने अपने फुटबॉल करियर की शुरुआत खादमत अल-शाती के साथ की थी, बाद में उन्होंने पश्चिमी तट पर मरकज शबाब अल-अमरी और गाजा स्पोर्ट के लिए खेला।

इस दौरान उन्होंने 100 से अधिक गोल किए। यही से उन्हें पेले उपनाम मिला। पीएफए ने बताया कि उन्होंने 2007 में फिलिस्तीन के लिए राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया और 24 मैच जीते और दो गोल किए। इनमें से एक गोल 2010 पश्चिम एशियाई फुटबॉल महासंघ चैंपियनशिप के दौरान यमन के खिलाफ कैंची किक के रूप में किया गया था।पीएफए ने कहा कि अक्टूबर 2023 से अब तक खेल क्षेत्र से जुड़े 662 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें फुटबॉल समुदाय के 321 लोग शामिल हैं।

## बोडोलैंड एफसी ने पंजाब एफसी को हराकर ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया

**कोकराझार, वार्ता।** स्थानीय टीम बोडोलैंड एफसी ने कोलंबियाई स्ट्राइकर रॉबिन्सन ब्लैंडन रेंडन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत आईएसएल टीम पंजाब एफसी को उसके घरेलू दर्शकों के सामने हराकर 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह मैच यहां साई स्टेडियम में खेला गया। इस हार के साथ, पिछले साल की क्वार्टर फाइनलिस्ट पंजाब एफसी दो मैचों में चार अंकों के साथ ग्रुप चरण का अभियान समाप्त करने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई, जबकि बोडोलैंड एफसी के दो मैचों में छह अंक हैं। बोडोलैंड एफसी के मुख्य कोच विकास पंथी ने अपनी शुरुआती लाइन-अप में एक बदलाव करते हुए घाना के अब्दुल समद अंगो को दानस्वरांग बसुमतारी की जगह 4-2-3-1 फॉर्मेशन में शामिल किया।



# ग्राउंड जीरो पर पहुंचे स्वास्थ्य सचिव, व्यवस्थाओं को देखा

## धराली में आपदा प्रभावित इलाकों में राहत व बचाव कार्यों का किया निरीक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**उत्तरकाशी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार शनिवार को रक्षाबंधन के दिन सीधे ग्राउंड जीरो धराली पहुंचे। यहां उन्होंने आपदा प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्यों की कमान अपने हाथों में लेते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीमों, एसडीआरएफ, एनडीआरफ

आइटीबीपी और स्थानीय स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाया। शनिवार को 158 लोग चिन्यालीसौड़ और 170 लोग मातली हेलीपैड पर पहुंचे, जिनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें सुरक्षित उनके गंतव्य के लिए भेजा गया। धराली पहुंचते ही माहौल भावुक हो गया, जब चिकित्सा स्टाफ व महिलाओं ने स्वास्थ्य सचिव को राखी बांधकर अपना स्नेह और विश्वास जताया। डॉ. राजेश कुमार ने सभी को आश्वासन दिया "स्वास्थ्य विभाग आपके साथ खड़ा है, जरूरत पड़ी तो चौबीसों घंटे यहां रहेंगे।"इस मौके पर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य गढ़वाल मंडल डॉ. सी.पी. त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. एस. रावत, राज्य नोडल अधिकारी डॉ बिमलेश जोशी, प्रमुख अधीक्षक डॉ. पी.एस. पोखरियाल, नोडल अधिकारी चिन्याली डॉ. विनोद कुकरेती एवं नोडल अधिकारी मातली डॉ. बी.एस. पांगती मौजूद रहे।

**राहत शिविरों का निरीक्षण और स्वास्थ्य परीक्षणः** धराली पहुंचने से पहले डॉ. आर. राजेश कुमार ने चिन्यालीसौड़ हेलीपैड और मातली स्थित आइटीबीपी राहत शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां यात्रियों और आपदा प्रभावित लोगों से संवाद कर उनका हालचाल जाना। शिविरों में स्वास्थ्य परीक्षण व्यवस्थाओं को परखा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान शिविर में मौजूद महिला स्वास्थ्यकर्मियों ने भी उन्हें राखी बांधी। स्वास्थ्य सचिव ने कहा त्योहार पर अपने घर से दूर रहकर सेवा में जुटी हमारी टीम का यह समर्पण अविस्मरणीय है।

### राहत और बचाव मोर्चे का जायजा जवानों के साथ किया भोजन

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सचिव ने एसडीआरएफ, एनडीआरफ, और आइटीबीपी के जवानों से मुलाकात कर उनके जज्बे की सराहना की। उन्होंने एसडीआरएफ जवानों के साथ दोपहर का भोजन किया और कहा कि कठिनतम परिस्थितियों में भी आपकी सेवा भावना अद्वितीय है।

### घायलों से मुलाकात, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की गारंटी

धराली में घायल और बीमार लोगों से मिलकर स्वास्थ्य सचिव ने भरोसा दिलाया कि सभी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं तुरंत और निरंतर उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने भविष्य में इस क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक स्वास्थ्य योजना तैयार करने की घोषणा की, ताकि आपदा जैसी परिस्थितियों में किसी को भी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भटकना न पड़े।

### 24 घंटे तैनात स्वास्थ्य टीमें

स्वास्थ्य विभाग ने चिन्यालीसौड़ से धराली तक विशेषज्ञ डॉक्टरों के नेतृत्व में कई स्वास्थ्य टीमों की तैनाती की है, जो लगातार 24 घंटे लोगों के स्वास्थ्य की जांच, उपचार और सहायता में जुटी हैं। जिला चिकित्सालय में भी स्वास्थ्य सचिव ने आपदा में घायल मरीजों का हालचाल लिया और प्रमुख अधीक्षक को निर्देश दिए कि किसी भी मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में कोई कमी न रहे।

# प्रभावित परिवारों को 6 माह का राशन देगी सरकार:सीएम

## पौड़ी के सैंजी और बांकुड़ा गांव में क्षतिग्रस्त घरों के लिए भी दी जाएगी सहायता राशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धराली रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता लोगों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने की थी। खराब मौसम के बावजूद अब तक 1000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया जा चुका है। जिसमें स्थानीय लोगों के साथ देश भर से आए तीर्थ यात्री भी शामिल हैं। घायलों को जिला अस्पताल, एम्स में भर्ती किया गया है। सभी को अच्छा इलाज मिले इसकी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया हर्षिल व धराली क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां, दूध, राशन, कपड़े पहुंचाए गए हैं।



**125 के दो जेनरेटर सेट पहुंचाएः** मुख्यमंत्री ने बताया हर्षिल क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के लिए उरेडा का पावर हाउस चालू किया गया है। यूपीसीएल द्वारा बिजली तारों की मरम्मत की जा रही है। मोबाइल कनेक्टिविटी को सुधार लिया गया है साथ ही 125 ज्ञट के दो जनरेटर सेट भी आपदा क्षेत्र में पहुंच गए हैं। हर्षिल क्षेत्र में सड़क कनेक्टिविट को ठीक किया जा रहा है। गंगनानी में बेली ब्रिज का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। भूस्खलन की चपेट में आई सड़कों को भी जल्द ठीक कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया मंगलवार तक हर्षिल तक सड़क मार्ग को पूरी तरह ठीक करने की संभावन है। जिसके बाद अन्य कामों को भी तेजी से पूरा किया जा सकेगा।

**पौड़ी जनपद के गांव में भी नुकसानः** मुख्यमंत्री ने कहा कि धराली के साथ ही प्रदेश के अन्य स्थानों में भी आपदा से तबाही हुई है। उन्होंने कहा पौड़ी के सैंजी और बांकुड़ा गांव में भी जिन लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें भी राज्य सरकार के स्तर से रुपए 5 लाख तक भी सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा राज्य में जहां भी आपदा से हानि हुई है, उन्हें सरकार द्वारा हर संभव मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य सरकार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उनके ही नेतृत्व में केंद्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

### पुनर्वास व विस्थापन को 5 लाख

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के स्तर से प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद की जा रही है। उन्होंने बताया प्रभावित परिवारों को अगले 6 महीने का राशन राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। आपदा से जिन लोगों के मकान पूर्णतः क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए हैं, उनके पुनर्वास, विस्थापन हेतु रुपए 5.00 लाख की तत्काल सहायता राशि जारी की जाएगी। उन्होंने बताया ग्राम वासियों के पुनर्वास के लिए सचिव, राजस्व की अध्यक्षता में एक तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। जो प्रभावित हुए लोगों के पुनर्वास, विस्थापन एवं हानि का आंकलन करेगी। उन्होंने कहा आपदा से सेब के बगीचों को हुए नुकसान का भी आकलन किया जाएगा।

# धराली का दर्द- सच्चाई को रोकने में ही व्यस्त रही सरकारः माहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित धराली क्षेत्र से लौटने के बाद सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि दो दिन तक उन्हें लैम्चागाड़ से आगे नहीं बढ़ने दिया गया। न सिर्फ उन्हें, बल्कि उन पत्रकारों को भी रोका गया जो सच्चाई दिखाने का साहस रखते थे, जबकि सरकार के "चेहते" पत्रकारों को हेलीकॉप्टर से धराली भेजा गया, ताकि तस्वीरें और रिपोर्टें सरकार के मनचाहे रंग में रंगी जा सकें।

माहरा ने कहा कि यह सिर्फ उन्हें रोकने का मामला नहीं, बल्कि उस सच्चाई को दबाने की कोशिश थी, जिसे अगर पहले दिन ही दुनिया जान लेती, तो शायद कई जिंदगियां बच सकती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भटवाड़ी और उत्तरकाशी में आपदा पीड़ितों के परिजनों को भी रोका गया, ताकि वे अपने लापता या मृत रिश्तेदारों तक न पहुंच सकें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक, लैम्चागाड़ में 4-5 लकड़ियों की बल्लियां डालकर अस्थायी पुल बनाना संभव था, जिससे एसडीआरएफ व एनडीआरएफ डॉक्टर और राहत सामग्री तुरंत धराली पहुंच सकती थी, लेकिन प्रशासन ने इस पर "अनंत विलंब" किया। माहरा ने कहा, "मैंने पैदल 50 किलोमीटर से अधिक का सफर तय किया। अगर मैं जैसा अनट्रेंड व्यक्ति यह कर सकता हूं, तो सरकार अपने जवानों और अधिकारियों को क्यों नहीं भेज पाई? या उनका काम सिर्फ हवाई दौरे और फोटो खिंचवाना रह गया है?" धराली पहुंचने के हालात बताते हुए उन्होंने कहा कि वहां जिंदगी ठहर चुकी थीख्रमलबे में दबे सपने, रोते-बिलखते लोग, डर से भरी आंखें, लापता परिजनों का कोई सही आंकड़ा नहीं। स्कूल बैग और किताबों से वंचित बच्चे, अपना घर पहचान न पाने वाले बुजुर्ग, और फंसे हुए 40-50 मजदूर जिनके पास न खाना था, न ठहरने की जगह। माहरा ने कहा कि उन्होंने इन मजदूरों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया और भरोसा दिलाया कि वे अकेले नहीं हैं। करन माहरा ने कहा, "धराली का दर्द अब सिर्फ धराली का नहीं, बल्कि हम सबका है। सरकार राहत से ज्यादा सच्चाई को रोकने में जुटी रही और इस इम्तिहान में बुरी तरह असफल हुई।

# हिमालय से आती चेतावनी : हर साल 18 मीटर पीछे हट रहे ग्लेशियर

## ARIES के वैज्ञानिकों ने जताई गंभीर चिंता



**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड इन दिनों मौसम में आ रहे खतरनाक बदलावों का गवाह बन रहा है। बीते कुछ दिनों में जहां बादल फटना और अत्यधिक बारिश आम बात हो गई है। अब वैज्ञानिकों की एक नई रिपोर्ट ने और चिंता बढ़ा दी है। जिसमें सामने आया है कि हिमालय के ग्लेशियर हर साल औसतन 18 मीटर पीछे हट रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके पीछे ग्लोबल वॉर्मिंग की बड़ी भूमिका है।

### हिमालय पर बढ़ते तापमान का असर

डॉ. सिंह के अनुसार, अगर ग्लोबल वॉर्मिंग की रफ्तार कम नहीं हुई तो इस सदी के अंत तक हिमालय का तापमान 5 से 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। यह बदलाव न केवल ग्लेशियरों को खत्म कर देगा, बल्कि पहाड़ों की पारिस्थितिकी, संस्कृति और जीवन को भी गंभीर खतरे में डाल देगा।

### चेतावनी जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता

विशेषज्ञों का मानना है कि ग्लेशियरों का पिघलना सिर्फ बर्फ का नुकसान नहीं है, बल्कि यह आने वाले समय में पानी की कमी, बाढ़ और पारिस्थितिकीय असंतुलन का बड़ा कारण बन सकता है। अगर अभी से ठोस कदम नहीं उठाए गए तो ये चेतावनियां भविष्य में विनाशकारी आपदा में बदल सकती हैं।

आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंसेज (ARIES) नैनीताल के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह बताते हैं कि 2018 में देश के 10 से 12 बड़े ग्लेशियरों पर किए गए अध्ययन से पता चला कि बीते पांचख्रछह दशकों में इनका आकार काफी घटा है। हर साल इनमें 18 से 18.5 मीटर तक की कमी दर्ज हो रही है। रिसर्च में पाया गया कि इंसानों द्वारा छोड़ी जा रही कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन जैसी गैसें ग्लेशियरों के पिघलने की मुख्य वजह हैं।

# एक समर्पित जननेत्री थी मुन्नी देवी शाहः महाराज

**देहरादून।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने थराली की पूर्व विधायक मुन्नी देवी शाह के निधन पर दुःख जताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने थराली की पूर्व विधायक मुन्नी देवी शाह को एक समर्पित जननेत्री बताते हुए उनके निधन को प्रदेश के लिए एक अपूर्णीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने वाली मुन्नी देवी शाह अपने सरल स्वभाव और जनसेवा के लिए जानी जाती थीं।

# 13 आदर्श संस्कृत ग्रामों की होगी विधिवत शुरूआतः डॉ. रावत

## सीएम धामी रविवार को संस्कृत ग्राम भोगपुर से करेंगे शुभारम्भ, उत्तराखंड संस्कृत अकादमी व केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के तहत होगा संचालन



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड में देववाणी संस्कृत के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर राज्य सरकार द्वारा घोषित 13 आदर्श संस्कृत ग्रामों की विधिवत शुरूआत की जायेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार 10 अगस्त को संस्कृत ग्राम भोगपुर, देहरादून से इस योजना का शुभारम्भ करेंगे। जिसमें सभी जिलों के आदर्श संस्कृत ग्राम वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिये विभागीय अधिकारियों को सभी तैयारियां पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं।

सूबे के संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि राज्य सरकार प्रदेश की दूसरी राजभाषा और देववाणी संस्कृत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संस्कृत को जनभाषा बनाने और इसका गौरव वापस लौटाने के लिये सरकार ने प्रदेश के सभी जनपदों में एक-एक आदर्श संस्कृत ग्राम बनाने की पूर्व में घोषणा की है और इन ग्रामों का चयन भी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि संस्कृत सप्ताह के शुभावसर पर आगामी 10 अगस्त (रविवार) को संस्कृत ग्राम भोगपुर, देहरादून में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस योजना का विधिवत शुभारम्भ करेंगे, जिसमें सभी जिलों के संस्कृत ग्राम वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। डॉ. रावत ने बताया कि इन गांवों में भारतीय आदर्शों का स्थापित किया जायेगा, ग्रामीण देववाणी संस्कृत को आत्मसात कर आपसी वार्तालाप से लेकर सभी कामकाज संस्कृत में कर सकेंगे। साथ ही सनातन संस्कृति के अनुरूप विभिन्न संस्कारों के अवसर पर वेद, पुराणों और उपनिषदों की ऋचाओं का पाठ इन गांवों में किया जायेगा। संस्कृत शिक्षा मंत्री ने बताया कि आदर्श संस्कृत ग्राम की स्थापना सभ्य समाज के निर्माण, संस्कृति की रक्षा, सद्भावना निर्माण, नारी सम्मान के अभिवर्धन, चरित्र निर्माण, अपराध प्रवृत्ति रोकने, नशामुक्त समाज बनाने को लेकर की जा रही है। संस्कृत ग्राम से हमारी संस्कृति, संस्कार और ज्ञान-विज्ञान का प्रचार-प्रसार चारों ओर होगा। उन्होंने कहा कि यह योजना उत्तराखंड संस्कृत अकादमी व केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में संचालित की जा रही है।

### ये हैं आदर्श संस्कृत ग्राम

राज्य सरकार द्वारा घोषित आदर्श संस्कृत ग्रामों में नूरपुर पंजनहेड़ी (हरिद्वार), कोटगांव (उत्तरकाशी), डिम्मर (चमोली), बैंजी (रूद्रप्रयाग), मुखेम (टिहरी), भोगपुर (देहरादून), गोदा (पौड़ी), उर्ग (पिथौरागढ़), खर्ककार्की (चम्पावत), सेरी (बागेश्वर), जैंती पाण्डेकोटा (अल्मोड़ा), पाण्डेगांव (नैनीताल), नगला तराई (ऊधमसिंह नगर) शामिल हैं।

# धराली आपदा राहत के लिए पंजाब नेशनल बैंक ने दिए 1 करोड़

**मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने पीएनबी अधिकारियों का जताया आभार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में पंजाब नेशनल बैंक से आए प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। इस दौरान पंजाब नेशनल बैंक द्वारा उत्तरकाशी जिले के धराली एवं हर्षिल क्षेत्र में आई आपदा के राहत कार्यों के लिए 1 करोड़ का योगदान प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री ने पीएनबी द्वारा दिए सहयोग के लिए बैंक प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह राशि आपदा प्रभावित परिवारों के त्वरित सहायता और पुनर्वास कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देगी। उन्होंने कहा संकट की घड़ी में संस्थाओं एवं संगठनों का इस प्रकार आगे आना समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि धराली क्षेत्र में रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से जारी है और प्रभावितों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। इस अवसर पर अपर सचिव मनमोहन मेंनाली, पंजाब नेशनल बैंक के जी.एम अनुपम, ए.जी.एम अजित कुमार उपाध्याय, चीफ मैनेजर सर्वेश मौजूद रहे।

# आपदा प्रभावित लोगों के नुकसान के मुआवजे का आकलन शुरू

**देहरादून।** आपदा प्रभावित लोगों को मकान, जमीन, खेती और अन्य नुकसान के मुआवजे का आकलन प्रारंभ हो चुका है और अगले दो से तीन दिनों में मुआवजे का वितरण भी शुरू कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि धराली क्षेत्र में आपदा प्रभावित लोगों को त्वरित राहत उपलब्ध कराई गई है। प्रभावित परिवारों को राशन, कपड़े एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता घाटी में फंसे हुए सभी लोगों को सुरक्षित निकालना थी, जिसे लगभग पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही घर, खेत-खलिहान, कृषि और अन्य नुकसान का विस्तृत सर्वे जारी है, ताकि शेष मुआवजा शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके।

# धराली आपदा प्रभावितों की राहत के लिए सरकार की दो महत्वपूर्ण घोषणाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद उत्तरकाशी के धराली गांव में हालिया आपदा से प्रभावित लोगों के पुनर्वास और राहत के लिए दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। यह कदम राज्य सरकार की संवेदनशीलता और आपदा प्रबंधन के प्रति तत्परता को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि ग्राम धराली, तहसील भटवाड़ी, जनपद उत्तरकाशी में आपदा से जिन लोगों के मकान पूर्णतः क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए हैं, उनके पुनर्वास/विस्थापन हेतु रु. 5.00 लाख की तत्काल सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, आपदा में मृतकों के परिजनों को भी 5 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी, ताकि उन्हें इस कठिन समय में आर्थिक सहारा मिल सके। समग्र पुनरुद्धार और आजीविका सुदृढ़ीकरण हेतु समिति का गठन

मुख्यमंत्री ने आपदा से प्रभावित ग्राम वासियों के पुनर्वास, समग्र पुनरुद्धार, एवं स्थायी आजीविका के सुदृढ़ीकरण के लिए एक तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की है। यह समिति सचिव, राजस्व की अध्यक्षता में गठित की गई है, जो एक सप्ताह के भीतर अपनी प्राथमिक रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करेगी।

यह समिति धराली गांव के भविष्य के लिए दीर्घकालिक एवं प्रभावी नीति का खाका तैयार करेगी, जिससे स्थानीय समुदाय की सुरक्षा और आजीविका सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार हर आपदा प्रभावित नागरिक के साथ खड़ी है और हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। शासन स्तर पर राहत एवं पुनर्वास की कार्यवाही को त्वरित और प्रभावशाली रूप से क्रियान्वित किया जाएगा।

# विभागों के पेंच में फंसे ग्लास हाउस के प्रभावित लोग

## भूधंसाव से आवासीय भवनों पर दरारें पड़ना शुरू, स्थानीय लोगों ने कि जल्द ट्रीटमेंट शुरू करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत ग्लास हाउस के पास हुए भू-धसाव का ट्रीटमेंट का कार्य में दो विभागों के बीच पेंच फस गया है। गढ़वाल विवि की भूमि होने कारण लोक निर्माण विभाग इस पर ट्रीटमेंट पर हस्तक्षेप करने से मना कर रहा है। जबकि गढ़वाल विवि भी भूमि पर पीडब्ल्यूडी को एनओसी देनी की बात अड़ा हुआ है। ऐसे में विभागों ने प्रभावित जनता को अपने ही हाल में छोड दिया है।



बताते चले कि बीते 5-6 अगस्त को हुई तेज बारिश के कारण ग्लास हाउस के पास सड़क मार्ग पर भूधसाव हो गया था। जिसके चलते लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। भू-धासव के कारण लोगों के घरों में दरारे पडना शुरू हो गयी है। जिससे कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। भू-धसाव के कारण विद्युत पोल सहित पेयजल लाइने पूर्ण रूप से टूट चुकि है। पेयजल लाइन टूटने से गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर के छात्रावासों, शिक्षक आवासीय भवनों, प्रशासनिक भवनों में पेयजलापूर्ति चरमरा गई है। हालंकि पेयजलापूर्ति सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है, लेकिन पेयजलापूर्ति पूर्ण रूप से नहीं हो पा रही है। जिससे छात्रावास में रह रहें छात्रों और शिक्षकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर ग्लास हाउस में भूधसाव से स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय निवासी मातबर सिंह कठैत, कुंदनी कठैत और बिरेंद्र शाह ने बताया कि 5 और 6 अगस्त को हुई तेज बारिश के कारण ग्लास हाउस रोड़ पर भू-धसाव होने के कारण पूर्ण रूप से धंस गई है। जिससे सड़क किनारे बने आवासीय भवनों और दुकानों को खतरा उत्पन्न हो गया है।

बताया कि दिन प्रतिदिन घरों और पुस्तो में दरार आने कारण के स्थानीय लोगों पर भय का माहौल बना हुआ है। बताया कि भूधसाव होने के बाद कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत सहित विभागीय अधिकारी लगातार प्रभावित स्थल पर पहुंच रहें है, लेकिन अभी तक विभागीय ओर से भूधसाव को लेकर कोई भी ट्रीटमेंट शुरू नहीं हो पाया है। कहा कि यदि एक और बारिश पड़ती है तो उनके आवासीय भवनों को और भी खतरा बढ़ जायेगा। कहा कि मामले को लेकर गढ़वाल विवि और पीडब्ल्यूडी विभाग दोनों की अपना पल्ला झाडने का कार्य कर रहा है।

उन्होंने अधिकारियों से जल्द भूधसाव का ट्रीटमेंट जल्द करवाएं जाने की मांग की है। उधर, नगर निगम की महापौर आरती भंडारी ने बताया कि नगर निगम के ओर से भूधसाव की स्थिति को देखते हुए प्रभावित क्षेत्र में बरसाती बिछा दी गई है। जिससे भूस्खलन काफी हद तक रुक सके। बताया कि उक्त सड़क मार्ग गढ़वाल विवि के अधीन होने के चलते निगम प्रशासन उस पर हस्तक्षेप नहीं कर सकता है।

ग्लास हाउस का मोटरमार्ग गढ़वाल विवि की भूमि पर है। गढ़वाल विवि के ओर से 40 साल पहले उक्त मोटरमार्ग का निर्माण किया गया था, लेकिन गढ़वाल विवि उक्त मोटरमार्ग का प्रयोग नहीं किया जा है। जिसके कुछ साल पहले ही राज्य सरकार द्वारा गढ़वाल विवि प्रशासन से एनओसी लेकर उक्त मोटरमार्ग के पेंटिंग का कार्य सम्पन्न किया गया था, लेकिन पीडब्ल्यूडी अब उक्त मोटरमार्ग को गढ़वाल विवि के पाले में डाल रहा है। हालांकि गढ़वाल विवि इस पर जियोलोजिकल सर्वे करने के बाद सीपीडब्ल्यूडी से आंकलन तैयार करवा कर इसकी रिपोर्ट यूजीसी और राज्य सरकार को भेजा जायेगा.. **विजयानंद बहुगुणा, अधिशासी अभियंता, गढ़वाल विवि।**

ग्लास हाउस की भूमि गढ़वाल विवि के स्वामित्व है।ऐसे में लोक निर्माण विभाग उक्त सड़क मार्ग पर हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। शासन स्तर से उक्त सड़क मार्ग को लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व किया जाता है तभी उस पर कार्य किया जाना संभव हो सकेगा..**कमल किशोर, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, श्रीनगर गढ़वाल।**

जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशन पर ग्लास हाउस के पास हुए भूधसाव कि ट्रीटमेंट को लेकर गढ़वाल विवि के कुलसचिव और ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र लिख कर आंकलन तैयार करने को कहा गया है। जैसे भी आगे दिशा-निर्देश मिलेगें उसके उपरांत आगामी कार्यवाही की जा सकेंगी..**दीपक भंडारी, तहसीलदार, श्रीनगर।**

# ट्रम्प ने आर्मेनिया-अजरबैजान की जंग खत्म कराई

## विवादित जमीन पर कारिडोर बनाने पर दोनों देशों में बनी सहमति, ट्रम्प रूट होगा नाम



■ डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का दावा किया

■ आर्मेनिया और अजरबैजान के अलावा ट्रम्प अब तक दुनियाभर में छह और जंग खत्म करवाने का दावा कर चुके हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच 37 साल पुरानी जंग को खत्म कराने के लिए समझौता करा दिया है। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव और आर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल ने ट्रम्प की मौजूदगी में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों में विवादित इलाके के लिए एक ट्रांजिट कारिडोर बनाने पर सहमति बनी है।

इस कारिडोर को ट्रम्प रूट फार इंटरनेशनल पीस एंड प्रास्पेरिटी नाम दिया जाएगा। यह कारिडोर अजरबैजान को उसके नखचिवान एंक्लेव इलाके से जोड़ेगा, जो आर्मेनिया से होकर गुजरेगा। दोनों नेताओं ने ट्रम्प और उनकी टीम को इसका श्रेय दिया और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। इस दौरान ट्रम्प ने एक बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि दोनों एक दूसरे के खिलाफ बड़े संघर्ष में उलझे हुए थे। आर्मेनिया और अजरबैजान के अलावा ट्रम्प अब तक दुनियाभर में 6 और जंग खत्म करवाने का दावा कर चुके हैं। ट्रम्प प्रशासन ने इस साल की शुरुआत में दोनों देशों के साथ वार्ता शुरू की थी।

समझौते के बाद अगले हफ्ते से ट्रम्प रूट पर रेल, तेल-गैस पाइपलाइन और फाइबर आप्टिक लाइन विकसित करने पर बातचीत शुरू होगी। इसके अलावा, अमेरिका के साथ ऊर्जा, तकनीक और अर्थव्यवस्था में सहयोग बढ़ाने के अलग-अलग समझौते भी हुए हैं। साथ ही आर्मेनिया और अजरबैजान ने एक पत्र पर हस्ताक्षर कर ओएससीई मिन्स्क ग्रुप को भंग करने की मांग की है। यह ग्रुप 1990 के दशक से रूस, फ्रांस और अमेरिका की अगुआई में इस विवाद का मध्यस्थ था।

### व्यापार, यात्रा और राजनयिक संबंधों के 'द्वार खुलेंगे': ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की कि आर्मेनिया और अज़रबैजान के बीच अमेरिका 'आखिरकार शांति स्थापित करने में सफल' हो गया है। उन्होंने कहा कि इस शांति समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार, यात्रा और राजनयिक संबंधों के 'द्वार खुलेंगे'। ट्रम्प ने कहा कि इस समझौते के होने से हम अंततः शांति स्थापित करने में सफल हुए हैं, और हम अभी ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय) से निकले हैं, जहां हमने समझौते के कई महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर किए हैं। व्हाइट हाउस में अज़रबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव और अर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद ट्रम्प ने इसे 'एक महत्वपूर्ण संयुक्त शांति घोषणा' बताते हुए कहा कि 35 साल से लड़ाई चल रही थी, और अब वे दोस्त हैं। दोनों देश-आर्मेनिया और अज़रबैजान हमेशा के लिए सभी युद्ध रोकने, व्यापार, यात्रा और राजनयिक संबंधों को खोलने और एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मध्यस्थता प्रक्रिया में दृढ़ विश्वास व्यक्त करते हुए, ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि आप दोनों के बीच अच्छे संबंध होंगे और अगर ऐसा नहीं होता है, तो मुझे फ़ोन करें। ट्रम्प ने ज़ोर देकर कहा कि इस पहल को अमेरिका के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निवेश का समर्थन प्राप्त होगा, जिससे पश्चिम एशियाई देशों और वाशिंगटन दोनों को ही पर्याप्त आर्थिक लाभ होगा।

समझौते से पहले ट्रम्प ने आर्मेनिया, अजरबैजान, अमेरिका और पूरी दुनिया के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। ट्रम्प ने कहा था कि यह शिखर सम्मेलन दक्षिण काकेशस क्षेत्र की संभावनाओं को पूरी तरह खोलने में मदद करेगा। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफार्म पर कहा-1920 के दशक में, सोवियत संघ ने आर्मेनिया और अजरबैजान पर कब्जा कर लिया था। 1980 के दशक के दौरान सोवियत संघ का शासन कमजोर हुआ। इसके बाद 1988 में नागोर्नो-काराबाख की संसद ने आर्मेनिया के साथ जाने का फैसला किया। इससे इलाके में रहने वाले अजरबैजानी लोगों का गुस्सा बढ़ गया। दोनों समुदायों के बीच 1991 में हिंसक झड़पें तेज हो गई। आर्मेनियाई लोग ईसाई हैं, जबकि अजरबैजानी तुर्किश मूल के मुस्लिम हैं। इन धार्मिक और सांस्कृतिक अंतरों ने दोनों समुदायों के बीच अविश्वास और टकराव को बढ़ाया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर सांस्कृतिक विरासत और मस्जिदों-चर्चों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया।



नई दिल्ली। आईटीओ पर बारिश के बीच जलभराव वाली सड़क से गुजरते वाहन।

# प्रवासियों के जबरन निर्वासन की समस्या से जूझ रहा अफगान

**काबुल।** अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने कहा है कि अफगानिस्तान पड़ोसी देशों से प्रवासियों के जबरन निर्वासन की सबसे बड़ी मुश्किलों से जूझ रहा है, जहां इसी वर्ष अब तक निर्वासित 15 लाख अफगानियों को वापस लाया गया है। अफगान प्रवासियों को निर्वासित करने के पाकिस्तान के फैसले का ज़िक्र करते हुए संगठन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समर्थन के बिना अफनिस्तान को एक गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप प्रवक्ता फ़रहान हक़ ने कहा कि अफनिस्तान हाल के इतिहास में सबसे बड़े मुश्किलों में से एक का सामना कर रहा है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन तत्काल अंतर्राष्ट्रीय समर्थन का आह्वान कर रहा है। सितम्बर 2023 से ईरान और पाकिस्तान से 40 लाख से ज्यादा अफन लौट चुके हैं, जिनमें से 15 लाख से जयादा अकेले 2025 में लौटें हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महिला ने एक रिपोर्ट में कहा है कि पड़ोसी देशों से निर्वासित प्रवासियों में लगभग आधी संख्या महिलाओं और लड़कियों की है।

# हमास इजरायली बंधकों को रिहा करने को तैयार

■ नेतन्याहू के गाजा पर कब्जा करने के प्लान पर कहा: यह पिकनिक नहीं भारी कीमत चुकानी होगी

**गाजा/ तेल अवीव।** फलस्तीन का उग्रवादी संगठन हमास सभी बंधकों की रिहाई के लिए इजरायल के साथ एक व्यापक समझौता करने को तैयार हो गया है। इसके साथ ही उसने कहा कि इजरायल ने गाजा पर कब्जा करने कोशिश की तो भारी कीमत चुकानी, यह कोई पिकनिक नहीं होगी। हमारे लोगों का विरोध रुकेगा नहीं, नेतन्याहू की प्लानिंग फेल हो जाएगी।

इससे पहले इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में मौजूद गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इजरायली सेना को मंजूरी दी थी। पीएम नेतन्याहू के आफिस ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। करीब 10 घंटे चली बैठक के बाद बयान जारी किया गया था, जिसमें कहा गया कि कैबिनेट के ज्यादातर सदस्य इस योजना के पक्ष में हैं। नेतन्याहू सरकार के कट्टरपंथी मंत्री गाजा पर सैन्य शासन लागू कर फिर से यहूदियों की बस्तियों की स्थापना करने की मांग कर रहे हैं। इजरायल की योजना का मकसद गाजा शहर में उन इलाकों में घुसना है, जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है। ये वो इलाके हैं जहां अब तक इजरायली सेना ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई नहीं की है। इजरायली सेना (आईडीएफ) का कहना है कि गाजा के लगभग 75 प्रतिशत हिस्से पर उसका नियंत्रण है। गाजा पट्टी उस 25 प्रतिशत इलाके में है, जो आईडीएफ के कब्जे में नहीं हैं।

# ट्रम्प के टैरिफ का हुआ उल्टा असर: जॉन बोल्टन

## पूर्व अमेरिकी एनएसए बोले: अमेरिका की बरसों पुरानी मेहनत बर्बाद हुई



■ भारत हमसे दूर होकर चीन-रूस के पास जा रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जान बोल्टन ने कहा कि ट्रम्प की नीतियों से भारत, अमेरिका से दूर होता जा रहा है। सीएनएन को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने ट्रम्प सरकार की टैरिफ नीतियों को 'भारी भूल' बताया और कहा कि अमेरिका ने रूस और चीन को भारत से दूर रखने के लिए कई साल से कोशिश की थी लेकिन अब वह कोशिश कमजोर पड़ चुकी है। बोल्टन ने आशंका जाहिर की है कि रूस को कमजोर करने के लिए भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैरिफ कहीं उल्टा न पड़ जाए।

इससे भारत, रूस और चीन के करीब आ सकता है। बोल्टन ने कहा कि भारत पर टैरिफ लगाने का मकसद रूस को नुकसान पहुंचाना है, लेकिन नतीजा यह हो सकता है कि भारत, रूस और चीन एकजुट होकर इन टैरिफ का विरोध करें। बोल्टन बोले: दोस्त-दुश्मन पर एक जैसा टैरिफ लगाना 'गलती' जान बोल्टन ने पहले भी अमेरिकी अखबार द हिल में लिखा था कि व्हाइट हाउस टैरिफ और अन्य शर्तों में चीन के प्रति भारत से ज्यादा नरमी दिखा रहा है, जो कि एक गंभीर गलती होगी। उनके मुताबिक 'दोस्त और दुश्मन दोनों पर एक समान टैरिफ लगाने' से अमेरिका का वो भरोसा और आत्मविश्वास कमजोर हुआ है, जिसे बनाने में दशकों लगे थे, और बदले में बहुत कम आर्थिक फायदा मिला है, जबकि बड़े नुकसान का खतरा बढ़ गया है। बोल्टन ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में अमेरिकी सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। वे पिछले कुछ महीनों से ट्रम्प की नीतियों की लगातार आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने पिछले महीने कहा था कि अमेरिकी सरकार बिजनेस और सुरक्षा के मुद्दों को अलग-अलग तरीसे से देख रही है, जबकि भारत जैसे देशों के लिए दोनों चीजें जुड़ी हुई हैं।

अमेरिकी विदेश नीति विशेषज्ञ क्रिस्टोफर पैडिला ने भी चेतावनी दी कि यह टैरिफ भारत-अमेरिका संबंधों को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। भारत हमेशा अमेरिका को शक की निगाह से देखेगा और कभी भी इन टैरिफ को नहीं भूलेगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को दावा किया था कि टैरिफ से शेयर बाजार में जबरदस्त बढ़ोतरी हो रही है और हर दिन नए रिकार्ड बन रहे हैं। साथ ही, सैकड़ों अरब डालर देश की तिजोरी में आ रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर कहा कि अगर किसी अतिवादी वामपंथी कोर्ट ने इस वक्त टैरिफ के खिलाफ फैसला सुनाया तो इतनी बड़ी रकम और सम्मान को वापस पाना मुश्किल होगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प अगले सप्ताह अलास्का में पुतिन से मिलेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए संभावित शांति समझौते की शर्तों का पूर्वावलोकन करने के बाद अगले शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे।

ट्रम्प ने शुक्रवार को ट्रुथ पर एक पोस्ट किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में मेरे और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बहुप्रतीक्षित मुलाकात अगले शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025 को अलास्का में होगी। उन्होंने बताया कि बैठक से जुड़ी जानकारियां जल्द बताई जाएंगी। ट्रम्प पहले ही कह चुके हैं कि वह पुतिन से जल्द मिलकर यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर बातचीत करना चाहते हैं। अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति आखिरी बार जून 2021 में मिले थे। उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी।

ट्रम्प के अपने रूसी समकक्ष के साथ संबंध एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जो 2015 से अमेरिका नहीं आए हैं और 2018 से ट्रंप से नहीं मिले हैं। ट्रंप समेत अमेरिकी अधिकारियों ने यूरोपीय नेताओं और यूक्रेनी अधिकारियों को रूसी राष्ट्रपति द्वारा यूक्रेन में युद्ध रोकने के लिए प्रस्तावित योजना के बारे में जानकारी दी है, जिसके बदले में यूक्रेन द्वारा महत्वपूर्ण क्षेत्रीय रियायतें दी जाएंगी। बुधवार को मॉस्को में एक बैठक में पुतिन ने ट्रंप के विदेश दूत स्टीव विटकॉफ के समक्ष प्रस्तुत योजना के अनुसार यूक्रेन को पूर्वी डोनबास क्षेत्र-जिसका अधिकांश भाग वर्तमान में रूस के कब्जे में है।

# यूक्रेन के बिना कोई भी शांति समझौता मृत समाधान होगा

## ट्रम्प-पुतिन मुलाकात पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दी चेतावनी



■ यूक्रेन रूस को उसके किए के लिए कोई पुरस्कार नहीं देगा

■ यूक्रेनी लोग अपनी जमीन पर रूस को कब्जा नहीं करने देने वाले

**कीव।** अलास्का में होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात को लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने चेतावनी दी है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के बिना कोई भी शांति समझौता मृत समाधान माना जाएगा।

15 अगस्त को होने वाली ट्रम्प और पुतिन की मुलाकात में रूस-यूक्रेन युद्धविराम को लेकर चर्चा होने की उम्मीद है। ट्रम्प-पुतिन की मुलाकात को लेकर जेलेंस्की ने कहा कि संविधान में निहित यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। स्थाई शांति के लिए वार्ता में यूक्रेन की आवाज को भी शामिल किया जाना चाहिए। यूक्रेन रूस को उसके किए के लिए कोई पुरस्कार नहीं देगा। यूक्रेनी लोग अपनी जमीन पर रूस को कब्जा नहीं करने देने वाले हैं। जेलेंस्की ने कहा कि कोई भी समाधान जो यूक्रेन के बिना हो, वह शांति के खिलाफ भी है। इनसे कुछ हासिल नहीं होगा। ये बेजान समाधान हैं, ये कभी काम नहीं आएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एलान किया कि वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से 15 अगस्त को अलास्का में मुलाकात करेंगे। दोनों नेता यूक्रेन युद्ध पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प की इस घोषणा के बीच, मोर्चे पर लड़ रहे यूक्रेनी सैनिकों को कूटनीतिक हल की ज्यादा उम्मीद नहीं है। ट्रम्प ने लगभग दो हफ्ते पहले पुतिन को बमबारी रोकने का अल्टीमेटम दिया था और धमकी दी थी कि अगर रूस पीछे नहीं हटता तो अतिरिक्त प्रतिबंध और रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ लगाए जाएंगे। रूस की सेना धीरे-धीरे यूक्रेन में आगे बढ़ रही है और शहरों पर लगातार हमले कर रही है। जबकि यूक्रेन एक शांति समझौते के लिए तैयार है। यूक्रेन की शर्त से है कि उसे सैन्य रूप से खोए हुए क्षेत्रों को पुनः वापस दिया जाए। यूक्रेन को डर है कि अगर अमेरिका और रूस अकेले में बातचीत करते हैं तो उसकी बात सुनी नहीं जाएगी। जेलेंस्की ने बताया कि उन्होंने कई यूरोपीय नेताओं से फोन पर बातचीत की, ताकि यूक्रेन को समर्थन मिलता रहे। यूरोपीय देशों ने रूस के हमले का विरोध करते हुए यूक्रेन को समर्थन देने का वादा किया है।

# हथियारों की होड़ से हासिल नहीं की जा सकती शांति और सुरक्षा: गुटेरेस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को जापान के नागासाकी में परमाणु हमले की चपेट में आकर मरने वाले लोगों को याद किया और मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हथियारों की होड़ से शांति और सुरक्षा हासिल नहीं की जा सकती। गुटेरेस ने कहा कि वह 80 साल पहले 09 अगस्त को नागासाकी पर हुये परमाणु हमले में मारे गए हजारों लोगों को याद करते हैं और उन लोगों के शोक में शामिल हैं जिन्होंने उस दिन अपने प्रियजनों को खो दिया था। उन्होंने उस हमले में जिदा बच्चे लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

# चीन बोला: पीएम मोदी का स्वागत है

## भारतीय प्रधानमंत्री गलवान झड़प के बाद पहली बार चीन जाएंगे

■ एसओसी समिट में शामिल होंगे

**बीजिंग।** चीन ने कहा है कि वह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तियानजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एसआेसी) शिखर सम्मेलन के लिए स्वागत करता है। यह पहला मौका होगा जब पीएम मोदी गलवान घाटी में 2020 की झड़प के बाद चीन की यात्रा करेंगे।

चीन से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। मोदी इससे पहले 2018 में वहां गए थे। बतौर प्रधानमंत्री पीएम मोदी का यह छठा चीन दौरा होगा, जो 70 सालों में किसी भी भारतीय पीएम की सबसे ज्यादा चीन यात्रा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि, 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक होने वाले इस शिखर सम्मेलन में 20 से अधिक देशों के नेता और 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख शामिल होंगे। पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। जयशंकर ने जल संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एलएसी पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था। एस जयशंकर ने पिछले महीने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर उन्हें भारत-चीन के रिश्तों में हुई प्रगति के बारे में बताया था। मोदी और जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत भी हुई थी। 50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा था कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों की नींव बनी रहनी चाहिए। 2024 में कजान समिट के दौरान मोदी और जिनपिंग की बाइलैटरल मीटिंग की फोटो।

# महान नासा अंतरिक्ष यात्री जिम लवेल का निधन

■ जिम लवेल की मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के कई अंतरिक्ष मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिम लवेल का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

लवेल 1970 में चंद्रमा पर उतरने के अपने प्रयास को तकनीकी कारण छोड़ने के लिए मजबूर हुए थे। उन्होंने अपोलो 13 मिशन का नेतृत्व किया था। नासा की एक समाचार विज्ञप्ति के अनुसार लवेल का 07 अगस्त को इलिनोइस के लेक फ़ॉरेस्ट में निधन हो गया। उनकी मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुए हैं। अंतरिक्ष यात्री लवेल के परिवार ने गोपनीयता का अनुरोध किया लेकिन एक बयान में कहा कि हमें अपने प्रिय पिता यूएसएन कैप्टन जेम्स ए-'जिम' लवेल, के निधन की घोषणा करते हुए दुख हो रहा है। वह एक नौसेना पायलट और अधिकारी, अंतरिक्ष यात्री, नेता और अंतरिक्ष अन्वेषक रहे थे। परिवार ने अपने बयान में कहा कि हमें उनके अद्भुत जीवन और करियर की उपलब्धियों पर बहुत गर्व है, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान में अग्रणी उनके शानदार नेतृत्व ने भी योगदान दिया। गौरतलब है कि अपोलो 13 की कमान संभालने के लिए चुने जाने से पहले लवेल जेमिनी 7, जेमिनी 12 और अपोलो 8 मिशनों पर तीन बार अंतरिक्ष में जा चुके थे।

# नागासाकी पर परमाणु हमले के 80 साल पूरे

## दुनिया में आखिरी बार न्यूक्लियर बम नागासाकी पर गिरा था, जल गए थे 70 हजार लोग जिंदा



**टोक्यो।** जापान के नागासाकी में शनिवार को अमेरिकी परमाणु हमले की 80वीं बरसी मनाई गई। इस मौके पर हमले से बचे हुए लोगों ने कहा कि उनका शहर दुनिया का आखिरी स्थान बने, जहां परमाणु बम गिरा हो। 9 अगस्त 1945 को अमेरिका ने नागासाकी पर परमाणु बम गिराया था। इसमें करीब 70000 लोग मारे गए। इस बम का नाम 'फैटमैन' था। इससे तीन दिन पहले यानी 6 अगस्त को अमेरिका ने हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया था। इस बम का नाम लिटिल बाय था। इसमें 1.4 लाख लोगों की मौत हुई थी। इन हमलों के बाद 15 अगस्त 1945 को जापान ने सरेंडर कर दिया और द्वितीय विश्व युद्ध खत्म हो गया। नागासाकी पर हमले की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर पीस पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चे फूल लिए नजर आए। नागासाकी पर हमले की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर पीस पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चे फूल लिए नजर आए। नागासाकी शांति प्रतिमा के सामने खड़े होकर लोगों ने हमले के पीड़ितों के लिए प्रार्थना की। नागासाकी प्रशासन ने सभी देशों को समारोह में शामिल होने का निमंत्रण भेजा था। हालांकि चीन ने बिना कारण बताए आने से इन्कार कर दिया। नागासाकी पीस पार्क में आयोजित समारोह में 95 देशों के प्रतिनिधि, जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा और नागासाकी के मेयर शिरो सुजुकी मौजूद रहे। कुल 3 हजार से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। पिछले साल यह कार्यक्रम विवाद में आ गया था क्योंकि जापान ने इजराइल को आमंत्रित नहीं किया था, जिसके चलते अमेरिकी राजदूत और कई पश्चिमी देशों के प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए थे। इन परमाणु हमलों से बचे 99,130 लोग अभी भी जिंदा है। इन्हें हिबाकुशा कहा जाता है। 1945 के मुकाबले इनकी संख्या सिर्फ एक चौथाई रह गई है और औसत उम्र 86 साल से अधिक है। जिंदा बचे लोगों में से कई लोग हमले के वक्त इतने छोटे थे कि उनकी यादें भी धुंधली हैं। बावजूद इसके वे परमाणु हथियारों के खत्म होने का सपना देख रहे हैं।

# अटलांटा में गोलीबारी में पुलिस अधिकारी और संदिग्ध की मौत

**अटलांटा।** अमेरिका में अटलांटा के एमोरी विश्वविद्यालय में गोलीबारी की एक घटना में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और पुलिस की गोलीबारी में हमलावर भी मारा गया। गोलीबारी की ये घटना एमोरी विश्वविद्यालय और अमेरिकी सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंज प्रीवेन्शन(सीडीसी) के परिसरों के करीब हुई। पुलिस को स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 4:50 बजे जानकारी मिली और उसने तुरंत कार्रवाई की। संदिग्ध व्यक्ति गोलीबारी की वजह से सीवीएस फार्मेसी के करीब दूसरी मंजिल पर फंस गया था। सीएनएन की खबर के मुताबिक ये स्पष्ट नहीं हो पाया है कि संदिग्ध व्यक्ति पुलिस की गोली से मरा या उसने खुद अपनी जान ली। अटलांटा के मेयर आंद्रे डिकेंस ने संदिग्ध की मौत की पुष्टि की और आश्वासन दिया कि हमले के दौरान किसी भी नागरिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। मेयर ने कहा कि इस समय परिसर में कोई खतरा नहीं है लेकिन जांच अभी भी जारी है। सूत्रों के मुताबिक संदिग्ध सीडीएस भवन को निशाना बनाने के लिए आया था और बताया जाता है कि वह कोविड-19 टीके की वजह से बीमार था। सीएनएन की खबर के मुताबिक सीडीसी के एक कर्मचारी ने देखा कि संदिग्ध व्यक्ति एजेंसी के मुख्यालय में गोली चला रहा है।



# अदिति राव को आईएफएफएम में मिलेगा डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवार्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री अदिति राव हैदरी को इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2025 में डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। अदिती राव आईएफएफएम 2025 में शिरकत करने जा रही हैं। अदिति एक ऐसी कलाकार हैं जिन्होंने हर मंच और मीडियम पर अपनी अदाकारी से पहचान बनाई है, चाहे वह मेनस्ट्रीम हो या इंडिपेंडेंट सिनेमा, ओटीटी हो या थिएटर, और हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु जैसी भाषाओं में भी उन्होंने कई दमदार भूमिकाएं निभाई हैं।

उनके इसी बहुआयामी योगदान को सराहते हुए, उन्हें डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। अदिति राव हैदरी ने इस अवसर पर कहा कि मेलबर्न के इस खास फिल्म फेस्टिवल में गेस्ट ऑफ ऑनर बनना और डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड पाना मेरे लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है।

मेलबर्न हमेशा से ही बहुत प्यार और अपनापन देने वाला शहर रहा है। यहां आकर सिनेमा के इतने जुनूनी दर्शकों के बीच खुद को सम्मानित होते देखना बेहद खास अनुभव है। मैं बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूं उन सभी कलाकारों और सिनेप्रेमियों से मिलने का और इस फेस्टिवल की उर्जा को महसूस करने का। फेस्टिवल की डायरेक्टर मीतू भौमिक लैंगे ने कहा कि अदिति राव हैदरी, शालीनता और कला की सच्ची मिसाल हैं। उनका हर किरदार उनकी बहुमुखी प्रतिभा और गहराई को दर्शाता है। हम बेहद खुश हैं कि वह आईएफएफएम 025 का हिस्सा बन रही हैं और हम उन्हें डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड से सम्मानित करेंगे। उनकी मौजूदगी इस साल के आयोजन को और भी यादगार बना देगी।

### मेघा चक्रवर्ती ने स्टार प्लस के रक्षाबंधन स्पेशल में शामिल होने पर जताई खुशी

**मुंबई।** अभिनेत्री मेघा चक्रवर्ती ने स्टार प्लस के रक्षाबंधन स्पेशल शो में शामिल होने पर खुशी जताई है। इस बार स्टार प्लस ने रक्षाबंधन को अपने खास अंदाज़ में मनाया स्टार परिवार बहन का ड्रामा, भाई का स्वैग के साथ।

इस मजेदार और रंग-बिरंगे सेलिब्रेशन में ड्रामा, डांस और दोस्ती का पूरा तड़का देखने को मिला। इस खास मौके पर स्टार परिवार के सदस्य एक साथ जुटे और शुरू हुई झनक के लिए परफेक्ट भाई की तलाश। नए शो इशानी में लीड रोल निभा रही मेघा चक्रवर्ती ने इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अपना अनुभव साझा किया।

## वॉर-2 के कई सीन्स पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची



**मुंबई।** ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म वॉर-2 14 अगस्त को रिलीज होने जा रही है। रिलीज से पहले सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म में कट समेत ऑडियो और वीडियो में कई बदलाव किए हैं। सीबीएफसी ने इस फिल्म को 6 अगस्त को पास किया और फिल्म को UA 16+ सर्टिफिकेट दिया है। हालांकि, सर्टिफिकेट देने से पहले बोर्ड ने फिल्म पर कैंची चलाते हुए कुछ बदलाव करवाए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, सीबीएफसी ने मेकर्स से 6 जगह पर ऑडियो और विजुअल दोनों में अनुचित संदर्भों को म्यूट करने के लिए कहा है। साथ ही 6 जगहों पर डायलाग को बदला गया है। फिल्म में दो सेकंड का एक सीन भी हटाया गया है, जिसमें किरदार का इशारा सेंसर बोर्ड को गलत लगा। इशारे वाले सीन के ठीक एक मिनट फिल्म में अश्लील डायलाग को भी बदला गया है। इतना ही नहीं सीबीएफसी ने मेकर्स से सेंसुअल सीन पचास फीसदी तक कम करने को कहा है। लगभग 9 सेकंड की सेंसुअल फुटेज को फिल्म से हटाया गया है। माना जा रहा है कि यह कट्स कियारा आडवाणी के बिकिनी सीक्वेंस से जुड़े हैं। वॉर सीरीज की पहली फिल्म अक्टूबर 2019 में आई थी जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्राफ, वाणी कपूर, आशुतोष राणा और अनुप्रिया गोयनका थे। वॉर सीरीज की पहली फिल्म अक्टूबर 2019 में आई थी।

## बैदा अब प्राइम वीडियो पर उपलब्ध

**मुंबई।** साइ-फाई सुपरनैचुरल थ्रिलर बैदा अब प्राइम वीडियो पर रेंट पर देखने के लिए उपलब्ध है।

बैदा दर्शकों को एक रहस्यमय और डरावनी यात्रा पर ले जाती है, जिसमें आधुनिक थ्रिल और अलौकिक तत्वों का अनोखा मेल देखने को मिलता है। 21 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई इस फिल्म को इसकी अनोखी कहानी, दमदार निर्देशन और रोमांचक प्रस्तुतिकरण के लिए खूब सराहा गया है। फिल्म की कहानी उत्तर प्रदेश के एक दूरद. राज़ गांव की है, जहां लगातार रहस्यमई गायब होने की घटनाएं हो रही हैं। यहां एक पूर्व जासूस जो अब एक सेल्समैन बन चुका है, गांव पहुंचता है और खुद को एक रहस्यमई साए पिशाच के चंगुल में फंसा हुआ पाता है। जैसे-जैसे वह एक दूसरी दुनिया में खिचता चला जाता है, सच और झूठ का फर्क उसके लिए धुंधला होने लगता है। गांव वालों के साथ मिलकर वह पुरजोर को. शिश करता है खुद को मौत से बचाने के लिए और पिशाच के रहस्य से पर्दा उठाने के लिए। बैदा उन चुनिदा भारतीय फिल्मों में से है जिस पर यूट्यूब पर कई एक्सप्लेनर वीडियो बनाए गए हैं, जिन्हें लाखों व्यूज़ मिल चुके हैं। खासकर साइंस फिक्शन और सुपरनैचुरल प्रेमियों के बीच इस फिल्म की डिजिटल रिलीज़ का बेसब्री से इंतजार था।

## पति फहाद अहमद को छपरी कहने पर भड़कीं स्वरा भास्कर



**मुंबई।** एक्ट्रेस स्वरा भास्कर और उनके राजनेता-पति फहाद अहमद इस वक्त पति पत्नी और पंगा रियलिटी शो को लेकर सुर्खियों में हैं। शो में फहाद को देखकर एक ट्रोल ने मजाक उड़ाते हुए उन्हें छपरी और डोंगरी का स्ट्रीट वेंडर कह दिया। इस बात पर स्वरा ने भी उस ट्रोल को आड़े हाथों लिया है। स्वरा ने एक्स पर उस यूजर की प्रोफाइल का स्क्रीनशाट शेयर किया है। रो. हित नाम के उस शख्स ने अपने पोस्ट में लिखा था-परिणीति चोपड़ा को अपने पति को पीआर के लिए टाक शो में ले जाते हुए देखने के बाद, स्वरा भास्कर ने भी ऐसा ही करने के बारे में सोचा। वो अपने डोंगरी के छपरी वाले पति को एक रियलिटी शो में ले गई। पीआर तो छोड़िए, उसका पति डोंगरी का कोई रेहड़ी वाला लग रहा था। जवाब में स्वरा स्क्रीनशाट शेयर करते हुए लिखती हैं-यह मूर्ख जो खुद को एक गौरवशाली हिंदू और अंबेडकरवादी दोनों बताता है, उसे यह नहीं पता कि छपरी एक जातिवादी शब्द है। एक अपमान. जनक शब्द जिसका इस्तेमाल उस समुदाय का वर्णन करने के लिए किया जाता है जो छप्पर या फूस की झोपड़ियां बनाते हैं। डोंगरी या कहीं भी स्ट्रीट वेंडर होने में कुछ भी गलत नहीं है, तुम जातिवादी/वर्गवादी और कचरा दिमाग वाले हो। बता दें कि स्वरा और फहाद फिलहाल कलर्स चैनल के रियलिटी शो का पति-पत्नी और पंगा में नजर आ रहे हैं। इस शो को एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे और मुनव्वर फारुकी होस्ट कर रहे हैं। इस शो में फेमस सेलिब्रिटी कपल को दिखाया जाता है। उनके रिश्तों को परख और उनकी केमिस्ट्री को चुनौती दी जाती है।



## ऑडिशन के नाम पर रेस्टोरेंट में रोने को कहा

**मुंबई।** सैयारा फिल्म में अनीत पड्डा की कास्टिंग फेमस कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा ने की थी। हाल ही में शानू ने द हालीवुड रिपोर्टर इंडिया के लिए अनुपमा चोपड़ा को एक्सक्लूसिव इंटरव्यू दिया, जिसमें वो अनीत की कास्टिंग प्रोसेस पर बात करते नजर आईं। शानू ने इस इंटरव्यू का अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट भी किया है। अब उस पोस्ट पर 'मिर्जापुर' फेम एक्ट्रेस ईशा तलवार ने कुछ ऐसा कमेंट किया है, जिसने लोगों का ध्यान खींचा। शानू के पोस्ट पर ईशा ने अपने आडिशन का किस्सा शेयर करते हुए नाराजगी जाहिर की है। एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे शानू और उनकी टीम ने उनका आडिशन लिया था, जिसकी वजह से उनका कान्फिडेंस पूरी तरह टूट गया था।


वो लिखती हैं- जब मैंने रोल के लिए शानू को आडिशन देना शुरू किया, मुझे मुंबई के वर्सोवा में मिया कुचीना रेस्टोरेंट में एक सीन करने के लिए कहा गया। एक बिजी रेस्टोरेंट के बीच में एक रोने वाला सीन, जिसमें कस्टमर मेरी टेबल के बगल में खाना खा रहे थे। मुझे कहा गया कि एक एक्टर के रूप में मुझमें कोई संकोच नहीं होना चाहिए और इसलिए मुझे शानू और उसके कुछ असिस्टेंट के सामने बैठकर रोने वाला सीन करना चाहिए। यह एक बहुत ही कंफ्यूजिंग और अजीब डिमांड थी।

इसने फिल्मों में एक यंग लड़की के तौर पर मेरे कान्फिडेंस को बुरी तरीके से तोड़ दिया। मैं समझ नहीं पा रही थी कि एक सीनियर कास्टिंग डायरेक्टर को एक यंग लड़की को इस स्थिति से क्यों गुजारना है। वो आगे लिखती हैं- उचित तो यह होता कि एक्टर को आडिशन देने के लिए एक अच्छा कास्टिंग आफिस प्लेस दिया जाए।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD (होम्यापैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

## नवम्बर में आएगा राजामौली का बड़ा सरप्राइज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने फिल्मकार एस एस राजामौली ने बताया है कि उनकी फिल्म का खुलासा नवम्बर 2025 में होगा।

एस एस राजामौली वाकई भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े निर्देशकों में से एक हैं। अपने शानदार विज़न के साथ उन्होंने बाहुबली फ्रैंचाइज़ और आरआरआर जैसी अब तक की सबसे बड़ी और लाजवाब ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने से लेकर पैन-इंडिया फिल्मों का ट्रेंड तय करने तक, वे भारतीय सिनेमा की दिशा बदलने वाले शख्स हैं। जहां दर्शक हमेशा यह जानने को उत्सुक रहते हैं कि उनकी की अगली फिल्म क्या होगी, वही अब उन्होंने सुपरस्टार महेश बाबू के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर एक हिट दे दिया है। उन्होंने मेगा अनाउंसमेंट करते हुए बताया कि इस फिल्म से जुड़ा बड़ा खुलासा नवम्बर 2025 में होगा। हाल ही में एस एस राजामौली ने सुपरस्टार महेश बाबू के साथ अपनी चर्चित आने वाली फिल्म को लेकर एक मेगा अनाउंसमेंट कर सबको चौंका दिया।

इस फिल्म के भव्य पैमाने ग्लोबट्रॉटर का जिक्र करते हुए उन्होंने नवम्बर 2025 में एक ऐसा खुलासा करने की बात कही। उन्होंने सस अपने सोशल मीडिया पर एक असरदार तस्वीर शेयर की, जिसमें एक व्यक्ति के सीने पर एक लटकता हुआ लॉकेट नजर आ रहा था। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा द फर्स्ट रिवील इन नवम्बर 2025 ग्लोब ट्रॉटर इसके अलावा, उन्होंने एक नोट भी शेयर किया, जिसमें लिखा था, प्रिय भारत और दुनिया भर के सिनेमा प्रेमियों, साथ ही महेश के फैंस, काफी समय हो गया है जब से हमने शूटिंग शुरू की है और हम आपके इस फिल्म को लेकर उत्साह की सराहना करते हैं, लेकिन इस फिल्म की कहानी और दायरा इतना बड़ा है कि मुझे लगता है, सिर्फ तस्वीरें या प्रेस कॉन्फ्रेंस इसके साथ न्याय नहीं कर सकते। हम इस समय कुछ ऐसा तैयार कर रहे हैं, जो हम जिस दुनिया को बना रहे हैं, उसकी असलियत, गहराई और अनुभव को दर्शा सके। इसे हम नवम्बर 2025 में पेश करेंगे और हम इसे एक ऐसा खुलासा बनाने की कोशिश में हैं, जो पहले कभी नही देखा गया हो। आप सभी के धैर्य के लिए धन्यवाद। कैप्शन में आगे लिखा है, मेरे सभी ग्लोब ट्रॉटर के चाहने वालों के लिए। इस ऐलान ने एक बार फिर एसएस राजामौली के नवम्बर 2025 में होने वाले बड़े खुलासे को लेकर लोगों की उत्सुकता बढ़ा दी है। जहां उनके सुपरस्टार महेश बाबू के साथ अगले प्रोजेक्ट को लेकर पहले से ही काफी बातें हो रही हैं, वहीं यह ऐलान न सिर्फ इन चर्चाओं को और बढ़ाएगा बल्कि उत्साह को भी अपने ऊंचे स्तर पर पहुंचा देगा। अब देखना है कि पर्दा किस रूप में उठता है।

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108